kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-61 ❒ बुधवार, 01 अप्रैल 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



भारत की हजारों वर्षों पुरानी ज्ञान परंपरा को आधुनिक तकनीक के जरिए सुरक्षित किया जा रहा है। सरकार ने ज्ञान भारतम मिशन शुरू किया है, जिसके तहत प्राचीन पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण, उच्च गुणवत्ता स्कैनिंग और वैज्ञानिक तरीकों से संरक्षण किया जा रहा है। **नरेन्द्र मोदी**

सर्गेई लावरोव 14-15 मई को भारत के दौरे पर रहेंगे 11

धूमधाम से मनाई भगवान महावीर जयंती, निकली भव्य शोभायात्रा 12

## संक्षेप

### कल्याण मंडपों का किराया आज से 40% बढ़ेगा

**लखनऊ।** नगर निगम के कल्याण मंडप और सामुदायिक केंद्र अब आम लोगों की जेब पर भारी पड़ेंगे। एक अप्रैल से इनका किराया करीब 40 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा। साथ ही, पारदर्शिता बढ़ाने के लिए इनकी ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था भी लागू होगी। नगर निगम के अधिकारियों के मुताबिक, बीते महीने सदन में किराया बढ़ाने का प्रस्ताव पास किया गया था, जिसे 1 अप्रैल से लागू करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत राजधानी के 13 प्रमुख कल्याण मंडपों और सामुदायिक केंद्रों की दरों में एकमुश्त वृद्धि की गई है। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत अब लोग घर बैठे ही ऑनलाइन बुकिंग कर सकेंगे। इससे न सिर्फ समय की बचत होगी, बल्कि बुकिंग प्रक्रिया में होने वाली अनियमितताओं और कर्मचारियों के कथित नेक्सस पर भी रोक लगेगी। पहले लोगों को बुकिंग के लिए कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे।

### उप्र पुलिस विभाग में 119 निरीक्षक बने डीएसपी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में मंगलवार को बड़े स्तर पर पुलिस कर्मियों की पदोन्नति हुई है। इनमें कुछ ऐसे पुलिसकर्मी है, जो अगले माह में रिटायरमेंट होने वाले हैं। चार इंस्पेक्टर आज सेवानिवृत्त हो गए हैं। पुलिस मुख्यालय से मंगलवार शाम को जारी सूची के मुताबिक, इस संबंध में 24 मार्च को डीपीसी हुई थी, जिसके बाद 119 निरीक्षकों को इनके डिप्टी एसपी बनने का आदेश जारी कर दिया गया। इनमें कुछ पुलिस कर्मी ऐसे है जो आज सेवानिवृत्त हुए और कुछ होने वाले हैं।

### योगी की मां पर टिप्पणी करने वाला मौलाना बिहार में धरा गया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माँ पर टिप्पणी करने वाले विवादित मौलाना अब्दुल्ला सलीम को उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने पूर्णिया जिले के अमौर थाना क्षेत्र के दलमालपुर गांव में छापेमारी कर हिरासत में लिया है। एसटीएफ उसे लेकर यूपी आ रही है। इस बाबत एसटीएफ के अधिकारियों का कहना है कि उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार नहीं किया गया है, बल्कि एक मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। मौलाना अब्दुल्ला सलीम मूल रूप से बिहार के अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत महलगांव का निवासी है। उस पर आरोप है कि उसने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके परिवार के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं। इन बयानों के बाद उत्तर प्रदेश के कई जिलों में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए थे और अलग-अलग थानों में उसके खिलाफ मुकदमे दर्ज कराए गए थे। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ बलरामपुर, बहराइच समेत कई जिलों में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज हैं। इनमें धार्मिक भावनाएं आहत करने, समाज में वैमनस्य फैलाने और भ्रामक जानकारी प्रसारित करने जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं।

# होर्मुज पर ट्रंप का टाटा!

## ट्रंप होर्मुज जलडमरूमध्य खोले बिना ईरान के खिलाफ युद्ध समाप्त करने को तैयार

❒ ईरान से बातचीत जारी और सकारात्मक दिशा में : व्हाइट हाउस

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सहयोगियों से कहा है कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य खोले बिना ईरान के खिलाफ युद्ध समाप्त करने को तैयार हैं।

'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' अखबार ने अमेरिकी प्रशासन के अधिकारियों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट के अनुसार श्री ट्रंप और उनके सहयोगियों ने हाल के दिनों में आकलन किया कि इस अहम जलमार्ग को खोलने का कोई भी अभियान संघर्ष को उनकी तय समय-सीमा (चार से छह सप्ताह) से आगे बढ़ा देगा। उन्होंने फैसला किया कि अमेरिका को अपने मुख्य लक्ष्य हासिल करने चाहिए और मौजूदा शत्रुता को खत्म करना चाहिए, जबकि साथ ही तेहरान पर कूटनीतिक दबाव बनाना चाहिए ताकि व्यापार का मुक्त प्रवाह फिर से शुरू हो सके।

अधिकारियों ने अखबार को बताया कि अगर यह तरीका नाकाम रहता है, तो अमेरिका यूरोप और खाड़ी देशों में अपने सहयोगियों पर दबाव डालेगा कि वे जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की पहल करें। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इज़रायल ने ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए, जिनमें तेहरान भी शामिल था; इन हमलों से काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान ने इसके जवाब में इज़रायली क्षेत्र और पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए।

ईरान के आसपास बढ़े इस तनाव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य की प्रभावी रूप से नाकेबंदी हो गई है। यह मार्ग फारस की खाड़ी के देशों से वैश्विक बाज़ार तक तेल और लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) की आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग है। इस नाकेबंदी ने इस क्षेत्र में तेल के निर्यात और उत्पादन के स्तर को भी प्रभावित किया है। इसके परिणामस्वरूप, दुनिया भर के अधिकांश देशों में ईंधन की कीमतें बढ़ रही हैं।

उधर व्हाइट हाउस ने कहा है कि ईरान के साथ बातचीत जारी है और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है, हालांकि तेहरान की ओर से इसके विपरीत बयान दिए जा रहे हैं।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में उसकी मिसाइल, ड्रोन और नौसैनिक उत्पादन क्षमता का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा, ''यह आश्चर्य की बात नहीं है कि शासन के शेष तत्व अब विनाश को रोकने और समय रहते वार्ता की मेज पर आने के लिए अधिक उत्सुक हो रहे हैं। सुश्री लीविट ने दावा किया, ''सार्वजनिक रूप से जो बयान दिए जा रहे हैं और भ्रामक रिपोर्टिंग के बावजूद बातचीत जारी है और अच्छी तरह आगे बढ़ रही है।'' उन्होंने कहा कि सार्वजनिक तौर पर जो कहा जा रहा है, वह निजी तौर पर व्यक्त किए गए रुख से अलग है। अमेरिका इन वार्ताओं को प्रत्यक्ष बातचीत के रूप में प्रस्तुत कर रहा है, लेकिन मध्यस्थता से जुड़े दो अरब अधिकारियों के अनुसार संपर्क मुख्य रूप से तीसरे देशों के माध्यम से संदेशों के आदान-प्रदान तक सीमित है। उल्लेखनीय है कि ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोमवार को कहा कि ईरान ने अब तक अमेरिका के साथ कोई प्रत्यक्ष वार्ता नहीं की, हालांकि मध्यस्थों के माध्यम से अमेरिकी संदेश उसे प्राप्त हुए हैं। ● शेष पेज 11 पर

### जिनके पास तेल की कमी है, वे होर्मुज जाकर खुद ले लें : ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि जो देश जेट ईंधन की कमी से जूझ रहे हैं उन्हें थोड़ी बहादुरी दिखाकर होर्मुज जलडमरुमध्य जाकर ईंधन ले लेना चाहिए। श्री ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर जारी एक संदेश में कहा कि ऐसे देशों को अव्वल तो अमेरिका से कच्चा तेल खरीदना चाहिए, क्योंकि उसके पास यह पर्याप्त मात्रा में है। इसके साथ ही इन देशों को थोड़ी बहादुरी दिखाकर होर्मुज़ का रुख करना चाहिए क्योंकि अमेरिका अब इनकी मदद नहीं करेगा। श्री ट्रंप ने लिखा, ''ब्रिटेन जैसे देश जिन्होंने ईरान को हराने में शामिल होने से मना कर दिया और जो देश होर्मुज जलडमरुमध्य बंद होने के कारण जेट ईंधन हासिल नहीं कर पा रहे, उनके लिए मेरे पास एक सुझाव है। पहला, अमेरिका से खरीदें। हमारे पास खूब सारा कच्चा तेल है। दूसरा, थोड़ी हिम्मत दिखाएं और जलडमरुमध्य जाकर तेल ले लें। उन्होंने कहा, ''आपको अपने लिए लड़ना सीखना होगा। अब अमेरिका आपकी मदद नहीं करेगा, जैसे आपने हमारी मदद नहीं की। ईरान को तो हराया जा चुका है। मुश्किल काम हो चुका है। जाइए अपना तेल ले लीजिए।

### दुबई के पास कुवैती तेल टैंकर पर ईरानी ड्रोन हमला

दुबई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में दुबई के समुद्री क्षेत्र में लंगर डाले एक कुवैती तेल टैंकर पर मंगलवार को ईरानी ड्रोन से हमला किया गया। इससे जहाज पर भीषण आग लग गई लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ न ही तेल रिसाव की कोई रिपोर्ट है। ब्रिटिश सैन्य निगरानी एजेंसी 'यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस' के अनुसार, 'अल-सलमी' नामक इस टैंकर को दुबई से लगभग 31 समुद्री मील उत्तर-पश्चिम में निशाना बनाया गया। दुबई की आपातकालीन टीमों ने मुस्तैदी दिखाते हुए टैंकर पर लगी आग को बुझा दिया और चालक दल के सभी 24 सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। कुवैत पेट्रोलियम ● शेष पेज 11 पर

# नालंदा के शीतला अष्टमी मेले में भगदड़, आठ की मौत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने की मुआवजे की घोषणा

पटना। बिहार के नालंदा जिले में मघड़ा गांव स्थित माता शीतलाष्टमी मंदिर में मंगलवार को भारी भीड़ के बीच अचानक भगदड़ मच गई, जिसमें 8 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 6 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। हालांकि प्रशासन ने आधिकारिक तौर पर मृतकों की संख्या की पुष्टि नहीं की है।

घटना के बाद मंदिर परिसर और अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घायलों को तत्काल इलाज के लिए मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में सभी महिलाएं बताई जा रही हैं। अब तक दो मृतकों की पहचान सकुन्त बिहार निवासी दिनेश रजक की 50 वर्षीय पत्नी रीता देवी और मथुरापुर (नूरसराय) निवासी कमलेश प्रसाद की 45 वर्षीय पत्नी रेखा देवी के रूप में हुई है।

इस बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शीतला देवी मंदिर में हुए भगदड़ में श्रद्धालुओं की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने हादसे में घायल हुए लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के आश्रितों को 6 - 6 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भीड़ के अचानक बढ़ने और अव्यवस्था के कारण भगदड़ मच गई, जिससे लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे और स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आज चैत्र महीने का आखिरी दिन होने की वजह से मेला लगा था और श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी थी। जल्दी-जल्दी दर्शन कर लिया जाए, इसके लिए लोग एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश में थे। मंदिर का गर्भ गृह भी काफी छोटा है और अंदर जाने के लिए सिर्फ एक रास्ता है। ऐसे में भीड़ काफी ज्यादा जुटने की वजह से एकाएक भगदड़ मच गई ● शेष पेज 11 पर

# आपराधिक छवि वाले को टिकट नहीं देगी बसपा : मायावती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि चुनाव में किसी भी आपराधिक छवि वाले को पार्टी टिकट नही देगी। साथ ही उम्मीदवारों के चयन में सर्वसमाज को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

रविवार को लखनऊ में बहुजन समाज पार्टी की अहम बैठक में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने संगठन को मजबूत करने और चुनावी तैयारियों को तेज करने पर जोर दिया। बैठक में मायावती ने पार्टी के पिछले दिशा-निर्देशों की समीक्षा करते हुए कहा कि देश और जनहित के प्रति सरकारों की उदासीनता से जनता त्रस्त है और अब वह उम्मीद भरी नजरों से बसपा की ओर देख रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा, मेहनत और लगन के साथ काम करना होगा, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि खासकर उत्तर प्रदेश जैसे बड़े और गरीब राज्य में रोजगार, महंगाई और आजीविका की समस्याएं लगातार गंभीर होती जा रही हैं। सरकारें इन मुद्दों पर ठोस समाधान देने के बजाय केवल वादों और जुमलेबाजी तक सीमित हैं, जिससे आमजन का जीवन और कठिन हो गया है। मायावती ने अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का जिक्र करते हुए कहा कि वैश्विक तनाव, विशेषकर अमेरिका-इजराइल और ईरान के ● शेष पेज 11 पर

## ट्रेन दुर्घटनों को रोकने के लिए 213 इंजन कवच सिस्टम से लैस होंगे



लखनऊ। ट्रेन हादसों को रोकने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के 213 इंजन 'कवच' (स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली) सिस्टम से लैस होंगे। रेलवे ने उपकरण आवंटित कर दिया है, जिनकी फिटिंग 01 अप्रैल से शुरू होगी। इसके तहत गोण्डा लोको शेड को 95, गोरखपुर को 60 और सैदपुर को 58 कवच उपकरण दिए गए हैं। बाराबंकी से छपरा (438 किमी) के बीच टावर लगाने का काम जारी है। गोरखपुर से बस्ती के बीच 20 टावर लग चुके हैं। संभावना है कि अगले छह महीनों में किसी एक सेक्शन पर ट्रायल शुरू हो जाएगा। सबसे पहले सीतापुर-बुद्रवल रूट पर यह प्रणाली विकसित होगी। जीपीएस और रेडियो फ्रीक्वेंसी आधारित यह स्वदेशी तकनीक एक ही ट्रैक पर ट्रेनों की टक्कर रोकेगी। यदि लोको पायलट से कोई चूक होती है या ट्रेन रेड सिग्नल पार करती है, तो कवच स्वचालित ब्रेक लगा देगा। साथ ही, 05 किमी के दायरे में अन्य ट्रेनों का संचालन भी रुक जाएगा।

# आईएएस रिंकू सिंह राही का इस्तीफा

## 'काम नहीं, सिर्फ वेतन', सिस्टम पर उठाए गंभीर सवाल

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। उत्तर प्रदेश कैडर के 2022 बैच के आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से उन्हें कोई जिम्मेदारीपूर्ण पोस्टिंग नहीं दी जा रही थी और न ही कोई सार्थक काम सौंपा जा रहा था।

अपने इस्तीफ़े में राही ने कहा कि वे उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद से संबद्ध थे, लेकिन वहां उन्हें केवल वेतन मिल रहा था, जनसेवा का कोई अवसर नहीं। उन्होंने इसे अपना ह्लनैतिक निर्णयङ्क बताते हुए कहा कि बिना काम के पद पर बने रहना उनके सिद्धांतों के खिलाफ है।

राही ने अपने पत्र में दावा किया कि प्रशासनिक व्यवस्था के भीतर एक समानांतर तंत्र काम कर रहा है, जिसमें ईमानदार अधिकारियों को प्रभावी भूमिका नहीं दी जाती। उनका कहना है कि वे पूरी ईमानदारी से काम करना चाहते थे, लेकिन उन्हें अवसर नहीं दिया गया। रिंकू सिंह राही की कहानी लंबे संघर्ष से जुड़ी रही है। वर्ष 2009 में उन्होंने एक बड़े घोटाले का खुलासा किया था, जिसके बाद उन पर जानलेवा हमला हुआ और उन्हें सात गोलियां लगीं। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। बाद में दिव्यांग कोटे से संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास कर 2022 बैच में आईएएस बने।

उनकी पहली नियुक्ति शाहजहांपुर की पौवायन तहसील में एसडीएम के रूप में हुई थी। कार्यभार संभालते ही उन्होंने सफाई व्यवस्था में कमी पर एक क्लर्क को उठक-बैठक कराई। इस पर वकीलों ने विरोध किया तो उन्होंने खुद भी कान पकड़कर उठक-बैठक की। इसका वीडियो वायरल हुआ और महज 36 घंटे के भीतर उन्हें पद से हटा दिया गया। इसके बाद उन्हें लखनऊ स्थित राजस्व परिषद से जोड़ दिया गया, जहां से उन्हें कोई सक्रिय जिम्मेदारी नहीं मिली। राही का कहना है कि शाहजहांपुर में वकीलों के विरोध के बाद ही उनकी ह्लसाइडलाइनिंगङ्क शुरू हुई। उनका इस्तीफा प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और ईमानदार अधिकारियों की भूमिका को लेकर नए सवाल खड़े कर रहा है। जहां एक ओर कई लोग उनकी ईमानदारी और साहस की सराहना कर रहे हैं, वहीं कुछ इसे सिस्टम की विफलता के रूप में देख रहे हैं।

गौरतलब है कि हाल ही में बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट (एडीएम) अलंकार अग्निहोत्री ने भी इस्तीफा देकर प्रशासनिक तंत्र को झटका दिया था। उन्होंने सरकारी नीतियों को संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ बताते हुए अपना पद छोड़ा था।

# 33 नक्सलियों का आत्मसमर्पण



एजेंसी

❒ 105 हथियार के साथ सात किलो सोना, तीन करोड़ कैश बरामद

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के बस्तर रेंज के चार जिलों में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान कुल 33 कैडर (नक्सलियों) को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने इन अभियानों में भारी मात्रा में हथियार, नकदी और सोना भी बरामद किया है।

बीजापुर जिले में 25 कैडर को पकड़ा गया। यहां से कुल 93 हथियार बरामद हुए, जिनमें चार एके-47 और नौ एसएलआर राइफलें शामिल हैं। बीजापुर में कुल 14.06 करोड़ रुपये की डंप रिकवरी भी हुई है। इसमें 2.90 करोड़ रुपये नकद और 7.2 किलोग्राम सोना शामिल है। बरामद सोने की कीमत 11.16 करोड़ रुपये आंकी गई है। दंतेवाड़ा जिले में पांच कैडर को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से आठ एसएलआर सहित अन्य कई हथियार मिले हैं। सुकमा जिले में दो कैडर पकड़े गए। यहां से एक एलएमजी, दो एके-47 और 10 लाख रुपये नकद बरामद हुए। नारायणपुर जिले में एक कैडर को एक एलएमजी के साथ ● शेष पेज 11 पर

## कालाबाजारी और अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए 12 मार्च से अब तक 17,581 छापेमारी और निरीक्षण किए गए

# 17 हजार से अधिक छापे, 224 लोगों के खिलाफ मुकदमा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

**सख्ती**

❒ एलपीजी वितरकों के खिलाफ अब तक 33 एफआईआर दर्ज, अन्य मामलों में 189 एफआईआर दर्ज कर 17 लोगों की गिरफ्तारी

❒ इसके अतिरिक्त, अब तक प्रदेश भर में 224 लोगों के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई भी की गई

❒ वर्तमान में प्रदेश में करीब 91 हजार किलोलीटर पेट्रोल और 1.15 लाख किलोलीटर डीजल का स्टॉक उपलब्ध



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से जमाखोरों को दी गयी चेतावनी और अफवाहबाजों पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये जाने के साथ-साथ अधिकारियों के फील्ड में उतरने से एलपीजी, पेट्रोल और डीजल के कृत्रिम संकट भी खत्म हो गया है। अब पेट्रोल पंपों में सामान्य दिनों जैसे ग्राहकों का आना जाना है। इस बीच प्रदेश में अब तक 17 हजार स्थानों पर छापेमारी की गयी है और 224 लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा चुका है।

खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के मद्देजनर एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति की नियमित आपूर्ति में बाधाएं आने की संभावना नजर आ रही थी, लेकिन सरकार के गंभीर प्रयासों से इन आवश्यक चीजों की पर्याप्त उपलब्धता बनी है। इन सबके बीच जमाखोरों और बिचौलियों ने आपदा में कमाई का अवसर तलाश लिया। कृत्रिम संकट की अफवाहों का बाजार गर्म कर दिया और कुछ राजनीतिक दलों ने भी ऐसे अफवाहबाजों का साथ देना शुरु कर दिया। ऐसे में प्रदेश के कई हिस्सों में पेट्रोल पंपों में लंबी-लंबी लाइनें लग गयीं और एलपीजी को लेकर भी कथित रूप से संकट बनने लगा। ऐसे में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी पर यूपी सरकार ने सख्त निगरानी शुरु कर दी है। अब तक 17 हजार से अधिक छापे पड़ चुके हैं। इस दौरान एलपीजी वितरकों के खिलाफ 33 एफआईआर दर्ज की गईं, जबकि अन्य मामलों में 189 एफआईआर दर्ज कर 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा 224 लोगों के खिलाफ मुकदमे की कार्रवाई भी की गई है।

मुख्य सचिव स्तर से जारी निर्देशों के बाद सभी जिलों में प्रशासन सक्रिय है और जिला पूर्ति अधिकारी और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण कर रहे हैं, ताकि उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर और ईंधन मिल सके। राज्य में 12,888 पेट्रोल पंप संचालित हैं। 27 से 29 मार्च के बीच हजारों किलोलीटर ईंधन की बिक्री दर्ज की गई है। वर्तमान में प्रदेश में करीब 91 हजार किलोलीटर पेट्रोल और 1.15 लाख किलोलीटर डीजल का स्टॉक उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि 01 किलो लीटर का अर्थ 1000 लीटर से है। ऐसे में सरकार ने लोगों से अपील की है कि घबराहट में ईंधन का भंडारण न करें।

इसी प्रकार प्रदेश के 4,107 गैस वितरकों के माध्यम से उपभोक्ताओं को बुकिंग के अनुसार सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इसी के साथ सरकार ने सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क के विस्तार पर भी जोर दिया है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में लंबित अनुमतियों को जल्द निपटाने और अधिक से अधिक पीएनजी कनेक्शन जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, केंद्र सरकार ने 23 मार्च से वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों के 20 प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन की अनुमति भी दी है। आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी के लिए खाद्यायुक्त कार्यालय में 24 घंटे कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसके अलावा सभी जिलों में भी कंट्रोल रूम सक्रिय हैं, जहां से लगातार स्थिति पर नजर रखी जा रही है। सरकार का कहना है कि प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी भी तरह की कालाबाजारी या जमाखोरी पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# उप्र में 'स्कूल से स्किल' को बढ़ावा, अटल आवासीय विद्यालयों में शुरू होगा 'प्रोजेक्ट प्रवीण'

❒ योगी सरकार की पहल से 18 विद्यालयों के 3447 विद्यार्थियों को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा और कौशल विकास को एकीकृत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा अब प्रदेश के 18 अटल आवासीय विद्यालयों में 'प्रोजेक्ट प्रवीण' लागू किया जाएगा, जिसके तहत 3447 विद्यार्थियों को आधुनिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

यह कदम प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में आगे बढ़ाई जा रही है। प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत विद्यार्थियों को आईटी, आईटीईएस, हेल्थकेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे आधुनिक क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। अब तक यह कार्यक्रम केवल सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में संचालित था, लेकिन अटल आवासीय विद्यालयों को जोड़ने से इसका दायरा और प्रभाव दोनों बढ़ेंगे।मिशन निदेशक पुलकित खरे की पहल पर कराए गए सर्वे के आधार पर विद्यालयों को चयनित किया गया है। सर्वे के अनुसार आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बस्ती, बांदा, गोंडा, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ, बुलंदशहर, मिर्ज़ापुर, प्रयागराज, गोरखपुर, मुजफ्फरनगर, वाराणसी, बरेली और मुरादाबाद स्थित 18 अटल आवासीय विद्यालयों के कुल 3447 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण के लिए पात्र पाया गया है। विद्यार्थियों की विशेष रुचि आईटी, हेल्थकेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स और एपरेल सेक्टर में देखी गई है।अटल आवासीय विद्यालय प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत संचालित हो रहे हैं, जिनका उद्देश्य श्रमिकों, प्रवासी कामगारों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभावान बच्चों को निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान करना है। कक्षा 06 से 12 तक संचालित इन विद्यालयों में अब आधुनिक कौशल प्रशिक्षण भी जोड़ा जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बल मिलेगा।मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि 'प्रोजेक्ट प्रवीण' एक 210 घंटे का निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें आईटी, ब्यूटी, हेल्थकेयर और इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स और इंडस्ट्रियल विजिट भी शामिल हैं। अब इसमें एआई फार ऑल मॉड्यूल को भी जोड़ा गया है, जिससे विद्यार्थी तकनीकी रूप से सशक्त बन सकें। उन्होंने कहा कि अटल आवासीय विद्यालयों को इस परियोजना से जोड़ने से वंचित एवं दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों को भविष्य के लिए तैयार करने में मदद मिलेगी और ẖस्कूल से स्किलẖ मॉडल को मजबूती मिलेगी। इससे विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा और रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

# नकली नोट छापने वाले गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार, एक लाख अट्ठारह हजार तीन सौ रुपये मूल्य के नकली नोट बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता।

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित सराय इनायत थाना एवं सर्विलांस की टीम ने नकली नोट छापने वाले गिरोह के चार सदस्यों को सहसों चौराहे के पास से मंगलवार को गिरफ्तार किया,जबकि गिरोह का सरगना फरार हो गया । पुलिस टीम ने गिरोह के कब्जे से नकली नोट एवं छापने के उपकरण बरामद किए।

यह जानकारी पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने दी।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में देवरिया जिले के रूद्रपुर थाना क्षेत्र के महाराजगंज निवासी धर्मेन्द्र कुमार पुत्र राजाराम प्रसाद, देवरिया के गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बैतालपुर गांव निवासी नरेन्द्र यादव उर्फ विराट पुत्र रामजी यादव, नकली नोट छापने का कार्य करते थे और भदोही जिले के सुरियावां थाना क्षेत्र के गोकुल पट्टी गांव निवासी विवेक कुमार यादव पुत्र राकेश यादव एवं भदोही जिले के दुर्गागंज थाना क्षेत्र के सरायकंसराय गांव निवासी राहुल यादव पुत्र राजकुमार यादव शामिल है। हालांकि गिरोह का सरगना देवरिया जिले के गौरी बाजार थाना क्षेत्र के गौरी खुर्द गांव निवासी विवेक यादव पुत्र अवध बिहारी भाग निकला। उसकी तलाश जारी है। पूछताछ के दौरान जानकारी मिली है कि विवेक यादव जिला पंचायत सदस्य का चुनाव भी लड़ चुका है। इस गिरोह में सक्रिय सभी सदस्यों को जेल भेजा जाएगा। पुलिस टीम ने गिरोह के कब्जे से 118300 के जाली नोट, जिसमें पांच सौ के दो सौ नोट, सौ रूपये के 183 नोट बरामद किया है। इसके अतिरिक्त एक कार, एक मोटरसाइकिल, एक लैपटॉप,दो प्रिंटर, 5 मोबाइल फोन, चार लैपटॉप चार्जर, माउस सहित अन्य उपकरण बरामद किया गया है। गिरोह का सरगना विवेक यादव इससे पूर्व



भी भदोही से नकली नोट मामले में जेल जा चुका है। धर्मेन्द्र कुमार भी देवरिया जिले के रामपुर करखाना थाना क्षेत्र से नकली नोट मामले में वर्ष 2019 में जेल जा चुका है। उन्होंने बताया कि सराय इनायत थानाध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि नकली नोट के कारोबार करने वाले प्रयागराज में सक्रिय हैं।

इस सूचना पर सर्विलांस की टीम का सहयोग लेकर जांच शुरू कर दी गई और गिरोह को पकड़ने के लिए गठित की गई टीम ने देवरिया जिले की पुलिस टीम का सहयोग लेकर वहां दबिश दी तो गिरोह का सरगना मौके से भागने में कामयाब हो गया। हालांकि पुलिस टीम ने गिरोह में सक्रिय चार सदस्यों को सोमवार देर रात गिरफ्तार किया। इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## प्रयागराज में वृहद रोजगार मेला, 1415 अभ्यर्थियों को मिली नौकरी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज द्वारा 30 मार्च 2026 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) नैनी परिसर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों ने साक्षात्कार के माध्यम से 1415 अभ्यर्थियों का चयन किया, जबकि कुल 2513 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उमेश चंद्र गणेश केसरवानी (महापौर, प्रयागराज) ने अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें भविष्य के लिए प्रेरित किया।इस दौरान राजीव कुमार यादव (सहायक निदेशक, सेवायोजन) ने अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में जिला सेवायोजन अधिकारी चन्द्रकान्त सिंह समेत अन्य अधिकारी–प्रशान्त, प्रवीण कुमार यादव, सरफराज उल्ला, मारूफ अहमद, मोहनीष कुमार, अमृतलाल गुप्ता व संजीव कुमार आर्या उपस्थित रहे।

## मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न, कौशांबी में बढ़ती दुर्घटनाओं पर चिंता

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अपर आयुक्त रत्नप्रिया की अध्यक्षता में गांधी सभागार में मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बताया गया कि मंडल के अधिकांश जिलों में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है, लेकिन कौशांबी में दुर्घटनाएं बढ़ने पर चिंता जताई गई। अपर आयुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि रोड इंजीनियरिंग में सुधार किया जाए प्रवर्तन (Enforcement) कार्रवाई तेज की जाए। तहसील स्तर पर ग्रामीण सड़क सुरक्षा समितियों को सक्रिय किया जाए। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और पीडब्ल्यूडी को हाईवे पर अनावश्यक कट बंद करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी कहा कि हाईवे किनारे झाड़ियां साफ की जाएं स्पीड ब्रेकर व साइनेज लगाए जाएं, शहरी क्षेत्रों में नगर निगम और ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर लाइट की व्यवस्था की जाए ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर सख्ती के निर्देश देते हुए हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाना, मोबाइल का उपयोग और नशे में ड्राइविंग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में परिवहन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग व गढ्ढ्क्रसहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## नकली नोट गैंग का भंडाफोड़, 4 आरोपी गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद में नकली नोटों के बड़े गिरोह का खुलासा करते हुए सराय इनायत पुलिस और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने संयुक्त कार्रवाई में 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1,18,300 के जाली नोट बरामद किए, जिनमें 500 के 200 और 100 के 183 नकली नोट शामिल हैं। गिरफ्तारी हबूसा मोड़ के पास से की गई। बताया जा रहा है कि आरोपी क्षेत्र में नकली नोट खपाने की तैयारी में थे, लेकिन पुलिस ने समय रहते दबोच लिया। फिलहाल पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों और नेटवर्क की जांच में जुटी है।

## सड़क सुरक्षा बैठक में कौशांबी पर फोकस, सख्ती के निर्देश

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अपर आयुक्त रत्नप्रिया की अध्यक्षता में मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मंडल के अधिकांश जिलों में दुर्घटनाओं में कमी, लेकिन कौशांबी में बढ़ोतरी पर चिंता जताई गई। अपर आयुक्त ने रोड इंजीनियरिंग सुधार, प्रवर्तन कार्रवाई तेज करने और ग्रामीण सड़क सुरक्षा समितियों को सक्रिय करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण व पीडब्ल्यूडी को हाईवे पर अनावश्यक कट बंद करने को कहा गया। साथ ही हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग, गलत दिशा और नशे में ड्राइविंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## रेलवे अंडरपास निर्माण के विरोा में ग्रामीणों ने विाायक को सौंपा ज्ञापन

**कूरेभार, सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ग्राम सभा दखिनवारा पोस्ट कूरेभार, जनपद सुलतानपुर के ग्रामीणों ने रेलवे क्रॅसिंग संख्या 23 सी/ई–2 पर प्रस्तावित अंडरपास निर्माण के विरोा में संयुक्त स्र्प से माननीय विाायक एवं पूर्व मंत्री श्री विनोद सिंह को प्रार्थना पत्र सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि प्रस्तावित अंडरपास निर्माण से गांव में जलभराव की समस्या बढ़ सकती है, जिससे दैनिक आवागमन प्रभावित होगा। साथ ही कई घरों के मुख्य मार्ग अवरुद्ध होने की भी आशंका जताई गई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि अंडरपास का निर्माण वर्तमान स्थान पर किया जाता है, तो गांव के लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस अवसर पर रवि सिंह, कुलदीप सिंह और संदीप तिवारी के नेतृत्व में समस्त ग्रामवासियों ने एकजुट होकर अपनी मांगों को विाायक के समक्ष रखा। उन्होंने जनहित को यान में रखते हुए इस प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने की मांग की। विाायक विनोद सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और तत्काल संज्ञान लेते हुए आश्वासन दिया कि वे इस विषय में माननीय रेल मंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराएंगे तथा जनहित में उचित कार्यवाही सुनिश्चित कराने का प्रयास करेंगे। इसी क्रम में विाायक द्वारा अपने लेटरहेड पर संबाित विभाग को पत्र भी प्रेषित किया गया। ग्रामीणों ने विाायक के इस कदम का आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि जल्द ही इस समस्या का समाान जनहित में किया जाएगा।

## गंगा में मिला लापता इंजीनियर का शव, परिजनों ने की शिनाख्त

**मीरजापुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के लापता इंजीनियर का शव उत्तर प्रदेश के मीरजापुर में देहात कोतवाली क्षेत्र के पिपराडाड़ गांव के पास गंगा में उतराता हुआ मिला। इस खबर के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार को जमुनहिया स्थित पिपराडाड़ गांव के पास गंगा किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में प्रयागराज के फूलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सुल्तानपुर लोढ़ी डीह गांव निवासी अशोक तिवारी ने मोर्चरी पहुंचकर शव की पहचान अपने 34 वर्षीय पुत्र जयप्रकाश तिवारी के रूप में की। परिजन के अनुसार जयप्रकाश गाजियाबाद की एक निजी कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। वह 26 मार्च को वाराणसी में पत्नी को छोड़कर मां विंध्यवासिनी के दर्शन के लिए मीरजापुर के लिए निकले थे, जिसके बाद उनका कोई पता नहीं चला। 29 मार्च को वाराणसी के सिगरा थाने में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। बताया गया कि जयप्रकाश के पुत्र हरिओम की तबीयत काफी समय से गंभीर थी, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान थे। देहात कोतवाल अमित मिश्र ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## पत्रकार एसोसिएशन की वार्षिक बैठक एवं होली मिलन कार्यक्रम संपन्न

**सुल्तानपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** संगठन पत्रकार हितों के कार्य करने के लिए सतत प्रयत्नशील है। संगठन के सहयोग से पत्रकार उत्पीड़न के विरुद्ध संघर्ष करने में हमारा संगठन पीछे नह है। पत्रकारों को तथ्य परक खबरों का ही चयन करना चाहिए, बिना किसी भय, राग द्वेष के खबरों का प्रकाशन करना चाहिए। पत्रकारों की समस्याओं के विरुद्ध लिए हमारा संगठन हमेशा संघर्ष के लिए तत्पर है। उक्त बातें पत्रकार एसोसिएशन के अयक्ष डा0अवोश शुक्ला ने प्रेस क्लब में आयोजित वार्षिक बैठक में उपस्थित पत्रकारों को संबोाित करते हुए कही। बैठक को जिलायक्ष अमेठी रमन पांडे, तहसील बल्दीराय अयक्ष पीर मोहम्मद, इम्तियाज खान, नितिन विश्वास ने भी संबोाित किया। बैठक के बाद होली मिलन कार्यक्रम में सभी ने एक दूसरे को अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। गुझिया खाकर एक दूसरे के गले मिले। उक्त अवसर पर नवीन शर्मा, मोनू श्रीवास्तव, राम शंकर चौरसिया, खुर्शीद खान, रोहित गुप्ता, शिव कुमार दुबे, आशीष मिश्रा, मंगल प्रसाद, इंद्रजीत राही, अजय पांडे, अमिल सिद्दीकी, आशीष मौर्य, संतोष मिश्रा, घनश्याम मिश्रा, संतोष श्रीवास्तव, वैभव श्रीवास्तव, बृजेश शुक्ला, अरविंद शर्मा, प्रदीप सोनी, धर्मेंद्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म–हत्या मामले में आजीवन कारावास

❒ कोरांव थाने में दर्ज हुआ था मुकदमा, रोहिणी कुशवाहा को सजा

कैनविज टाइम्स संवाददात

कोरांव, प्रयागराज । प्रयागराज में दुष्कर्म और हत्या के एक मामले में अभियुक्त रोहिणी कुशवाहा पुत्र गेंदा लाल निवासी सेमरी बाघराय पूरा (भैंसोड़) को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने 31 मार्च 2026 को यह फैसला सुनाया।अभियुक्त रोहिणी कुशवाहा पर वादी की बहन के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने और शव को तालाब में छिपाने का आरोप था।

यह मुकदमा 3 जून 2021 को कोरांव थाने में मु0अ0सं0 192/2021 के तहत धारा 302/201/376 भादवि और 3/4




पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज किया गया था।पुलिस ने मामले की जांच के बाद 31 जुलाई 2021 को अभियुक्त के खिलाफ माननीय न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।प्रभावी पैरवी और समयबद्ध रूप से साक्षियों के बयान दर्ज कराने के परिणामस्वरूप, न्यायालय ने रोहिणी कुशवाहा को दोषी ठहराया। उन्हें धारा 302 भादवि के तहत आजीवन कारावास और 40 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। इसके अतिरिक्त, धारा 201 भादवि में 5 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा भी सुनाई गई है।

# एक करोड़ पैंतालीस लाख की स्मैक के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

❒ पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत के मुताबिक इस गिरोह का सरगना धूमनगंज थाना क्षेत्र के ताड़बाग सुलेम सराय निवासी दीपक कुमार गौतम है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश की नारकोटिक्स टास्क फोर्स की प्रयागराज फील्ड इकाई और धूमनगंज थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने मंगलवार को स्मैक के अवैध कारोबार करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को नेहरू पार्क खंडहर के अंदर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्करों के कब्जे से लगभग एक करोड़ 45 लाख की स्मैक एवं तमंचा व कारतूस बरामद किया है।

यह जानकारी पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र के ताड़बाग सुलेम सराय



निवासी दीपक कुमार गौतम पुत्र विश्वनाथ स्मैक तस्करी का सरगना है। जबकि इसके सहयोगी नई बाजार सुलेम सराय निवासी विवेक कुमार पुत्र वीरेंद्र कुमार भारतीया तथा प्रयागराज के नवाबगंज थाना क्षेत्र के आदमपुर गांव निवासी आशीष कुमार मौर्य पुत्र मनोज कुमार है।डीसीपी ने बताया कि 31 मार्च को मुखबिर की सूचना पर नेहरू पार्क खंडहर के अंदर थाना धूमनगंज क्षेत्र से तीन अभियुक्तों दीपक कुमार गौतम, आशीष कुमार मौर्या एवं विवेक कुमार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से 06 पैकेट स्मैक (कुल वजन 727 ग्राम), 04 मोबाइल फोन, 4940 रुपये नकद, एक अवैध तमंचा .315 बोर तथा 02 जिन्दा कारतूस बरामद किए। इस संबंध में थाना धूमनगंज में मु0अ0सं0 99/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।उल्लेखनीय है कि गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली संयुक्त पुलिस टीम को अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा 25,000 रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।

# पुलिस को बड़ी सफलता, चार आरोपी गिरफ्तार, नकदी व मोबाइल बरामद

❒ पीड़ित मोहम्मद फरमान से 6 मार्च को हुई थी लूट की घटना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चौक, लखनऊ। कोतवाली पुलिस ने चोरी की एक वारदात का सफल खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी हुआ नकदी मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। चौक थाना पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ लिया।

पीड़ित मोहम्मद फरमान ने 16 मार्च 2026 को थाना अमीनाबाद में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 6 मार्च को शाम करीब 5 बजे वह अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे थे। रास्ते में तीन अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोककर उनकी स्कूटी की डिग्गी से करीब 30



हजार रुपये लूट लिए और फरार हो गए। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और सर्विलांस व मुखबिर की मदद से आरोपियों तक पहुंच बनाई। पुलिस ने चार आरोपियों मोहम्मद शाद, जीशान, सलमान और शौएब को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी लखनऊ के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले हैं। आरोपियों के पास से कुल 10,39,070 रुपये नकद, चार अदद मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त दो वाहन (एक मोटरसाइकिल व एक स्कूटी) बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सैन्य अफसर बन युवाओं से धोखाधड़ी करने वाले आरोपित को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी । उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद और आसपास के जिलों में खुद को सेना में कमांडिंग अफसर बताते हुए युवाओं से धोखाधड़ी करने वाले आरोपित को स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की वाराणसी इकाई ने भेलूपुर के सुंदरपुर इलाके से दबोच लिया। आरोपित के पास से फर्जी सैन्य पहचान पत्र, आधार कार्ड,एटीएम , पैन कार्ड, बायोडाटा और जाली नियुक्ति पत्र बरामद हुए हैं।मिली जानकारी के अनुसार मूल रूप से जनपद चंदौली के अलीनगर कैली गांव का निवासी धर्मेन्द्र पाण्डेय पुत्र स्व0 बसावन पाण्डेय इन दिनों वाराणसी के भेलूपुर थाना क्षेत्र के विभूति इन्क्लेव अपार्टमेण्ट सुन्दरपुर में किराये पर फ्लैट लेकर रहता था। धर्मेन्द्र ने अपना कमांडिंग ऑफिसर आर्मी इन्टेलीजेन्स अल्फा-1 (कर्नल) का फर्जी परिचय पत्र बना लिया था, जिसे दिखाकर लोगों को बताता था कि वह आर्मी में ऑफिसर है, जिससे लोग उसके झांसे में आ जाते थे। वह आर्मी, रेलवे, शिक्षा विभाग और अर्द्ध सैनिक



बल आदि में नौकरी दिला देने का झांसा देता था, जिसमें बेरोजगार युवकों के झांसे में आ जाने पर उनसे मोटी रकम वसूलता था। वह नौकरी के नाम पर किसी से पांच लाख तो किसी से 10 लाख और दो लाख रुपये ले चुका है। धर्मेन्द्र पांडेय के बारे में मिलिट्री इन्टेलीजेन्स के अधिकारियों से इनपुट के आधार पर एसटीएफ ने छानबीन शुरू की।अपर पुलिस अधीक्षक एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई वाराणसी विनोद कुमार सिंह और निरीक्षक अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने छानबीन के साथ आरोपित की तलाश शुरू कर दी। इसी दौरान सोमवार रात धर्मेन्द्र पाण्डेय के विभूति इन्क्लेव अपार्टमेण्ट में मौजूदगी की सटीक जानकारी मिली तो टीम ने छापेमारी कर आरोपित को दबोच लिया।

# परिवार नियोजन में बड़ा नवाचार : 'अंतरा–एससी'अब महिलाओं के लिए होगा अधिक सुविधाजनक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ एक अप्रैल से प्रदेश के 19 जिलों में लॉन्च होगा 'अंतरा सब-क्यूटेनियस' पायलट

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में परिवार नियोजन सेवाओं को अधिक सुलभ, आधुनिक और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। त्रैमासिक 'अंतरा' गर्भनिरोधक इंजेक्शन को अब एक नए और बेहतर रूप में प्रस्तुत किया गया है। एक अप्रैल को 'अंतरा सब-क्यूटेनियस (अंतराऽएससी)' का शुभारंभ पायलट कार्यक्रम के रूप में प्रदेश के 19 चयनित जिलों में किया जायेगा। विशेषज्ञों के अनुसार, यह पहल परिवार नियोजन कार्यक्रम में नवाचार आधारित दृष्टिकोण को मजबूती देगी।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने बताया कि अंतरा-एससी का शुभारंभ प्रदेश में परिवार नियोजन सेवाओं को नई दिशा और विस्तार देगा। अब बास्केट ऑफ़ चॉइस में 09 विकल्प उपलब्ध होंगे। यह महिलाओं के लिए अधिक सरल, सुविधाजनक और प्रभावकारी है, हमारा लक्ष्य है कि हर महिला को सुरक्षित और सुविधाजनक गर्भनिरोधक विकल्प उपलब्ध हो। शुरुआती चरण में यह सुविधा अलीगढ़, लखनऊ, मेरठ और सहारनपुर मंडल के 19 जिलों की चयनित स्वास्थ्य इकाइयों में उपलब्ध होगी, जिससे महिलाओं को एक सरल, सुरक्षित और स्वयं-नियंत्रित गर्भनिरोधक विकल्प मिलेगा।

## केवल विकल्प नहीं, पहुंच और निरंतरता भी जरूरी

संयुक्त निदेशक, परिवार नियोजन, डॉ. सुशील कुमार बनियान ने बताया कि परिवार नियोजन कार्यक्रमों की सफलता केवल विकल्प उपलब्ध कराने में नहीं, बल्कि उन्हें लोगों तक सरल और नियमित रूप से पहुंचाने में है। अंतराऽएससी इस चुनौती का व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत करता है। इसका सरल डिजाइन और स्वयं-प्रशासन की सुविधा इसकी पहुंच और निरंतरता को मजबूत करेगी।

आसान उपयोग, बेहतर अनुभव

परिवार नियोजन कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ. सूर्यांशु ओझा ने बताया अंतराऽएससी एक प्री-फिल्ड, सिंगल-डोज गर्भनिरोधक इंजेक्शन है, जो एक बार लेने पर तीन माह तक प्रभावी सुरक्षा प्रदान करता है। इसे त्वचा के नीचे आसानी से लगाया जा सकता है, जिससे दर्द कम होता है। पारंपरिक अंतरा (इंट्रामस्कुलर) की तुलना में इसमें कम खुराक के साथ समान प्रभावशीलता है। अधिक जानकारी के लिए लाभार्थी राष्ट्रीय परिवार नियोजन हेल्पलाइन (टोल-फ्रीः 1800-11-6555) पर संपर्क कर सकते हैं।

## राज्य, मंडल और जिला स्तर के अधिकारी नामित

कार्यक्रम के रोल आउट के लिए जारी निर्देशों के अनुसार, विभिन्न मंडलों जैसे आलीगढ़, लखनऊ, मेरठ एवं सहारनपुर के जिलों में अस्पतालों, महिला चिकित्सालयों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) हेतु राज्य मंडल और जिला स्तर के अधिकारियों का नामांकन किया गया है। राज्य स्तर से रायबरेली हेतु डॉ. सुशील कुमार बनियान (संयुक्त निदेशक, परिवार कल्याण) एवं प्रीति आनंद (प्रोजेक्ट डायरेक्टर एफपी, यूपीटीएसयू); सीतापुर हेतु मनीष सोनी (कंसल्टेंट एफपी, एसपीएमयू, एनएचएम) एवं सचिन कोठारी (डिप्टी डायरेक्टर एफपी, यूपीटीएसयू); तथा उन्नाव हेतु डॉ. सूर्यांशु ओझा (जनरल मैनेजर-एफपी, एनएचएम), अन्नू सोनकर (प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर एफपी, एसपीएमयू, एनएचएम), बृजेश कुमार (सीनियर स्पेशलिस्ट प्रोग्राम, यूपीटीएसयू), डॉ. मसूद सलीम (कंसल्टेंट एफपी, एसपीएमयू, एनएचएम) एवं संतोष सिंह (डीटीएल प्रोग्राम, यूपीटीएसयू) को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। ये अधिकारी राज्य स्तर पर अंतरा एससी कार्यक्रम के प्रभावी रोल आउट, प्रशिक्षण एवं निगरानी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## झांसा देकर महिला से लाखों के गहने ठगे, आरोपित फरार

देवरिया । सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के बसीयवा काली मंदिर निवासी सोना देवी, पत्नी मखन ठगी की शिकार हो गईं। वह अपने परिचित जीतू पुत्र नंदन लाल, निवासी काशीराम आवास मेहड़ापूरवा को देखने के लिए महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज आई थीं, जहां जीतू भर्ती हैं।पीड़िता के अनुसार, वह ई-रिक्शा से उतरकर मेडिकल कॉलेज के पास पहुंचीं ही थीं कि एक अज्ञात युवक ने उन्हें आवाज देकर रोका। युवक ने बातचीत के दौरान उनसे कहा कि उनके पास मौजूद सोने के गहने सुरक्षित नहीं हैं और उन्हें एक कागज में लपेटकर थोड़ी दूरी पर रख देने की सलाह दी।सोना देवी युवक के झांसे में आ गईं और उसने बताए अनुसार अपनी दो सोने की अंगूठियां (लगभग एक भर) और एक सोने की चेन (करीब पौने दो भर) उसे दे दीं। युवक ने गहनों को कागज में लपेटकर पास ही कहीं रख आने की बात कही और थोड़ी दूरी पर जाने को कहा। जब सोना देवी कुछ समय बाद वापस लौटीं तो वह युवक मौके से गायब था। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई पता नहीं चला। ठगी का एहसास होते ही पीड़िता घबरा गईं और तुरंत डायल 112 पर सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की।

# मोहिबुल्लापुर व अस्ती रेलवे क्रॉसिंग पर बनेगा ओवरब्रिज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❒ 14.78 करोड़ की धनराशि मंजूर
- ❒ 9340.43 लाख की परियोजना को शासन की स्वीकृति।
- ❒ जाम और दुर्घटनाओं से मिलेगी राहत, 10.50 मीटर चौड़ा बनेगा आरओबी

बख्शी का तालाब, लखनऊ। जनपद में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग को बड़ी सौगात मिली है। पूर्वोत्तर रेलवे के मोहिबुल्लापुर व बख्शी का तालाब रेलवे स्टेशनों के बीच अस्ती रोड पर स्थित समपार संख्या-16सी/टी-3 के स्थान पर रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) निर्माण के लिए शासन ने प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस परियोजना के तहत 10.50 मीटर कैरिजवे एवं फुटपाथ सहित रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण कराया जाएगा। कुल स्वीकृत लागत 9340.43 लाख रुपये आंकी गई है, जिसमें मुख्य सेतु (रेलवे पोर्शन), भूमि अधिग्रहण, यूटिलिटी शिफ्टिंग तथा पहुंच मार्ग आदि के खर्च शामिल हैं।वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस परियोजना के लिए प्रथम चरण में 1478.80 लाख रुपये अनुदान-57 के तहत 1165.15 लाख एवं अनुदान-83 के तहत 313.65 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई है।शासनादेश के अनुसार, कार्य प्रारंभ करने से पूर्व सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में जाम की समस्या से राहत मिलने के साथ ही आवागमन अधिक सुरक्षित और सुगम हो जाएगा।

# किसान की बेटी ने गाड़े सफलता के झंडे

## नर्सिंग ऑफिसर परीक्षा में हासिल की पहली रैंक, विधायक ने घर जाकर किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ (मोहनलालगंज)। प्रतिभा किसी संसाधनों की मोहताज नहीं होती, इसे सच कर दिखाया है मोहनलालगंज के स्टेट गोपाल खेड़ा गांव की बेटी प्रियंका सिंह ने। प्रियंका ने नर्सिंग ऑफिसर की परीक्षा में प्रथम रैंक (Rank 1) हासिल कर न केवल अपने माता-पिता, बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

**विधायक ने घर पहुँचकर बढ़ाया उत्साह**

मंगलवार को मोहनलालगंज के भाजपा विधायक अमरेश कुमार ने प्रियंका के निवास स्थान पर जाकर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया और मिठाई खिलाकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह और पत्रकार एकता वेलफ़ेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश सिंह भंडारी भी मौजूद रहे। विधायक अमरेश रावत ने प्रियंका की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा आज बेटियां चिकित्सा, विज्ञान, शिक्षा और प्रशासन जैसे हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व कर रही हैं। प्रियंका की यह सफलता उन सभी युवाओं के लिए मिसाल है जो अभावों में भी बड़े सपने देखने का साहस रखते हैं। प्रियंका सिंह एक साधारण किसान परिवार से आती हैं। उनके पिता राम शरण सिंह ने सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी बेटी की शिक्षा में कोई कमी नहीं रहने दी। प्रियंका का चयन डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर हुआ है। गौरतलब है कि हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी लोक भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रियंका को स्वयं अपने हाथों से नियुक्ति पत्र सौंपा था। प्रियंका की इस ऐतिहासिक सफलता से पूरे स्टेट गोपाल खेड़ा गांव में जश्न का माहौल है। उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रियंका ने यह साबित कर दिया कि यदि हौसले बुलंद हों और इरादे नेक, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती।

## अवसाद से ग्रसित व्यक्ति ने फांसी लगाकर दी जान

मलिहाबाद/लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के मिर्ज़ागंज गल्ला मंडी निवासी 45 वर्षीय व्यक्ति ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई रंजीत के अनुसार राजहंस पिछले कुछ समय से अवसाद से जूझ रहे थे। सोमवार रात भोजन के बाद उनकी पत्नी ममता बेटे शिवांश और बेटी अनन्या के साथ कमरे में सोने चली गईं, जबकि राजहंस घर के सामने वाले कमरे में सोने चले गए। देर रात जब बेटा शिवांश पिता को बुलाने पहुंचा, तो उन्हें फंदे से लटका देखकर चीख़-चीख़कर रोने लगा। शोर सुनकर परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे तो देखा कि राजहंस ने साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पड़ोसियों की माने तो राजहंस नें कई वर्ष पूर्व सोने चांदी के आभूषणों की दुकान को थी इस दौरान दुकान सही नही चली और धीरे धीरे क़र्ज़ बढ़ता चला गया। राजहंस परेशान रहने लगा था जिसके चलते राजहंस अवसाद में चला गया था और बीती रात राजहंस नें फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## माखन चोरी की झांकियों से गूंजा घोड़सारा



**नगराम, लखनऊ, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम क्षेत्र के घोड़सारा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा आस्था और भक्ति का केंद्र बनी हुई है। कथा के पांचवें दिन कथा वाचक श्रीकृष्णानंद मृदुल जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की माखन चोरी लीला को भव्य झांकियों के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और कथा पंडाल जय श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज समर्थकों के साथ कथा स्थल पहुंचे और महाराज जी का आशीर्वाद लिया। मुख्य आयोजक विमल वर्मा द्वारा प्रतिदिन श्रद्धालुओं का सम्मान किया जा रहा है। कार्यक्रम में पवन वर्मा (पी जे ग्रुप, गोसाईगंज) सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु मौजूद रहे। घोड़सारा की यह कथा पूरे क्षेत्र में धार्मिक चेतना और सामाजिक एकता का संदेश दे रही है।

## किडजी प्री स्कूल का वार्षिकोत्सव सम्पन्न



**सरोजिनी नगर, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बंथरा के धावापुर स्थित ड्रीम ग्रीन सिटी फ़ेज-2 में किडजी प्री स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता शंकरी सिंह बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। शंकरी सिंह ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से पूरे माहौल को रंगीन बना दिया। विशेष रूप से पहलगाम आतंकी हमले के विरुद्ध ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित बहादुर एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुति ने सभी के मन को प्रसन्न कर दिया। कार्यक्रम में संस्थापक कैप्टन श्री ए.के. मिश्रा, प्रधानाचार्य कमलेश मिश्रा, अध्यापिकाएँ एकता, मुस्कान, अमिता राठौड़, आशीष दीक्षित, पूर्व प्रधान सराय सहजादी राजेश सिंह, विनय दीक्षित, विकास सिंह सहित गणमान्य नागरिक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## 11 पदाधिकारियों ने दिया त्यागपत्र

**लखनऊ, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** संगठन के भीतर कुछ व्यक्तियों द्वारा तानाशाही रवैये का आरोप लगाते हुए भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष साहित 11 ओधिकारियों ने अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा कर दी है। भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल के संरक्षक को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि प्रदेश अध्यक्ष साहित 11 पदीधाकरी पिछले कई वर्षो से संगठन के लिए ईमानदारी से कार्य करते रहे हैं लेकिन संगठन मे अब माहौल कुछ व्यक्तियों द्वारा बिगाड़ा जा रहा है जिस कारण अब संगठन मे कार्य करना संभव नही है। इस पत्र मे साफ साफ कहा गया है कि सभी पदाधिकारी इस्तीफ़ा दे रहे हैं जिसे स्वीकार किया जाए।अब इस पर संरक्षक का क्या निर्णय होता है ये देखने वाली बात होगी ।

## ट्रैक्टर की टक्कर से युवक गंभीर घायल, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीबीडी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बाराबंकी जनपद के ग्राम इब्राहिम कला निवासी मनीष कुमार ने सोमवार को बीबीडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनका भाई आशीष कुमार शनिवार रात करीब 10 बजे जुग्गौर क्षेत्र में पनीर देने गया था। काम पूरा करने के बाद जब वह वापस लौट रहा था, तभी सतरिख रोड पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रैक्टर पर जेएमडी लिखा हुआ था और उसे दफरापुर, सिद्धौर (बाराबंकी) निवासी गंगाराम चला रहा था। ट्रैक्टर की गति अधिक होने के कारण चालक नियंत्रण खो बैठा और सामने से आ रहे आशीष को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और बिना देर किए एंबुलेंस बुलाकर घायल को नजदीकी अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर बताते हुए विशेष निगरानी में रखा है। पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# 'ज्ञानी' को भव्य व भावुक विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। नगराम क्षेत्र के छतौनी स्थित शिवनंदन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एस.सी. मिश्रा (ज्ञानी) मंगलवार को 40 वर्षों की गौरवशाली सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। उनकी विदाई को यादगार बनाने के लिए भव्य और भावुक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और क्षेत्रीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

नगराम मोड़ निगोहा से प्रधानाचार्य एस.सी. मिश्रा का सैकड़ों शुभचिंतकों ने फूल-मालाओं और पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया। सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ उन्हें समेसी बाजार होते हुए छतौनी स्थित शिवनंदन इंटर कॉलेज लाया गया, जहां विद्यालय परिवार ने भावुक माहौल में विदाई दी।

समारोह के दौरान प्रधानाचार्य एस.सी. मिश्रा को राम दरबार की प्रतिमा, ब्रीफकेस, अंगवस्त्र और रामायण भेंट कर सम्मानित किया गया। विदाई के समय छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की आंखें नम हो गईं। इस दौरान उन्होंने नव नियुक्त प्रधानाचार्य राजन द्विवेदी को औपचारिक रूप से कार्यभार सौंप दिया। शिक्षकों व अभिभावकों ने बताया कि 1986 से शुरू हुआ उनका कार्यकाल परिवार जैसा रहा और उन्होंने हमेशा छात्रों को बेहतर शिक्षा व संस्कार देने का काम किया।

विदाई समारोह के बाद हरदोईया बाजार स्थित पंचशील शांति शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में देर रात तक कार्यक्रम चलता रहा, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष हंसराज रावत, जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज, सुरेंद्र दीक्षित, दीपू बाजपेई, सुरेंद्र वर्मा, दिलीप रावत, अंबुज त्रिपाठी, अवनीश अवस्थी, संदीप शुक्ला, हिमांशु मिश्रा, सुधांशु मिश्रा, शिवम मिश्रा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# अलीगढ़ में बनेगा देश का पहला लॉक म्यूजियम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले का ऐतिहासिक ताला उद्योग अब वैश्विक पहचान बनने जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अलीगढ़ में देश का पहला 'लॉक म्यूजियम' स्थापित करने का निर्णय लिया गया है, जो इस पारंपरिक उद्योग को संरक्षित करने के साथ-साथ आधुनिक तकनीक और नवाचार से जोड़ने का काम करेगा। इस पहल से ताला उद्योग का सालाना कारोबार 10 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंचने की संभावनाएं भी मजबूत हो गई हैं। सबसे खास बात यह है कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से महज 50 किलोमीटर दूर होने के कारण बड़ी संख्या में अमेरिका और यूरोप से विदेशी पर्यटक यहां आ सकेंगे।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर तैयार की जा रही इस योजना का उद्देश्य अलीगढ़ के ताला उद्योग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। यह म्यूजियम न केवल एक प्रदर्शनी स्थल होगा, बल्कि एक व्यापक औद्योगिक और शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां पारंपरिक हस्तनिर्मित तालों से लेकर आधुनिक हाई-टेक सुरक्षा प्रणालियों तक की विकास यात्रा को प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे आने वाली पीढ़ियां इस उद्योग की तकनीकी, सामाजिक और आर्थिक यात्रा को समझ सकेंगी।

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह पहल अलीगढ़ को उत्तर प्रदेश की वैश्विक औद्योगिक पहचान दिलाने में मील का पत्थर साबित होगी। म्यूजियम के माध्यम से युवाओं में कौशल विकास, डिजाइन, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा, जिससे उद्योग को नई दिशा प्राप्त होगी। साथ ही शिक्षा, शोध एवं तकनीकी जागरूकता के जरिए यह क्षेत्र नई आर्थिक ऊंचाइयों को छुएगा। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर म्यूजियम को एक स्थायी ज्ञान केंद्र के रूप में भी विकसित किया जाएगा।

# दुनिया को युद्ध नहीं, बुद्ध के शांति संदेश की जरूरत : ब्रजेश पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में दुनिया को युद्ध नहीं, बल्कि भगवान बुद्ध के शांति और करुणा के संदेश की आवश्यकता है।

श्री पाठक मंगलवार को डॉ. आंबेडकर महासभा ट्रस्ट द्वारा उद्यान भवन में आयोजित सेमिनार ''विश्व युद्ध के खतरे और बुद्ध की प्रासंगिकता'' को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होने 'वसुधैव कुटुम्बकम' की अवधारणा का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में समस्त जीव-जगत और प्रकृति को एक परिवार माना गया है। सनातन परंपरा में पशु-पक्षियों और पेड़-पौधों तक के संरक्षण का भाव निहित है, लेकिन वर्तमान वैश्विक हालात चिंताजनक हैं।

उन्होंने कहा कि मानवता की रक्षा के लिए भारत को नेतृत्वकारी भूमिका निभानी चाहिए, क्योंकि यहीं से भगवान बुद्ध के शांति संदेश का प्रसार हुआ। सेमिनार में आधार पत्र प्रस्तुत करते हुए डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि दुनिया आज संभावित विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ी है। उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध, मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव, चीन-ताइवान विवाद और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति को वैश्विक संकट के प्रमुख कारण बताया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विश्व युद्ध छिड़ता है, तो उसका प्रभाव अत्यंत विनाशकारी होगा, जिससे मानव जीवन, पर्यावरण और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला टूट सकती है, तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं और महंगाई के साथ-साथ आर्थिक अस्थिरता भी बढ़ेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि भगवान बुद्ध के 'अहिंसा' और 'मैत्री' के सिद्धांत ही विश्व शांति का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

# प्रदर्शनी का बृजेश पाठक और आनन्द द्विवेदी ने किया अवलोकन




लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर की ओर से चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत कैंट मंडल दो प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन सत्र में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाए एवं उपलब्धियां, सांसद एवं विधायक द्वारा क्षेत्र के विकास कार्य, पार्टी के इतिहास और विचारधारा पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार और सिद्धांत आज भी संगठन के कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक हैं उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठन की कार्यप्रणाली और जनसेवा के उद्देश्य से जोड़ना ही इस अभियान का मुख्य लक्ष्य है। एक सक्षम कार्यकर्ता ही सशक्त संगठन की नींव होता है। अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि इस महाअभियान का मुख्य उद्देश्य संगठन को सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि इसका लक्ष्य पार्टी कार्यकर्ताओं को वैचारिक, संगठनात्मक और व्यवहारिक रूप से सक्षम बनाना है, ताकि वे पार्टी की नीतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचा सकें। मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि महामंत्री धनश्याम दास अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनायक पांडेय, राकेश श्रीवास्तव, अमित गुप्ता, सतीश आडवाणी, हरशरण लाल गुप्ता, मान सिंह, नामित पार्षद संतोष बलखंडी, अध्यक्ष कैंट मंडल दो महेंद्र राजपूत, मंडल महामंत्री कुलदीप मिश्रा, पवन लोधी, वार्ड अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गुप्ता, बूथ अध्यक्ष राजेश सैनी समेत अन्य मौजूद रहे।

# 'बस आए श्याम नजर है' रिलीज सीएम योगी ने किया लोकार्पण




**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विधायक डॉ. नीरज बोरा का नया श्याम भजन 'बस आए श्याम नजर है' भव्य रूप से रिलीज कर दिया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने कर कमलों से भजन का लोकार्पण किया। श्री श्याम को समर्पित यह भजन अपनी मधुर धुन और भावपूर्ण शब्दों के कारण श्रोताओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। डॉ. नीरज बोरा ने अपनी श्रद्धा और सुरीली आवाज से भजन को विशेष रूप से जीवंत बना दिया है। भजन के बोल और संगीत का कार्य युवा प्रतिभा शिवम श्रीवास्तव ने किया है, जबकि पूरे प्रोजेक्ट के निर्माता वत्सल बोरा हैं। कोरस में बिंदु बोरा, शिवम श्रीवास्तव, विपिन गुप्ता, पंकज चाहर, मधु पाठक मांझी, प्रीतू और प्रिंस श्रीवास्तव ने सहयोग दिया है, जिससे भजन की संगीतात्मकता और अधिक प्रभावशाली बन गई है। नृत्य निर्देशन तृप्ति गुप्ता और उनकी टीम ने किया है। वहीं, निर्देशन का कार्य आकाश सिंह एवं शिवम श्रीवास्तव ने संभाला है। भजन की शूटिंग बरसाना स्थित लाडली जी मंदिर, गोवर्धन के दानघाटी मंदिर और वृंदावन में यमुना तट सहित कई रमणीय स्थलों पर की गई है। इसमें चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार का विशेष सहयोग रहा। वीडियो शूटिंग और एडिटिंग का कार्य लवी दीक्षित और उनकी टीम द्वारा किया गया है। इस मौके पर डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि भक्ति संगीत मन को शांति प्रदान करता है और बाबा श्याम की कृपा से ही यह भजन साकार हो सका है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह भजन श्रद्धालुओं के हृदय को अवश्य स्पर्श करेगा। यह भजन यूट्यूब चैनल अद्वथद्रप्थ और डॉ. नीरज बोरा के आधिकारिक मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

# अर्थव्यवस्था पर सियासत नहीं, आंकड़े देते हैं जवाब: डॉ. राजेश्वर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❒ आर्थिक ताकत में भारत का उदय, विपक्ष की निराधार आलोचना विफल
- ❒ आंकड़ों की ताकत के सामने सपा का भ्रम ढह गया : डॉ. राजेश्वर सिंह



लखनऊ। भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि बिना वैश्विक परिप्रेक्ष्य को समझे की गई टिप्पणियां न केवल हास्यास्पद हैं, बल्कि बौद्धिक सतहीपन को भी उजागर करती हैं। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था पर सियासत नहीं, बल्कि आंकड़े ही सच्चाई बताते हैं।

उन्होंने सपा प्रमुख के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिनकी राजनीति तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार, अंधविश्वास और परिवारवाद पर आधारित रही हो, उनके द्वारा नैतिकता और अर्थव्यवस्था पर सवाल उठाना अपने आप में विरोधाभास है।

डॉ. सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और देश 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वैश्विक मंदी, युद्ध और सप्लाई चेन संकट जैसी चुनौतियों के बावजूद भारत ने मजबूत विकास दर बनाए रखी है। रिकॉर्ड प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था और बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश इस प्रगति के स्पष्ट संकेत हैं। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि 2004 से 2014 के बीच जहां लगभग 266 बिलियन डॉलर का क्कक्क आया, वहीं 2014 से 2024 के बीच यह बढ़कर करीब 740 बिलियन डॉलर हो गया। आज भारत विश्व के शीर्ष 5 FDI गंतव्यों में शामिल है। फॉरेक्स रिजर्व के मामले में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2004-2014 के बीच यह 113 बिलियन डॉलर से बढ़कर 304 बिलियन डॉलर हुआ, जबकि 2014 से 2024 के बीच यह लगभग 650 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। सोने के भंडारण में भी बढ़ोतरी हुई है, जो 2014 में 557 टन से बढ़कर 2026 में 800 टन से अधिक हो गया है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने सपा शासन पर निशाना साधते हुए कहा कि उस समय उत्तर प्रदेश गुंडाराज और अराजकता का प्रतीक बन चुका था। व्यापारी और निवेशक भय के माहौल में काम करने को मजबूर थे और भ्रष्टाचार व परिवारवाद उसकी पहचान बन गए थे। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश विकास, निवेश और सुशासन के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और जनता अब भ्रम नहीं, बल्कि तथ्यों और विकास के साथ खड़ी है।

# सकरन में पंचायत सचिव का महाघोटाला! शौचालय, सामुदायिक कार्य से नल रिबोर तक लाखों की लूट

- जिलाधिकारी के दरबार में फूटा ग्रामीणों का गुस्सा
- कागजों में विकास, जमीन पर शून्य सचिव-प्रधान गठजोड़ पर गंभीर आरोप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सकरन, सीतापुर। विकासखंड सकरन एक बार फिर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से सुर्खियों में है। यहां तैनात सचिव प्रदीप कुमार चौधरी पर ग्रामीणों ने ऐसा संगीन आरोप लगाया है, जिसने पूरे प्रशासनिक तंत्र को कठघरे में खड़ा कर दिया है। दर्जनों की संख्या में ग्रामीण जिला अधिकारी के दरबार में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराते हुए सचिव के खिलाफ उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग की है।

ग्रामीणों का दावा है कि यदि पूरे मामले की गहराई से जांच कराई जाए, तो करोड़ों रुपये के घोटाले का पर्दाफाश हो सकता है। ग्रामीणों के आरोपों ने न केवल विकास कार्यों की पोल खोल दी है, बल्कि सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### स्वच्छ भारत मिशन में बड़ा खेल!

ग्राम पंचायत शाहपुर लहसड़ा में स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए शौचालयों को लेकर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई लाभार्थियों को आज तक शौचालय निर्माण की धनराशि नहीं मिली, जबकि सरकारी अभिलेखों में भुगतान दर्शाकर धनराशि का गबन कर लिया गया।पूर्व में अपनी तैनाती के समय सचिव प्रदीप चौधरी ने बड़ी लूट को अंजाम दे गरीबों के हक पर डालने का काम किया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कागजों में शौचालय बन गए, लेकिन हकीकत में लोगों को न पैसा मिला और न ही सुविधा।ङ्क इससे यह साफ जाहिर होता है कि योजना के नाम पर बड़े पैमाने पर धन की हेराफ़ेरी की गई है।

### नल रिबोर के नाम पर करोड़ों का खेल

सबसे बड़ा घोटाला नल रिबोर के नाम पर सामने आया है। बगहाढाख, कंकरकुई, सेमरा कला, सांड समेत कई ग्राम पंचायतों में नल रिबोर के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपये निकाल लिए गए, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है।

### रउवापुर नेवादा में गायब कर दिया गया सामुदायिक केंद्र

ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामपंचायत में पूर्व प्रधान के द्वारा बनवाए गए सामुदायिक केंद्र को डेंट पेंट कर लाखों की धनराशि हजम कर पंचायत भवन बना दिया गया अब ऐसी स्थिति में पंचायत भवन बन चुके सामुदायिक केंद्र के घोटाले की जाँच कब? ,ऐसे ही नल रिबोर, हैंडपम्प मरम्मत व रीबोर के नाम पर बड़ी धन की बर्बादी की जाँच कब?, ग्रामीणों का आरोप है कि जहां नल खराब पड़े हैं, वहां भी कागजों में रिबोर दिखाकर पैसा निकाल लिया गया। कई जगह तो नल छुआ तक नहीं गया, फिर भी फाइलों में काम पूरा दिखा दिया गया।

### सचिव-प्रधान गठजोड़ पर उठे सवाल

ग्रामीणों ने खुलकर आरोप लगाया है कि इस पूरे घोटाले में सचिव और ग्राम प्रधानों की मिलीभगत है। दोनों के गठजोड़ से सरकारी धन को योजनाबद्ध तरीके से हड़पा गया है। बिना मिलीभगत के इतना बड़ा खेल संभव नहीं, यह कहना है शिकायत करने पहुंचे ग्रामीणों का।

### आरटीआई तक में खेल! सच छिपाने की साजिश?

मामले को और संदिग्ध बनाता है सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत जानकारी न देना। ग्रामीणों का आरोप है कि जब उन्होंने दस्तावेज मांगे, तो उन्हें जानबूझकर टाल दिया गया। इससे यह आशंका और मजबूत हो जाती है कि कहीं न कहीं बड़े स्तर पर सच्चाई छिपाने की कोशिश की जा रही है।

### जांच नहीं तो आंदोलन होगा ग्रामीणों की चेतावनी

ग्रामीणों ने प्रशासन को साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जिला अधिकारी से मिलकर ग्रामीणों ने लिखित शिकायत सौंपी और पूरे मामले की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराने की मांग की है।

### प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

इतने गंभीर आरोपों के बावजूद अभी तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। इससे लोगों में आक्रोश और बढ़ता जा रहा है।

### क्या खुलेगा भ्रष्टाचार का पूरा सच?

अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या इस मामले में वास्तव में निष्पक्ष जांच होगी या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा? अगर जांच ईमानदारी से होती है, तो यह मामला सकरन ब्लॉक के सबसे बड़े घोटालों में से एक साबित हो सकता है।

# परीक्षाफल वितरण समारोह हुआ समपन्न, बच्चों के खिले चेहरे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर। आर जे जे एजूकेशन प्वाइंट बीरमपुर मे वार्षिक सत्र 2025-2026 का परीक्षा फल घोषित किया गया। प्रातः काल से ही विद्यार्थियों व अभिवावको में काफी उत्साह रहा । बच्चे अपने अभिवावको के साथ विद्यालय मे अपना परीक्षाफल लेने आने लगे।

कक्षा 8 के विद्यार्थी अभिनव राजपूत ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय मे प्रथम वरीयता प्राप्त की तथा कक्षा 8 की छात्रा अंतरिका मिश्रा को स्टूडेंट आफ द ईयर के पुरस्कार से सराहा गया।कक्षा 8के छात्र भास्कर मिश्रा व अभिनव राजपूतको सर्वाधिक उपस्थित के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।कक्षा 7 प्रवीन यादव कक्षा 6 से एंजिल राज, कक्षा 5से अभिराज कक्षा 4से प्राज्ञ्या दीक्षित कक्षा 3 से प्रभाकर लोधी कक्षा 2 से सिद्धार्थ कक्षा 1 से अर्चिता ने प्रथम रैंक प्राप्त किया। सभी विद्यार्थियों अपने अंक प्राप्त कर काफी उत्साहित दिखे। विद्यालय प्रबंधक कुलदीप जयसवाल ने सभी बच्चो को उनके पास हो जाने पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय संस्थापक जगदीश जयसवाल प्रधानाचार्या पूनम जयसवाल उपप्रधानाचार्या अरूणिमा श्रीवास्तव व व्यवस्थापक रूपेश प्रिंस सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाऐ उपस्थित रहे और सभी ने बच्चो के मंगल भविष्य की कामना करते हुए बच्चो को बधाई दी।

# दामिनी पहल का हुआ शुभारम्भ महिलाओं को किया सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। मिशन शक्ति फ़ेज-5.0 द्वितीय चरण के तहत रिजर्व पुलिस लाइन में दामिनी पहल का शुभारम्भ हुआ। जिसमें जनपद की 32 उत्कृष्ट महिलाओं को सम्मानित किया गया।एसपी देहात दीक्षा भंवरे ने बताया कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति फ़ेज-5.0 अभियान के तहत दामिनी पहल का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाते हुए उन्हें पुलिस व्यवस्था से जोड़ना तथा महिला सुरक्षा को जन-सहभागिता के माध्यम से और अधिक प्रभावी बनाना है। बताया कि दामिनी पहल के अंतर्गत सक्रिय एवं जागरूक महिलाओं को पुलिस वालंटियर के रूप में जोड़ा जाएगा। ये सभी महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित समस्याओं, घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, छेड़छाड़, साइबर अपराध अथवा अन्य किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इससे पुलिस एवं आमजन के बीच समन्वय स्थापित होगा तथा महिला सुरक्षा को जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। इसी के तहत जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से चयनित कुल 32 महिलाओं को शाल और पौधा देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित महिलाओं में ग्राम प्रधान, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता और पत्रकारिता आदि की महिलाएं शामिल हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची महापौर श्रीमती अर्चना वर्मा, तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा और भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने मिशन शक्ति अभियान की सराहना की तथा दामिनी पहल को महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति अभियान के तहत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों, योजनाओं एवं उपलब्धियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया और महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न प्रावधानों, सेवाओं एवं व्यवस्थाओं के बारे में बताया गया। साथ ही विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्थापित महिला शक्ति केन्द्रों के सीयूजी नम्बर साझा किए गए और जागरूकता के लिए मिशन शक्ति से संबंधित पम्पलेट वितरित किए गए। इस दौरान एसपी सिटी, सीओ सिटी, सीओ तिलहर, सीओ कार्यालय, प्रतिसार निरीक्षक सहित मिशन शक्ति की टीम आदि मौजूद रहे।

## नगर निगम ने किया विदाई समारोह आयोजित

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्रा और सहायक अभियंता विक्रमाजीत यादव के सम्मान में नगर निगम ने विदाई समारोह का आयोजन किया। इस दौरान नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों अधिकारियों के कार्यकाल को याद करते हुए उनके कुशल नेतृत्व, समर्पण एवं निरंतर प्रयासों की सराहना की। कहा कि नगर आयुक्त के मार्गदर्शन में शहर के विकास, स्वच्छता व्यवस्था एवं नागरिक सेवाओं में उल्लेखनीय प्रगति हुई, जिससे नगर निगम की कार्यप्रणाली को एक नई पहचान मिली। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने नगर आयुक्त को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया तथा उनके योगदान को प्रेरणादायी बताया। साथ ही उनके प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर सफलता की कामना की। इस दौरान महापौर अर्चना वर्मा, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी, कर्मचारी और पार्षद आदि मौजूद रहे।

# मदरसा इस्लामिया गौसिया ने किया परीक्षा परिणाम वितरण समारोह आयोजित

- मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रसून राय ने मेधावी छात्र-छात्राओं को परीक्षा परिणाम और पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर । जनपद के ग्राम शाहबाजनगर स्थित मदरसा इस्लामिया गौसिया में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह का आयोजन बड़े उत्साह एवं हाजी मोहम्मद अनीस खान की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रसून राय ने मेधावी छात्र-छात्राओं को परीक्षा परिणाम और पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ तिलावत-ए-कुरआन से हुआ। जिसके बाद मदरसा प्रबंधन ने मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि प्रसून राय ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे समाज और राष्ट्र का समग्र विकास संभव है। उन्होंने बच्चों को मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। साथ ही अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों की शिक्षा में निरंतर सहयोग करें। उन्होंने मदरसे में दी जा रही शिक्षा व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का समावेश बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर मदरसा नुरुलहुदा के प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां, प्रबंधक हाजी रिजवान खान, प्रधानाचार्य साजिद अली खान, नासिर हुसैन, शाकिर हुसैन, राशिद खान, महमूद खान आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# गरीबों के नाम पर फर्जी कंपनियां! जीएसटी ठगी गैंग का बड़ा खुलासा, 4 शातिर गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। जनपद खीरी में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने एक बड़े फर्जीवाड़ा गिरोह का खुलासा करते हुए 4 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह भोले-भाले गरीब लोगों को बहकाकर उनके आधार कार्ड, पैन कार्ड, सिम कार्ड और फोटो हासिल करता था, फिर उन्हीं दस्तावेजों के जरिए फर्जी कंपनियां बनाकर जीएसटी रजिस्ट्रेशन कर भारी धोखाधड़ी को अंजाम देता था।

पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में 30 मार्च को साइबर क्राइम टीम ने कार्रवाई करते हुए दीपक सिंह उर्फ भीमा (बाराबंकी), अंकित द्विवेदी (सीतापुर), धीरेन्द्र सिंह उर्फ कमल (सीतापुर) और राजू (खीरी) को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी ग्रामीण और अनपढ़ लोगों को लालच देकर उनके दस्तावेज लेते थे और उनके नाम पर फर्जी कारोबार खड़ा कर टैक्स फ्रॉड करते थे।गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में सामान बरामद किया है, जिसमें 37 सिम कार्ड, 26 चेकबुक, 16 पैन कार्ड, 20 आधार कार्ड, 21 किरायानामा स्टाम्प, 3 रबर स्टाम्प, 5 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, एक पेन ड्राइव, डिजिटल सिग्नेचर डिवाइस, जीएसटी व उद्यम रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, पासपोर्ट साइज फोटो, एटीएम कार्ड और 26,100 रुपये नकद शामिल हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में फर्जी दस्तावेज और चाबियां भी बरामद की गई हैं।पुलिस ने गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर साइबर क्राइम थाना में भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं और आईटी एक्ट की धारा 66ए के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ पहले से भी कई मामले दर्ज हैं, जिनकी जांच साइबर क्राइम थाना द्वारा की जा रही है।पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति को अपने आधार, पैन या अन्य जरूरी दस्तावेज न दें और किसी भी लालच में आकर अपनी जानकारी साझा न करें।

# अवैध मिट्टी खनन पर बड़ी कार्रवाई जेसीबी व ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



धौरहरा, खीरी। लखीमपुर खीरी के धौरहरा तहसील क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। थाना ईसानगर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सरैया में अवैध मिट्टी खनन की सूचना मिलते ही खनन विभाग हरकत में आ गया।

सूचना पर खनन इंस्पेक्टर तत्काल मौके पर पहुंचे, जहां निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से बड़े पैमाने पर अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा था। टीम ने बिना किसी देरी के कार्रवाई करते हुए मौके पर मौजूद जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया।इसके बाद दोनों वाहनों को विधिक कार्रवाई के तहत थाना खमरिया भेज दिया गया। अधिकारियों के अनुसार, मामले में संबंधित लोगों के खिलाफ खनन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस तरह की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। क्षेत्र में इस कार्रवाई के बाद खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।स्थानीय लोगों ने कार्रवाई की सराहना की, साथ ही प्रशासन से लगातार ऐसी कार्रवाई की मांग भी की है ताकि क्षेत्र में अवैध खनन पर पूरी तरह रोक लग सके।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव प्रेम प्रसंग में हत्या का भाई ने लगाया आरोप

हरगांव, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नौनेर के पश्चिम लगे आम के पेड़ से एक युवक का शव लटकता हुआ सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने देखा।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराकर पोस्टमार्टम हेतु सीतापुर भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरगांव क्षेत्र के ग्राम नौनेर के पश्चिम सड़क के किनारे लगे आम के पेड़ से सोमवार की सुबह एक 22 वर्षीय युवक का शव लटकता हुआ शौच को निकले ग्रामीणों ने देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी।सूचना पाकर मौके पर पहुंची हरगांव पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर शिनाख्त करवाई। घटना की सूचना पाकर हरगांव थाने के ग्राम मदनापुर मजरा कैथाभारी निवासी जीतू ने मृतक की पहचान अपने भाई 22वर्षीय रामजीवन पुत्र राजपाल के रूप में की।तदुपरांत हरगांव थाने में मृतक के भाई जीतू ने एक नामजद तहरीर देकर नौनेर निवासी एक लड़की से संबंध होने की बात कहकर नामजद तीन आरोपियों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।थाना प्रभारी निरीक्षक बलवंत शाही ने बताया पी एम रिपोर्ट व तहरीर के आधार पर विधिक कार्यवाई की जाएगी।

## निर्माणाधीन मकान की सरिया चोरी करने वाला गिरफ्तार



शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना पुवायां पुलिस ने निर्माणाधीन मकान से सरिया चोरी करने वाले अभियुक्त को जनसहयोग से गिरफ्तार किया है।सेमवार को थाना पुवायां क्षेत्र के मोहल्ला शास्त्रीनगर निवासी पुष्पेन्द्र सिंह ने पुलिस को सूचना दी कि उनके मकान के निर्माण के लिए रखी सरिया को एक व्यक्ति चोरी कर रहा था। जिसे उन्होंने लोगों की मदद से पकड़ लिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अभियुक्त को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम आलोक वर्मा उर्फ अरविन्द निवासी ग्राम टकेली थाना पुवायां बताया। जिसके कब्जे से पुलिस ने चोरी की गई 03 और 02 फिट की 34 सरिया भी बरामद की। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त आलोक वर्मा के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

## पानी लेने घर से गई महिला की कुएं में गिरने से मौत

**मीरजापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अहरौरा थाना क्षेत्र के रामपुर ढबही गांव में कुएं में गिरने से एक महिला की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई है।पड़री थाना क्षेत्र के दाढ़ी राम गांव निवासी चिंतामनी अपनी पत्नी संगीता देवी (30) के साथ एक सप्ताह पूर्व उसके मायके रामपुर ढबही आए हुए थे। सोमवार शाम को संगीता कुएं पर पानी लेने गई थी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। इस पर परिजन ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई पता नहीं चला।मंगलवार सुबह परिजन दोबारा खोजबीन करते हुए कुएं के पास पहुंचे, जहां उन्होंने पानी में संगीता का उतराया शव देखा। यह देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया और आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला गया और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पति चिंतामनी ने तहरीर देकर आशंका जताई है कि पानी निकालते समय पैर फिसलने से संगीता कुएं में गिर गई, जिससे डूबने से उसकी मौत हो गई।प्रभारी निरीक्षक अहरौरा अजय कुमार मिश्र ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## 14 अप्रैल से सुपरफास्ट के बजाय 'मेल एक्सप्रेस' में संचालित होगी कुम्भ सुपरफास्ट

**मुरादाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि देहरादून से हावड़ा के बीच चलने वाली कुम्भ सुपरफास्ट 14 अप्रैल से यह ट्रेन सुपरफास्ट के बजाय 'मेल एक्सप्रेस' के रूप में संचालित होगी। श्रेणी बदलने से जहां यात्रियों को सुपरफास्ट सरचार्ज न लगने के कारण किराये में राहत मिलेगी, वहीं ट्रेन का नंबर भी 12369-12370 से बदलकर 13037-13038 हो जाएगा।सीनियर डीसीएम ने आगे बताया कि कुम्भ मेले के नाम पर वर्ष 2009 में शुरू हुई यह ट्रेन शुरुआत में हरिद्वार से हावड़ा के बीच चलती थी। वर्ष 2021 में रेलवे ने इसका विस्तार देहरादून तक कर दिया था। सप्ताह में पांच दिन चलने वाली यह ट्रेन वर्तमान में देहरादून से हावड़ा की दूरी तय करने में 29-30 घंटे का समय लेती है। एक्सप्रेस श्रेणी होने के बाद समय सारणी में फिलहाल किसी बदलाव की घोषणा नहीं की गई है।

# किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

शाहजहांपुर। थाना कोतवाली पुलिस ने किशोरी के अपहरण व उसके साथ दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।सोमवार को थाना कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को थाना तिलहर क्षेत्र के गांव रूद्रपुर का रहने वाला पंकज राजपूत पुत्र देवदत्त राजपूत बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की और नाबालिग किशोरी को बरामद कर उसका मेडिकल कराया। इसके बाद मेडिकल रिपोर्ट और नाबालिग किशोरी के बयानों के आधार पर आरोपी पंकज राजपूत के खिलाफ दर्ज अपहरण की रिपोर्ट में दुष्कर्म आदि की धाराओं में बढ़ोत्तरी की। इसी क्रम में आज थाना कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त पंकज राजपूत को मोहल्ला आनन्दपुरम कालोनी में स्टार मैरिज लान वाली गली से गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त पंकज राजपूत को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह के साथ उपनिरीक्षक भूपेन्द्र राणा आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत धौरहरा में चला महिला शक्ति टीम का जागरूकता अभियान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




धौरहरा खीरी। जनपद खीरी में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के द्वितीय चरण के तहत थाना धौरहरा की महिला शक्ति टीम ने व्यापक जागरूकता अभियान चलाया।

इस अभियान के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया।पुलिस अधीक्षक खीरी डा. ख्याति गर्ग के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी धौरहरा के मार्गदर्शन में यह अभियान संचालित किया गया। थानाध्यक्ष धौरहरा के नेतृत्व में महिला शक्ति टीम ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं से संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याएं भी सुनीं।अभियान के दौरान टीम ने महिलाओं को साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, सम्मान और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में मदद के लिए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 112 (पुलिस हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 102 (स्वास्थ्य सेवा), 108 (एंबुलेंस सेवा) और 1930 (साइबर हेल्पलाइन)-के बारे में जागरूक किया गया।इसके अतिरिक्त, महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना तथा राष्ट्रीय पोषण मिशन प्रमुख रूप से शामिल रहे। टीम ने इन योजनाओं का लाभ उठाने के तरीके भी समझाए।बालिकाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, उन्हें गुड टच और बैड टच के बारे में सरल और संवेदनशील तरीके से जागरूक किया गया, ताकि वे किसी भी अनुचित व्यवहार को पहचान सकें और समय रहते अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।पुलिस टीम ने स्पष्ट किया कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आगे भी लगातार चलाए जाएंगे, ताकि समाज में महिलाओं और बालिकाओं के प्रति सुरक्षा, सम्मान और जागरूकता का वातावरण मजबूत हो सके।

# अंत्योदय और राष्ट्रवाद के संकल्प के साथ भाजपा का हर कार्यकर्ता समर्पित: डॉ. दिनेश शर्मा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❑ प्रदेश उपाध्यक्ष, जिला प्रभारी डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ कार्य करने वाला एक सशक्त संगठन है

बदायूँ। भाजपा कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस से पूर्व आयोजित जिला बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष/ जिला प्रभारी डॉ दिनेश शर्मा, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता के द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष, जिला प्रभारी डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ कार्य करने वाला एक सशक्त संगठन है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के सिद्धांत एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के राष्ट्रवाद के विचार ही पार्टी की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इन मूल्यों को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि 6 अप्रैल को बूथ स्तर पर स्थापना दिवस कार्यक्रमों को उत्साहपूर्वक मनाया जाए। कार्यक्रमों में प्राथमिक सदस्य, सक्रिय सदस्य एवं गणमान्य नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने घर पर पार्टी का ध्वज फहराए एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों को स्मरण करे। साथ ही सभी गतिविधियों को सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक रूप से प्रसारित करते हुए सरल ऐप पर अपलोड करने का भी आग्रह किया। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा जिला स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन (8 एवं 9 अप्रैल) एवं ग्राम/बस्ती संपर्क अभियान (7 से 12 अप्रैल) के विषय पर बताया कि यह सम्मेलन संगठनात्मक विस्तार को गति देने के साथ-साथ भाजपा की विचारधारा, भारतीय राजनीति में आए सकारात्मक परिवर्तन, सेवा भाव, अंत्योदय एवं विकासमुखी राजनीति जैसे विषयों पर केंद्रित रहेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा किए गए ऐतिहासिक एवं जनकल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है।

साथ ही 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर बूथों पर डॉ. अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा उनके विचारों को स्मरण किया जाएगा। उन्होंने कहा ग्राम/बस्ती संपर्क अभियान के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा में चयनित गांवों एवं बस्तियों में व्यापक जनसंपर्क किया जाएगा। इस दौरान स्वच्छता अभियान चलाना, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान करना, समाज के विभिन्न वर्गों के बुद्धिजीवियों से संवाद स्थापित करना तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक ग्राम में 25 से 30 सम्मानित व्यक्तियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान कर समाज के साथ मजबूत संबंध स्थापित करने पर भी विशेष रूप से सहभागिता करनी है, उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि लाभार्थियों से सीधा संवाद स्थापित कर सरकार की योजनाओं के प्रभाव को समझें और पार्टी की नीतियों एवं उपलब्धियों को सरल भाषा में जन-जन तक पहुंचाएं। 6 अप्रैल को जिला कार्यालय पर ध्वजारोहण एवं मिष्ठान वितरण के साथ पार्टी की विकास यात्रा पर विस्तार से चर्चा करने का भी बात कही। जिला महामंत्री शैलेन्द्र मोहन शर्मा ने मंच का संचालन किया।इस अवसर पर एमपी सिंह राजपूत, जोगेंद्र सिंह पटेल, भगवान सिंह मौर्य, सीमा राठौर, सरिता वार्ष्णेय, अनुज माहेश्वरी, आशीष शाक्य, उदयवीर दिवाकर, संदीप चौहान, प्रदीप चौधरी, वीरेंद्र राजपूत, अजय तोमर, रचना शंखधार, राजवती वर्मा, आरती कश्यप, नीटू पाल, अचल शर्मा, अमित कुमार सिंह, धीरज पटेल, के.पी लोधी, जितेंद्र साहू, अनुराग दीक्षित, मुनेंद्र शाक्य, दिनेश कुमार राजपूत, रितेश चौहान, पीयूष माहेश्वरी, राजीव कुमार शर्मा, परमवीर शाक्य, ललतेश ठाकुर, आदित्य माहेश्वरी, राहुल देव शाक्य, मोहित कुमार तोमर, गोपाल शर्मा, राघव सिंह, नौरंग पाल, विदेश श्रीवास्तव, अवनीश कुमार शाक्य, सर्वेश शाक्य, ओमपाल सिंह राजपूत, गुलशन प्रताप सिंह, वीर सिंह, नरेश पाल, सुनील कुमार सिंह, अनुभव उपाध्याय आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जेल अस्पताल में बिगड़ी आरोपी अजय की हालत, दूसरी जगह शिफ्ट करने की तैयारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❑ बदायूं के सैजनी गांव स्थित एचपीसीएल प्लांट में 12 मार्च को हुई दो अफसरों की हत्या के आरोपी अजय प्रताप सिंह की जेल अस्पताल में हालत बिगड़ रही है

बदायूं। एचपीसीएल प्लांट के दो अफसरों की हत्या करने के आरोपी अजय प्रताप सिंह की हालत बिगड़ती जा रही है। जेल अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि हालत में सुधार न होने पर आरोपी को दूसरे अस्पताल में शिफ्ट किया जा सकता है।

बदायूं के सैजनी गांव स्थित एचपीसीएल प्लांट में 12 मार्च को हुई दो अफसरों की हत्या के आरोपी अजय प्रताप सिंह की जेल अस्पताल में हालत बिगड़ रही है। यदि उसकी हालत में सुधार न हुआ तो जेल प्रशासन उसे किसी दूसरे अस्पताल में शिफ्ट करने की तैयारी में है। दोहरे हत्याकांड के बाद आरोपी अजय 13 मार्च को मुठभेड़ में पकड़ा गया था। इस दौरान आरोपी के दोनों पैर में गोली लगी थी। इसके बाद उसे जिला अस्पताल से जेल अस्पताल भेजा गया था। आरोपी के दाहिने पैर में लगी गोली अभी फंसी हुई है, इससे उसके पैर में घाव बढ़ रहा है। जब यह गोली निकलेगी तो उसके पैर पर प्लास्टर चढ़ेगा। ऐसे में यदि समय रहते इलाज नहीं किया गया तो आरोपी के दोनों पैर खराब होने का भी डर है। जेल अधीक्षक ने बताया कि आरोपी का जेल अस्पताल में इलाज चल रहा है। यदि जरूरत पड़ेगी तो उसे पुलिस अभिरक्षा के बीच इलाज के लिए दूसरी जगह भी ले जाया जाएगा। वहीं इस मामले में फरार चल रहे अजय के परिवारीजनों में उसके भाई, तहेरे भाई व ताऊ, पिता की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हो सकी है। न ही दोहरे हत्याकांड के मामले में अभी तक कोई अन्य आरोपियों के नाम बढ़ाने की बात पुलिस के स्तर से सामने आई है।

हालांकि पुलिस टीमें लखनऊ, बरेली, शाहजहांपुर से लेकर नेपाल तक आरोपियों की तलाश में जुटी हैं। एसएसपी अंकिता शर्मा ने बताया कि पुलिस टीमें प्रयास में जुटी है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। एसएसपी ने बताया इस मामले की जांच जारी है जिसका भी नाम सामने आएगा उसका नाम केस में बढ़ाने की प्रक्रिया की जाएगी।

प्लांट के आसपास पसरा सन्नाटा, वेंडर की तलाशसैजनी के एचपीसीएल प्लांट के आस पास सोमवार- मंगलवार को भी सन्नाटा पसरा रहा। यहां पर कंपनी को नए वेंडर की तलाश है। वेंडर के साथ ही उसमें काम करने वाले कर्मचारी भी तलाशे जा रहे हैं। हालांकि अभी अधिकारिक तौर पर प्लांट के संचालन से जुड़ी जानकारी नहीं दी जा रही है। डीएम अवनीश राय ने बताया कि इसके लिए प्रयास जारी है। जल्द ही प्लांट शुरू कराया जाएगा।

इस मामले की जांच के लिए शासन स्तर से गठित की गई एसआईटी की जांच करने की समय सीमा लगभग पूरी हो चुकी है। अब लोगों को एसआईटी की जांच रिपोर्ट सामने आने का इंतजार है। इसी रिपोर्ट के आधार पर घटना से जुड़े दोषी लोगों का नाम तय हो सकेगा।

# श्री मदभागवत के दूसरे दिन पांडव चरित्र व राजा परीक्षित जन्म का व्याख्यान किया गया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❑ महाभारत के अनुसार पांडव हस्तिनापुर के राजा पांडु के पाँच पुत्र थे युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव, जिन्हें कुंती और माद्री ने देवताओं के आह्वान से जन्म दिया था

चंदौसी। अनगर के गणेश कॉलोनी गली नंबर 10/2 में चल रही मदभागवत कथा में वृंदावन से पधारे स्वामी ओमप्रकाश महाराज जी द्वारा श्री मदभागवत कथा के दूसरे दिन पांडव चरित्र का वर्णन किया गया ।महाराज ओमप्रकाश ने बताया कि

महाभारत के अनुसार पांडव हस्तिनापुर के राजा पांडु के पाँच पुत्र थे युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव, जिन्हें कुंती और माद्री ने देवताओं के आह्वान से जन्म दिया था। ये धर्मात्मा, पराक्रमी और कुशल योद्धा थे, जिन्होंने कौरवों को हराकर धर्म की स्थापना की। ये पांचों भाई सत्य,न्याय शक्ति, साहस और एकाग्रता के प्रतीक माने जाते हैं। पांडवों का चरित्र चित्रण प्रत्येक के अनुसार युधिष्ठिर धर्मराज ये कुंती के ज्येष्ठ पुत्र धर्मराज के पुत्र थे। वे अत्यंत सत्यवादी,धर्मात्मा, धैर्यवान और शांत स्वभाव के थे। उन्हें 'अजातशत्रु' भी कहा जाता है, क्योंकि उनका कोई शत्रु नहीं था।भीमसेन शक्ति कुंती के दूसरे पुत्र वायु देव के पुत्र थे। भीम अपनी अपार शारीरिक शक्ति, साहस और भोजन के प्रति प्रेम के लिए जाने जाते थे। वे अपनी माता और भाइयों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहते थे।अर्जुन धनुर्धर कुंती के तीसरे पुत्र इंद्र देव के पुत्र थे। अर्जुन सर्वश्रेठ धनुर्धर थे। वे एकाग्रता,निष्ठा और भगवान कृष्ण के अनन्य भक्त के रूप में प्रसिद्ध थे।आगे की कथा में महाराज जी ने बताया नकुल रूप माद्री के पुत्र अश्विनीकुमार के पुत्र थे। नकुल अत्यंत सुंदर, निपुण घुड़सवार, तलवारबाज और पशु चिकित्सा विशेषकर घोड़ों के विशेषज्ञ में कुशल थे। सहदेव बुद्धि माद्री के पुत्र अश्विनीकुमार के पुत्र थे। सहदेव पांचों भाइयों में सबसे छोटे थे। वे बुद्धिमान भविष्यवक्ता और तलवारबाजी में निपुण थे।

## पांडव चरित्र की मुख्य विशेषताए

आपसी प्रेम और एकता पांचों भाइयों में अद्वितीय एकता और प्रेम था। वे सुख और दुख में हमेशा एक साथ रहे। पांडव विशेषकर युधिष्ठिर हमेशा धर्म के मार्ग पर चलने वाले थे भले ही उन्हें इसके लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

वीरता और साहस वे न केवल वीर योद्धा थे, बल्कि उन्होंने कुरुक्षेत्र युद्ध में अपनी वीरता का लोहा मनवाया। द्रौपदी के प्रति समर्पण पाँचों पांडव अपनी पत्नी द्रौपदी का गहरा सम्मान करते थे और उन्होंने द्रौपदी के अपमान का बदला लिया। श्रीकृष्ण के भक्त पांडव, विशेषकर अर्जुन,श्रीकृष्ण के परम भक्त और मित्र थे, जिनका उन्हें जीवन भर मार्गदर्शन मिला। संक्षेप में, पांडव चरित्र वीरता, न्याय, और धर्म की विजय की एक अद्भुत गाथा है, जो नैतिकता और भाईचारे का पाठ पढ़ाती है ।अगले अध्याय में ओमप्रकाश महाराज जी ने बताया कि राजा परीक्षित का जन्म कैसे हुआ। परीक्षित का जन्म महाभारत युद्ध के बाद उत्तरा अभिमन्यु की पत्नी के गर्भ से हुआ था। युद्ध के अंत में अश्वत्थामा द्वारा छोड़े गए ब्रह्मास्त्र से, उत्तरा के गर्भ में मौजूद बालक परीक्षित को भगवान श्री कृष्ण ने अपने योगबल से जीवनदान देकर बचाया था। इस घटना के बाद, जब पांडव कुल लगभग नष्ट हो गया था, तब जन्मे बालक का नाम 'परीक्षित' रखा गया। महाराज जी ने बताया अश्वत्थामा का ब्रह्मास्त्रः युद्ध के बाद,गुरु द्रोण की मृत्यु से क्रोधित अश्वत्थामा ने पांडवों के वंश को नष्ट करने के लिए उत्तरा के गर्भ पर ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




रायबरेली। जवाहर नवोदय विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा के उपरांत मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. पी. त्रिपाठी ने की, जिन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र प्रथम बैच के श्री धर्मेन्द्र सिंह, बसंत लाल, राम शंकर एवं बालकृष्ण चौधरी द्वारा कक्षा 11 की वार्षिक परीक्षा में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने तथा उत्कृष्ट शिष्टाचार, आचरण एवं व्यवहार प्रदर्शित करने वाले दो विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया कक्षा 11 की छात्रा जान्हवी और कक्षा 9 के छात्र अनमोल मिश्रा को मोबाइल फोन एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर नवाजा गया।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय कैप्टन जान्हवी और स्नेहा के द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। इस अवसर पर उप प्राचार्य डॉ. यज्ञनाथ, पूर्व उपप्राचार्य जी. पी. मिश्रा, बी. के. पाठक, शफक शमशी, ओ. पी. सिंह, शिवम अवस्थी विवेक सिंह, सुनीत कुमार त्रिपाठी, रीना रानी, विद्याभूषण गुप्ता, शशी सिंह, पी. के. श्रीवास्तव, वैशाली सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव एवं सत्यपाल सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया।

## रोडवेज चौराहे से युवती का अपहरण, पुलिस का दावा परिजन ले गए

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर के व्यस्त रोडवेज चौराहे से रविवार देर रात एक युवती के सरेआम अपहरण का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है, जब कार सवार कुछ लोग युवती को जबरन उठाकर ले गए। वारदात के बाद इलाके के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार सवार बदमाशों ने युवती को अचानक घेर लिया और विरोध करने पर जबरन गाड़ी में डालकर भाग गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई, लेकिन 15 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी युवती का कोई सुराग नहीं लग सका है। बताया जा रहा है कि रोडवेज चौकी पुलिस के पास संदिग्ध कार का नंबर और अन्य अहम जानकारी भी मौजूद है, इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। इसको लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। वहीं, सिविल लाइन पुलिस का कहना है कि युवती अपने परिवारीजन से नाराज होकर चली आई थी। उसकी पहचान कर ली गई है। वह जिला शाहजहांपुर के थाना जैतीपुर के एक गांव की रहने वाली है। उसके पिता का देहांत हो गया है, जबकि मां हास्पिटल में भर्ती है। रविवार रात उसके चाचा व अन्य परिजन उसे रोडवेज बस स्टैंड से ले गए थे।

## आसिम सिद्दीकी मेमोरियल डिग्री कॉलेज में होली,ईद मिलन समारोह आयोजित

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर के प्रतिष्ठित आसिम सिद्दीकी मेमोरियल पीजी डिग्री कॉलेज में सोमवार को होली-ईद मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। आपसी भाईचारे और सौहार्द के प्रतीक इस कार्यक्रम में गंगा-जमुनी तहजीब की अनूठी झलक देखने को मिली। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे सेवानिवृत्त प्रवक्ता राजीव राज एवं अनवर आलम का शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। वक्ताओं ने उनके दीर्घ शैक्षिक अनुभव और समाज के प्रति उनके योगदान की जमकर सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में सहायक प्रोफ़ेसर डॉ अहमद मुज्तबा सिद्दीकी ने की। अपने संबोधन में उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एकता और सामाजिक समरसता पर बल देते हुए ऐसे आयोजनों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक ज़ोहेब अली सय्यद, प्रबंधन समिति के सदस्य सालिम फ़रशोरी, सलमान अहमद एवं रूमान हाशमी ने भी विचार व्यक्त किए और सभी को त्योहारों की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का सफल संचालन सोहेल सिद्दीकी ने किया। अंत में सलमान अहमद ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कॉलेज स्टाफ और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जनपद में 30 मई तक धारा 163 लागू

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन अरुण कुमार ने बताया कि जनपद में मार्च से मई 2026 तक आयोजित होने वाले महावीर जयंती, गुड फ्राईडे, डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी का जन्मदिवस, बुद्धपूर्णिमा, ईद-उल-अज़हा(बकरीद), महर्षि कश्यप एवं महाराजा निषाद राज गुहय जयन्ती, चन्द्रशेखर जयन्ती, परशुराम जयन्ती के त्यौहार मनाए जाने हैं, साथ ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से 30 मार्च से 30 मई 2026 तक भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 163 (पुरानी सीआरपीसी 1973 की धारा 144) प्रभावी रहेगी। इन आदेशों की अवहेलना भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है।

## मूकबधिर बालक को परिजनों से मिलाने हेतु सहयोग की अपील

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कोमल श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि बाल देखरेख संस्थान, लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में निवासरत एक मूकबधिर बालक को उसके माता-पिता तक पहुंचाने के लिए विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस हेतु उप सचिव राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के अनुपालन में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि बालक को उसके परिजनों से मिलाया जा सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने बताया कि यह बालक वर्तमान में बाल देखरेख संस्थान कुरुक्षेत्र हरियाणा में रह रहा है तथा उसके माता-पिता अथवा परिजनों का पता नहीं चल सका है। ऐसे में उसकी पहचान स्थापित करने के लिए आमजन की सहायता अपेक्षित है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को बालक के संबंध में कोई जानकारी हो तो तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचित करें, जिससे आवश्यक कार्रवाई करते हुए बालक को उसके परिवार से मिलाया जा सके।

## ग्राम चौपाल का आयोजन कर किया शिकायतों का निस्तारण

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सामुदायिक केन्द्र भवन गुलड़िया में चकबन्दी विभाग के प्राधिकारियों द्वारा ग्राम में चकबन्दी से सम्बन्धित समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण एवं निस्तारण के लिए बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में उपस्थित कृषकगणों में धनपाल सिंह पुत्र हेतराम सिंह, रामसिंह राठौर पुत्र हरप्रसाद सिंह, पालन सिंह पुत्र रूम सिंह, पंकज सिंह, अखिलेश कुमार, भगवन्त सिंह व सुरेश चन्द्र सिंह आदि द्वारा चकबन्दी से सम्बन्धित अपनी विभिन्न समस्याओं से अधिकारीगण को अवगत कराया गया। अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस अवसर पर ग्राम चौपाल में क्षेत्रीय चकबन्दी अधिकारी, चकबन्दी कर्ता, चकबन्दी लेखपाल व ग्राम के काफी अधिक संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे।

## उन्नाव के स्टेशन अधीक्षक निलंबित

**उन्नाव, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उन्नाव के स्टेशन अधीक्षक त्रिभुवन जोशी को चार्ज न सौंपने तथा ड्यूटी के दौरान विभिन्न अनियमितताओं के चलते निलंबित कर दिया गया। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि स्टेशन अधीक्षक को प्रशासनिक आधार पर निलंबित किया गया है। उनके खिलाफ जांच जारी रहेगी।उन्नाव रेलवे स्टेशन पर त्रिभुवन जोशी स्टेशन अधीक्षक के पद पर तैनात थे। उन पर ड्यूटी के दौरान गैरहाजिर, स्थानांतरण होने के उपरांत चार्ज न सौंपने तथा स्टेशन पर तैनात अन्य कमर्चारियों द्वारा की जा रही शिकायत सहित डीआरएम के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिलना स्टेशन अधीक्षक पर कार्यवाही होने के मुख्य कारण माने जा रहे है। अनुपस्थित मिलने पर रिपोर्ट मंडल कार्यालय भेजी गई थी। पूरे मामले की जांच हुई थी। त्रिभुवन जोशी का स्थानांतरण पहले ही अन्य स्टेशन पर हो गया था किंतु उन्होंने चार्ज नहीं सौंपा था। विभाग द्वारा इसे प्रशासनिक आदेशों का का पालन न करने हेतु अनियमितता माना गया।वही डीआरएम कार्यालय में अन्य कमर्चारियों द्वारा स्टेशन अधीक्षक की कार्यशैली व व्यवहार को लेकर नाराजगी जताते हुए लिखित शिकायत भी की थी बताया जाता है। रेलवे प्रशासन ने सभी मामलों का संज्ञान लेते हुए जांच के बाद कार्यवाही की।

# 15 वर्षीय किशोर की पानी टंकी में मौत का मामला पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रायबरेली। क्षेत्र के महराजगंज कोतवाली अंतर्गत ठाकुरपुर मजरे कैड़ावा गांव में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई थी। यह घटना जल जीवन मिशन योजना के तहत निर्माणाधीन पानी की टंकी पर काम के दौरान हुई थी, जिसने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात कर्मचारी के खिलाफ बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आपको बता दें कि, प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक किशोर कुनाल (15) की मां मीना देवी पत्नी राम नेवाज ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि, उनकी जानकारी के बिना उनका नाबालिग बेटा टंकी पर काम करवा रहे एक कर्मचारी के कहने पर मजदूरी करने चला गया था। दिनभर काम करने के बाद शाम लगभग 5 से 6 बजे के बीच वह टंकी की सीढ़ियों से नीचे कुछ सामान लेने उतर रहा था। इसी दौरान वह बांस से टकराकर संतुलन खो बैठा और नीचे गिर गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से घायल कुनाल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की मां ने अपने बेटे की मौत के लिए टंकी पर मौजूद अज्ञात कर्मचारी को जिम्मेदार ठहराते हुए न्याय की गुहार लगाई है। मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने बताया कि, तहरीर के आधार पर अज्ञात कर्मचारी के खिलाफ बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। बताया जाता है कि, कुनाल के पिता का करीब 6-7 वर्ष पूर्व बीमारी के चलते निधन हो चुका है। मां मीना कुमारी अपने तीन बेटों-नीरज (22), नितिन (17) और कुनाल (15)-के साथ जीवन यापन कर रही थीं। बड़ा बेटा नीरज दिल्ली में एक निजी कंपनी में कार्यरत है और परिवार की जिम्मेदारियां संभालता है, जबकि दूसरा बेटा नितिन मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जाता है। कुनाल अभी पढ़ाई कर रहा था, लेकिन इस हृदयविदारक घटना ने परिवार की खुशियां छीन लीं। किशोर की असमय मृत्यु से न केवल परिवार बल्कि पूरे गांव में शोक की लहर है।

# बांदा में आधी रात चले अभियान में 23 ओवरलोड वाहन जब्त, अवैध खनन पर सख्ती जारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बांदा । बांदा के जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित टास्क फोर्स ने तहसील बबेरू के ग्राम मर्काखादर स्थित खंड संख्या-03 में संचालित बालू/मोरम खनन पट्टे पर औचक छापेमारी कर वाहनों की जांच की। इस संयुक्त कार्रवाई में अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर, उपजिलाधिकारी बांदा व पैलानी, खान निरीक्षक और सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी समेत संबंधित थानों की पुलिस टीम शामिल रही। जांच के दौरान कुल 23 वाहन ओवरलोड या बिना वैध परिवहन प्रपत्र के पाए गए, जिन्हें तत्काल कब्जे में लेकर संबंधित थानों में खड़ा करा दिया गया है।प्रशासन ने यह कार्रवाई देर रात करीब 1 बजे की है। साथ ही स्पष्ट किया है कि ओवरलोड वाहनों के साथ-साथ संबंधित पट्टाधारक के खिलाफ भी उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली-2021 के नियम-60(6) के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से खनिज, परिवहन और वाणिज्य कर विभाग को लगभग 44 से 45 लाख रुपये के राजस्व की प्राप्ति होने का अनुमान है।जांच के दौरान कुछ वाहन चालक मौके से भागने की कोशिश में रास्ते में ही बालू/मोरम गिराकर फरार हो गए। प्रशासन ने करीब 135 घन मीटर गिरे हुए खनिज को भी एकत्र कर पुलिस अभिरक्षा में रखवा दिया है। जिलाधिकारी ने मंगलवार को टास्क फोर्स को निर्देश दिए हैं कि जनपद में संचालित सभी खनन पट्टों की नियमित और विशेषकर रात्रिकालीन जांच सोर्स प्वाइंट पर की जाए, ताकि अवैध खनन पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सके।

# नकली सोना बेचकर ठगी करने वाले सात दोषियों को चार-चार वर्ष की सजा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

औरैया । उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में सदर कोतवाली क्षेत्र में छह माह पुराने धोखाधड़ी और टप्पेबाजी के मामले में न्यायालय ने मंगलवार को कड़ा फैसला सुनाते हुए सात लोगों को दोषी ठहराया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निधि सिसौदिया ने सभी दोषियों को चार-चार वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर तीन-तीन हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। अर्थदंड अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।मामला उस समय का है जब उड़ीसा के जिला जाजपुर निवासी तीन महिलाओं समेत सात लोगों शहर के एक व्यापारी को नकली सोना असली बताकर ठगने का प्रयास किया था। आरोपितों में दुखिया नायक, प्रताप सौंधी, राजू, माइकिल, शिवा, मीणा सरसा और दुर्गा प्रधान शामिल हैं।अभियोजन पक्ष के अनुसार, सदर बाजार होमगंज निवासी सत्यजीत ने कोतवाली औरैया में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि 8 अक्टूबर 2025 की शाम करीब चार बजे खानपुर चौराहा स्थित उनकी 'वैष्णवी ट्रैवलर्स' की दुकान पर सात लोग पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि उन्हें ट्रेन में करीब एक किलो सोना मिला है, जिसकी कीमत लगभग एक करोड़ रुपये है, लेकिन वे इसे सस्ते में बेचने को तैयार हैं।वादी ने सोने की जांच कराने की बात कही, जिस पर आरोपितों ने लाल कपड़े में लिपटा करीब पांच ग्राम सोना दिखाते हुए एडवांस के तौर पर पैसे मांगे। विश्वास में आकर वादी ने उन्हें पांच हजार रुपये दे दिए और शेष भुगतान जांच के बाद करने को कहा। जब वह सोने की जांच कराने सुनार के पास गया, तो वह पूरी तरह नकली निकला। इस बीच आरोपी मौके से फरार हो गए। वापस लौटने पर वादी ने पाया कि दुकान में रखे दो एम्प्लीफायर, एक मोबाइल फोन और पांच हजार रुपये नकद भी गायब हैं। तत्काल खोजबीन के बाद भी आरोपी नहीं मिले, जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई।पुलिस ने जांच कर सभी आरोपितों को गिरफ्तार किया और न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया।

# जिले के परिषदीय विद्यालयों में परीक्षाफल वितरण के बाद शुरू हुआ ''स्कूल चलो अभियान''

❑ विद्यालयों में वितरित किया गया परीक्षाफल, मनाया गया वार्षिकोत्सव

❑ परिषदीय विद्यालयों में परीक्षाफल पाकर झूम उठे बच्चे, अगली क्लॉस में जाने की दिखी खुशी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




रायबरेली। परिषदीय विद्यालयों में सोमवार को विद्यालयों में वार्षिकोत्सव व परीक्षाफल का वितरण किया गया। इसके साथ ही पुराने छात्रों को विदाई दी भी गई। विद्यालयों में जहां पुराने छात्रों में नई क्लॉस में जाने की खुशी दी गई तो वहीं अपने परिणाम पाकर चेहरे खिल उठे। बच्चों की फ़ेयरवेल पार्टी आयोजित में एक अलग ही माहौल देखने को मिला। इसके साथ ही सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को विद्यालय से विदाई दी गई।

सोमवार को अमावां ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय जरैला में सोमवार बच्चों को परीक्षाफल और प्रधानाध्यापक शैल कुमारी की विदाई गई। इस मौके पर प्रधानाध्यापक शैल कुमारी की तरफ से सभी बच्चों को पुरुस्कार व कापी वितरित की गई। इस मौके पर तेज प्रकाश श्रीवास्तव, रिशू श्रीवास्तव, मुकेश, रितु चौहान, राम गोपाल, दीपाली, प्रेरणा, सुनीता, रामेश्वरी व प्रवेश यादव उपस्थित रहे। ब्लॉक के ही उच्च प्राथमिक विद्यालय हिलगी में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक मीना कुमारी ने बताया कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में पास छात्रा ज्योति को सम्मानित किया गया। वार्षिकोत्सव व परीक्षाफल कार्यक्रम का संचालन नीरज कुमार ने किया। इस मौके पर रितेश कुमार, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। पीएम श्री विद्यालय अमावां में वार्षिकोत्सव व सेवानिवृत्त शिक्षिका नीरू बजाज का सम्मान किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अंजू यादव, आरएसएम के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, नीतेश मौर्य रहे। इस बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबका मनमोह लिया। गणेश वंदना, होली गीत, नशामुक्ति पर नाटक प्रस्तुत किया। वार्षिकोत्सव का संचालन रणविजय सिंह ने किया। इस मौके पर एआरपी हरिश्चंद्र पाण्डेय, सतीश चौरसिया, मयंक बाजपेई, राजकुमार सिंह, सियाराम, प्रीति सोनकर, मनोज पुष्कर, विनोद यादव, बबिता सिंह, शशी किरण, अंजू श्रीवास्तव, विजय सिंह, विजय कुमार, श्यामलाल, शिवम श्रीवास्तव, सरिता सिंह मौजूद रहे। सतांव ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय जगजीवनपुर अमरिया में सोमवार को बच्चों को परीक्षाफल का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रमणि बाजपेई व ग्राम प्रधान बृज किशोर अवस्थी ने की।

डायग्नोस्टिक सेंटरो का काला कारोबार : राजनीतिक संरक्षण में फलता-फूलता 'डायग्नोस्टिक माफिया'

# नकली डॉक्टरों के भरोसे चल रही 'मौत की दुकानें'

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में जहां अस्पतालों और डायग्नोस्टिक सेंटरों को मरीजों की जिंदगी बचाने का केंद्र होना चाहिए,वहीं गोंडा जिले में यह व्यवस्था धीरे-धीरे मौत के सौदे में बदलती जा रही है। सफ़ेद कोट और डॉक्टर की उपाधि के पीछे छिपा एक ऐसा काला कारोबार सामने आ रहा है, जिसमें मरीजों की बीमारी से ज्यादा उनकी मजबूरी का इलाज किया जा रहा है।सूत्रों और स्थानीय लोगों के अनु सार,गोंडा जिले में संचालित कई निजी अस्पताल और डायग्नोस्टिक सेंटर ऐसे लोगों के हाथों में हैं, जिनके पास न तो कोई मान्यता प्राप्त मेडिकल डिग्री है और न ही चिकित्सा सेवा का अनुभव। इसके बावजूद वे खुद को डॉक्टर बताकर इलाज कर रहे हैं।बोर्ड पर बड़े बड़े विशेषज्ञ डॉक्टरों के नाम चमकते हैं,लेकिन हकीकत में मरीजों को देख ने वाले झोलाछाप या टेक्नीशियन होते हैं।इस पूरे खेल में सबसे खतरनाक पहलू यह है कि कई जग हों पर डॉक्टर केवल नाम और डिग्री देने के लिए किराए पर रखे जाते हैं।महीने में दो-तीन दिन के लिए आने वाले डॉक्टरों के नाम से पूरे महीने मरी जों का इलाज चलता रहता है,इस व्यवस्था में इला ज का जिम्मा उन लोगों के हाथों में होता है,जिनके पास न प्रशिक्षण है, न अनुभव और न ही कानूनी अधिकार। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीज, जो पहले से ही स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं, इस फर्जी तंत्र के सबसे आसान शिकार बन जाते हैं,बीमारी और मजबूरी के बीच उन्हें यह पता ही नहीं चलता कि जिस व्यक्ति से वे इलाज करा रहे हैं,वह असल में डॉक्टर है भी या नहीं।सूत्रों का दावा है कि जब भी स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच के लिए आती है,तो पूरा सिस्टम अचानक बदल जाता है।जिन डॉक्टरों को महीनों तक सेंटर में न हीं देखा जाता, वे जांच के दिन मौजूद मिलते हैं। कागजों में सब कुछ दुरुस्त दिखा दिया जाता है और मामला वहीं खत्म हो जाता है। सबसे गंभीर आरोप यह है कि कई मामलों में लापरवाही या गलत इलाज के कारण मरीजों की मौत तक हो जाती है। लेकिन मौत के बाद भी सच्चाई सामने नहीं आती। स्थानीय स्तर पर पुलिस, प्रभावशाली लोगों और सेंटर संचालकों के बीच पहले से बनी सेटिंग के जरिए मामलों को दबा दिया जाता है। गोंडा जिले में इस पूरे नेटवर्क के पीछे राजनीतिक संरक्षण की भी चर्चा है।स्थानीय स्तर पर सत्ता पक्ष के कुछ नेताओं का समर्थन मिलने के कारण यह कारोबार बेखौफ चलता रहता है।यही वजह है कि वर्षों से शिकायतों के बावजूद इन सेंटरों के खिला फ ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती। सूत्रों के मुताबिक, जिला महिला अस्पताल के पास स्थित एमडीसी अल्ट्रासाउंड डायनोस्टिक सेंटर समेत कई सेंटर इस पूरे नेटवर्क के केंद्र में बताए जा रहे हैं। इतना ही नहीं, गांवों में सक्रिय झोलाछाप डॉक्टरों और आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से रेफरल का एक बड़ा कमीशन तंत्र भी काम कर रहा है। मरीज को जितनी ज्यादा जांच के लिए भेजा जाएगा, उतनी ज्यादा कमाई होगी। इस पूरे मामले ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है क्या स्वास्थ्य सेवा पूरी तरह कारोबार में बदल चुका है और अगर ऐसा है तो इस कारोबार की कीमत आखिर कौन चुका रहा है। गरीब और ग्रामीण मरीज जो इलाज की उम्मीद लेकर आते हैं लेकिन कई बार जिंदगी दांव पर लगाकर लौटते हैं। इस संबंध में सीएमओ से फोन पर लगातार कई बार सम्पर्क किया गया गया लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

## खिलवाड़

- बोर्ड पर बड़े-बड़े डॉक्टर, अंदर झोलाछाप का राज
- डिग्री किराए पर, इलाज ठेके पर मरीजों की जिंदगी दांव पर
- जांच के नाम पर जेब कटाई, इलाज के नाम पर खिलवाड़
- स्वास्थ्य विभाग की मिली भगत से फल फूल रहा फर्जी नेटवर्क
- ग्रामीण मरीज सबसे आसान शिकार, रेफरल पर मोटा कमीशन
- मौत के बाद समझौते की पटकथा, दबा दिए जाते हैं मामले
- शिकायत के बाद भी नहीं होती है कोई कार्यवाही
- जिले में कई डायग्नोस्टिक सेंटर बिना योग्य डॉक्टरो के संचालित
- डिग्रीधारी डॉक्टर केवल लाइसेंस के लिए कॉन्ट्रैक्ट पर, बोर्ड पर डॉक्टर के नाम लेकिन मौके पर झोला छाप या टेक्नीशियन



सीएमओ संत लाल पटेल

### जांच के नाम पर सिर्फ जेब कटाई

इन सेंटरों में सबसे बड़ा खेल जांचों के नाम पर चलता है। मरीज को अक्सर ऐसी जांचें भी लिख दी जाती हैं जिनकी उसे जरूरत नहीं होती। ब्लड टेस्ट, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड और अन्य जांचों का एक लंबा बिल मरीज को थमा दिया जाता है।

### स्वास्थ्य सेवा या कमाई का अड्डा

गोंडा जिले में तेजी से बढ़ते निधि अस्पतालों के डायग्नोस्टिक सेंटरो ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का दावा जरूर किया,लेकिन हकीकत इस के बिल्कुल उलट दिखाई दे रही है।जांच में सामने आ रहा है कि कई सेंटर ऐसे लोगों द्वारा संचालित किए जा रहे हैं,जिनका चिकित्सा क्षेत्र से कोई संबं ध ही नहीं है।चिकित्सा सेवा के नाम पर यहां केव ल व्यवसाय चल रहा है।मरीजों की बीमारी से ज्या दा उनकी जेब पर ध्यान दिया जाता है,मरीज अस्प ताल में प्रवेश करता है और कुछ ही मिनटों में उसे कई तरह की जांचों की लंबी सूची थमा दी जाती है।

### ग्रामीण मरीज सबसे ज्यादा शिकार

गोंडा जिले के करनैलगंज क्षेत्र के आसपास के गांवों से आने वाले मरीज इस सिस्टम के सबसे आसान शिकार बनते हैं।उन्हें न तो मेडिकल डिग्री की जानकारी होती है और न ही अस्पतालों की वैधता की।वे केवल बोर्ड पर लिखे डॉक्टरों के नाम देखकर भरोसा कर लेते हैं।

### बोर्ड पर डॉक्टर, इलाज झोलाछाप के हाथ

जिले के कई डायग्नोस्टिक सेंटरों के बाहर बड़े-बड़े बोर्ड लगे हैं जिन पर एमडी,डीएम,एमबी बीएस जैसे बड़े-बड़े डिग्रीधारी डॉक्टरों के नाम लि खे होते हैं।लेकिन जब मरीज अंदर पहुंचता है तो उसे देखने वाला व्यक्ति कोई प्रशिक्षित डॉक्टर नहीं बल्कि टेक्नीशियन या झोलाछाप होता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि कई डॉक्टरों को केवल,नाम देने के लिए जोड़ा जाता है।किराए के डॉक्टरों का खेल सूत्रों के अनुसार कई सेंटरों ने डिग्रीधारी डॉक्टरों से समझौता कर रखा है।इन डॉक्टरों की भूमिका केवल कागजों पर मौजूद रहने तक सीमि त होती है।महीने में दो-तीन दिन सेंटर पर आना, र जिस्टर और दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करना, विभा गीय जांच के समय उपस्थित होना इसके बदले उ न्हें तय रकम दी जाती है।

### रेफरल पर कमीशन का नेटवर्क

सूत्रों के अनुसार,गांवों में सक्रिय झोलाछाप डॉक्टर और कुछ आशा कार्यकर्ता मरीजों को इन सेंटरों त क भेजते हैं।हर मरीज के बदले उन्हें कमीशन दि या जाता है।यह कमीशन कई बार जांच के बिल का बीस से तीस प्रतिशत तक होता है।

### मौत के बाद समझौते की कहानी

सबसे गंभीर आरोप यह है कि कई मामलों में ग लत इलाज या लापरवाही के कारण मरीजों की हालत बिगड़ जाती है।कुछ मामलों में मौत भी हो जाती है।लेकिन ऐसे मामलों को सामने आने से पहले ही दबा दिया जाता है।परिजनों से समझौता, पुलिस स्तर पर मामला शांत,राजनीतिक दबाव, स्वास्थ्य विभाग की भूमिका पर सवाल।इस पूरे मा मले में स्वास्थ्य विभाग की भूमिका भी सवालों के घेरे में है।स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकाय तों के बावजूद कार्रवाई नहीं होती।जांच के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जाती है।

### राजनीतिक संरक्षण का आरोप

करनैलगंज, मनकापुर, तरबगंज तहसील, क्षेत्र में कई सेंटरों को स्थानीय राजनीतिक संरक्षण मिलने की चर्चा भी है।यही कारण है कि नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाने के बावजूद इन पर कार्रवाई नहीं होती।वही शहर में जिला महिला अस्पताल से सटे एमडीसी अल्ट्रासाउंड सेंटर समेत कई सेंटर सवा लों के घेरे में।सूत्रों के अनुसार एमडीसी डायग्नो स्टिक सेंटर समेत कई सेंटर इस पूरे नेटवर्क के कें द्र में बताए जा रहे हैं।हालांकि इन आरोपों की आ धिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है,लेकिन स्थानीय स्तर पर इन सेंटरों को लेकर लगातार आए दिन शिकायतें सामने आ रही हैं।

# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा: जिले में पुलिस और बदमाश के बीच हुई मुठ भेड़ में पचीस हजार रुपये का इनामिया शातिर अपराधी अमित तिवारी उर्फ घुरले गिरफ्तार कर लिया गया।नारायणपुर मांझा के पास हुई इस कार्र वाई में बदमाश के पैर में गोली लगी है।जिसके बा द उसे दबोच लिया गया।उसके कब्जे से अवैध त मंचा,कारतूस,नकदी और बाइक बरामद हुई।आरो पी महिलाओं से जेवर लूटने वाली गैंग का सक्रिय सदस्य बताया जा रहा है।जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में एसओजी और कोतवाली कर्नलगंज की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के दौरान पचीस हजार रुपये के इनामिया बदमाश अ मित तिवारी उर्फ घुरले को गिरफ्तार कर लिया है। नारायणपुर मांझा के पास उस समय मुठभेड़ हुई। जब पुलिस टीम को सूचना मिली कि वांछित बद माश सुपर स्प्लेंडर बाइक से इलाके में आने वाला है।पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ने की कोशिश की।लेकिन खुद को घिरता देख बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।जवाबी कार्रवाई में पुलि स की गोली उसके पैर में लगी। जिससे वह घायल हो गया।इसके बाद पुलिस ने उसे मौके पर ही दबो च लिया।

गिरफ्तार आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर,एक जिंदा और एक खोखा कारतूस, सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल तथा विभिन्न छिनैती की घटनाओं से जुड़े 22 हजार रुपये नकद बराम द किए गए हैं।घायल बदमाश को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां उसका इलाज चल रहा है।

- तमंचा कारतूस नगदी और बाइक बरामद

### पुलिस की चार टीमें कर रही थी तलाश

दरअसल यह कार्रवाई 19 फरवरी को हुई एक झ पटमारी की घटना के बाद तेज हुई थी।कर्नलगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले अंकुश तिवारी ने शिकाय त दर्ज कराई थी कि वह अपनी मां के साथ बाइक से विवाह समारोह में जा रहे थे तभी चकरौत बा जार के पास पल्सर सवार बदमाशों ने उनकी मां के कान की झुमकी लूट ली।इस घटना में उनकी मां का कान तक फट गया था।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने चार टीमों का ग ठन किया था।सीसीटीवी फुटेज खंगालकर संदि ग्धों की पहचान की गई और लगातार चेकिंग अ भियान चलाया गया।इसी क्रम में 27 मार्च को एक अन्य आरोपी विवेक पांडेय उर्फ विक्कू को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था।पुलिस कर रही पूछताछ खुल सकते कई राज पुलिस जांच में सा मने आया है कि अमित तिवारी उर्फ घुरले एक शा तिर अपराधी है।जो अपने साथियों के साथ मिल कर महिलाओं को निशाना बनाता था।वह चलती बाइक से झुमके और आभूषण छीनने की घटना ओं को अंजाम देता था।उसके खिलाफ गोंडा के कर्नलगंज,कोतवाली देहात और बस्ती जिले में भी कई मामले दर्ज हैं।फिलहाल पुलिस आरोपी से ग हन पूछताछ कर रही है।उसके अन्य साथियों व घ टनाओं के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। ज ल्द ही और खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

कैनविज टाइम्स की खबर का असर

# 21.47 करोड़ बैंक घोटाले के आरोपी मो.असलम गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। नगर कोतवाली पुलिस ने उत्तर प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव बैंक की गोंडा शाखा में 21.47 करोड़ रुपये के घोटाले में आरोपी मो.असलम निवासी मरचौर थाना परसपुर को जानकीपुरम लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में महिला समेत चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्ता र किया जा चुका है।अन्य दस आरोपियों की गिर फ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गई है।घोटाले के विवेचक व नगर कोतवाली के अपराध निरीक्षक सभाजीत सिंह ने बताया कि घोटाले में आरोपी मो.असलम को लखनऊ के जानकी नगर से गि रफ्तार किया गया है।जांच में पाया गया कि आरो पी मो.असलम के खाते में घोटाले के 46.13 लाख रुपये ट्रांसफर किए गए थे। इससे पूर्व 18 जनवरी को आरोपी बैंक प्रबंधक पवन पाल निवा सी



अयोध्या,राघवराम निवासी बहलोलपुर, कोतवा ली देहात व गीता के पति शिवाकांत वर्मा को गिर फ्तार किया जा चुका है।वहीं, बैंक प्रबंधक पवन पाल की आरोपी मां सुमित्रा की मौत हो चुकी है।

मामला कोऑपरेटिव बैंक की गोंडा शाखा में ऋण वितरण में अनियमितता और धोखाधड़ी से जुड़ा है सहायक महाप्रबंधक की शिकायत पर दर्ज एफ आईआर में सामने आया कि तत्कालीन शाखा प्रबंधक पवन कुमार पाल ने बैंक कर्मचारियों व खाताधारकों के साथ मिलकर सुनियोजित तरीके से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नियमों के विपरी त ऋण स्वीकृत कराए।जांच में 205 खातों व पांच आंतरिक खातों से 21.47 करोड़ रुपये के गबन का खुलासा हुआ था।वही सबसे बड़ा सवाल पुलि स पर या उठ रहा है की बैंक घोटाले के एक आरो पी को पुलिस खुली छूट दे रखी है क्या..? घोटाले का एक आरोपी खुलेआम मौजूदा विधायक के सा थ मंच पर बैठ कर विधायक का स्वागत करता है जिसकी फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो ती है जिसको गोंडा पुलिस पकड़ने में परहेज कर रही है। वही बैंक घोटाले के आरोपियों की खबर कैनविज टाइम्स लगातार प्रमुखता से प्रकाशित कर रहा है उस खबर को संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने बैंक घोटाले के आरोपी मो.असलम को गिरफ्ता र किया है।

# खुला नाला: देर रात नाले में गिरा युवक, स्थानीय लोगों ने बचाई जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा:सड़क किनारे बने खुले नाले में एक बार फिर हादसे की वजह बन गए। देर रात गोंडा-बलरामपुर रोड पर सेमरा चौकी के पास एक बाइक सवार यु वक अनियंत्रित होकर बड़े खुले नाले में जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से युवक को कि सी तरह बाहर निकाला,जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।जानकारी के मुताबिक अखिलेश नाम का युवक देर रात बाइक से गुजर रहा था।इसी दौ रान सड़क किनारे खुले पड़े बड़े नाले में उसकी मो टरसाइकिल अनियंत्रित होकर जा गिरी।प्रत्यक्षद र्शियों के मुताबिक युवक नाले में गिरने के बाद डूब ने लगा था।मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत शोर म चाया और सेमरा चौकी पुलिस को सूचना दी।घट ना के बाद स्थानीय लोगों और पुलिसकर्मियों ने मिलकर रेस्क्यू किया और युवक को नाले से बाहर निकाला।इसके बाद उसे इलाज के लिए पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।लोगों का कहना है कि अगर समय रहते युवक को बाहर नहीं निकाला जाता तो कोई बड़ी अनहोनी हो सक ती थी।

### नोएडा हादसे के बाद भी नहीं चेता प्रशासन

नोएडा में इंजीनियर युवराज मेहता की खुले नाले में गिरने से मौत के बाद भी गोंडा जिला प्रशासन और नगर पालिका की ओर से ऐसे खुले नालों को ढकने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई है गोंडा-बलरामपुर हाईवे के किनारे बना यह बड़ा नाला लंबे समय से खुला पड़ा है,लेकिन सुरक्षा के इंतजाम अब तक नहीं किए गए।स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहला मामला नहीं है।इससे पहले भी यहां कम से कम पांच लोग इसी तरह खुले नाले में गिर चुके हैं। हर बार स्थानीय लोगों ने ही उन्हें बाहर निकालकर जान बचाई।आरोप है कि बार-बार हादसे होने के बावजूद नगर पालिका परिषद और जिला प्रशासन ने नाले को ढकने या सुरक्षा बैरिकेड लगाने के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया।

### लोग बोले- किसी दिन हो सकती है बड़ी अनहोनी

स्थानीय निवासी कृष्ण शर्मा और पंकज ने बताया कि इस नाले की वजह से लगातार हादसे हो रहे हैं। उनका कहना है कि रात के समय यहां से गुजरने वाले लोगों को नाला दिखाई नहीं देता और वे सीधे उसमें गिर जाते हैं।उन्होंने कहा कि अगर देर रात जानकारी न मिलती तो इस बार बड़ा हादसा हो सकता था।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से खुले नाले को जल्द से जल्द बंद कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते इस पर कार्रवाई नहीं हुई, तो किसी दिन यह लापरवाही किसी की जान ले सकती है।

# स्मार्ट मीटर व बिलिंग त्रुटियों को तुरंत दूर करें : ए. के. शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ए के शर्मा ने शक्ति भवन सभागार में विद्युत विभाग के कार्यों, उपभोक्ता सेवाओं एवं व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में विद्युत आपूर्ति को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं उपभोक्ता-केंद्रित बनाने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान ऊर्ज़ा मंत्री ने स्मार्ट मीटर एवं कंप्यूटरीकृत बिलिंग प्रणाली में आ रही त्रुटियों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि बिलिंग व्यवस्था को पूरी तरह त्रुटिरहित बनाया जाए। उन्होंने कहा कि डिजिटल सिस्टम होने के बावजूद यदि उपभोक्ताओं को गलत बिल प्राप्त हो रहे हैं, तो यह सुधार की आवश्यकता को दर्शाता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिलिंग संबंधी शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे उपभोक्ताओं का विश्वास बना रहे।



जनसुनवाई में प्राप्त हो रही शिकायतों का उल्लेख करते हुए मंत्री ए के शर्मा ने कहा कि उपभोक्ताओं को बार-बार अनावश्यक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसे तत्काल सुधारने की आवश्यकता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बिल जमा होने के बाद उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बिना विलंब के बहाल की जाए तथा इस प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। ऊर्ज़ा मंत्री ने सभी डिस्कॉम के प्रमुखों को निर्देशित किया कि शिकायत निस्तारण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। प्रत्येक शिकायत की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए उसका गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि फील्ड स्तर पर अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए, जिससे समस्याओं का समाधान धरातल पर प्रभावी ढंग से हो सके। संविदाकर्मियों के संदर्भ में ऊर्ज़ा मंत्री ने निर्देश दिए कि किसी भी संविदा कर्मचारी को अनावश्यक रूप से न हटाया जाए तथा सभी को समय पर मानदेय का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यबल की स्थिरता एवं संतुष्टि से ही सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार संभव है। आगामी ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए मंत्री ने सभी डिस्कॉम को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने ट्रांसफार्मरों की समय से मरम्मत/प्रतिस्थापन, जर्जर लाइनों के सुधार, केबल बिछाने, उपकरणों के रखरखाव एवं विद्युत क्षमता वृद्धि के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि गर्मी शुरू होने के बाद कार्य लंबित पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।बैठक में अपर मुख्य सचिव नरेंद्र भूषण, एडीजी विजिलेंस जय नारायण सिंह, चेयरमैन आशीष गोयल, मयूर माहेश्वरी, इंद्रजीत सिंह सहित विभिन्न डिस्कॉम के एमडी वर्चुअल रूप से जुड़े रहे।

# पुलिस कर्मियों का सम्मान, दी गई विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी में अधिकारी/कर्मचारीगण के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर एक गरिमामय एवं भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल द्वारा सहायक पुलिस आयुक्त सोमवीर सिंह सिरोही, उ0नि0 रामनिधि मिश्र व मुख्य आरक्षी चालक मंगला सिंह को उनके उत्कृष्ट सेवाकाल, अनुशासनप्रिय कार्यशैली एवं अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान हेतु सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई।

पुलिस आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि सोमवीर सिंह सिरोही, रामनिधि मिश्र व मंगला सिंह ने अपने सेवाकाल में कर्तव्यनिष्ठा, नेतृत्व क्षमता एवं जनसेवा के प्रति समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर सोमवीर सिंह सिरोही, रामनिधि मिश्र व मंगला सिंह को स्मृति चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। विदाई समारोह में अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय शिवहरी मीणा,



पुलिस उपायुक्त काशी जोन गौरव बंशवाल, पुलिस उपायुक्त वरूणा जोन प्रमोद कुमार सहित कमिश्नरेट के अन्य राजपत्रित अधिकारीगण उपस्थित रहे। समारोह का वातावरण सम्मान, कृतज्ञता एवं भावनाओं से परिपूर्ण रहा।

### मऊ-अम्बाला कैंट के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन

**मऊ।** रेलवे प्रशासन ने ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मऊ और अम्बाला कैंट के बीच साप्ताहिक विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 05301/05302 मऊ-अम्बाला कैंट-मऊ ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष ट्रेन का संचालन अप्रैल से जुलाई 2026 तक किया जाएगा। गाड़ी संख्या 05301 मऊ-अम्बाला कैंट साप्ताहिक एक्सप्रेस 2 अप्रैल से 16 जुलाई 2026 तक प्रत्येक गुरुवार को कुल 16 फ़ेरों में चलाई जाएगी। यह ट्रेन मऊ से सुबह 04:00 बजे प्रस्थान कर बेल्थरा रोड, भटनी, देवरिया सदर, गोरखपुर, बस्ती, मनकापुर, गोण्डा, सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली, सोनीपत और पानीपत होते हुए अगले दिन 00:30 बजे अम्बाला कैंट पहुंचेगी।

वापसी दिशा में गाड़ी संख्या 05302 अम्बाला कैंट-मऊ साप्ताहिक एक्सप्रेस 3 अप्रैल से 17 जुलाई 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार को 16 फ़ेरों में चलाई जाएगी। यह ट्रेन अम्बाला कैंट से 01:40 बजे प्रस्थान कर निर्धारित स्टेशनों पर रुकते हुए रात 23:00 बजे मऊ पहुंचेगी। रेलवे के अनुसार, इस विशेष ट्रेन में कुल 22 कोच लगाए जाएंगे। इनमें जनरेटर सह लगेज यान, सामान्य द्वितीय श्रेणी, शयनयान श्रेणी, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी तथा एलएसएलआरडी कोच शामिल होंगे। रेलवे प्रशासन का कहना है कि इस विशेष ट्रेन के संचालन से गर्मी के मौसम में यात्रियों को काफी राहत मिलेगी और लंबी दूरी की यात्रा अधिक सुगम हो सकेगी।

# मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक पीड़िता ने की शिकायत, फिर भी नहीं मिला न्याय, आरोपी घूम रहे हैं खुलेआम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- लापरवाह बनी कोषाधिकारी नैनीताल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के आदेशों की कर रही अनदेखी
- एक बार फिर पीड़िता ने राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष से लगाई न्याय की गुहार

पिथौरागढ। जनपद की तहसील धारचूला के गांव बलुवाकोट की रहने वाली पीड़िता की माता स्वर्गीय भागीरथी देवी सेवानिवृत्ति पशुधन सहायक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष को भेजे शिकायती पत्र में कहा कि पीड़िता के मामा के लड़के किशन, सिस्ताल निवासी ग्राम छलमाछीलाशों धारचूला ने साल 2018 में पीड़िता को धोखे से बेच दिया था। उस समय पीड़िता की आयु मात्र 15 वर्ष थी। जब पीड़िता की मां ने इस बारे में पूछा तो किशन सिस्ताल ने बताया कि पीड़िता की शादी करा दी है।

जब पीड़िता की मां को अपनी लड़की के बारे में जानकारी मालूम हुई तो उनके होश उड़ गए पीड़िता की मां ने काफी खोजबीन के बाद अपनी लड़की को बरामद करके वापस अपने गांव बलुवाकोट ले आई जहां वह कार्यरत थी। पीड़िता की मां की मृत्यु के समय तक पीड़िता अपनी मां के ही साथ रहती थी। मां की मृत्यु के बाद पीड़िता को उसके मामा के लड़के ने कहा अब तेरा कोई नहीं है। कहकर अपने घर ले गए तथा वहां पीड़िता का मानसिक शोषण किया गया। पीड़िता की माता भागीरथी देवी सेवानिवृत्ति पशुधन सहायक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थी।

उनकी मृत्यु दिनांक 22.8.2020 को हो गई थी। उसके बाद उत्तरजीवी प्रमाण पत्र के अनुसार पीड़िता को माह 2022 तक लगातार प्रतिमाह पेंशन का भुगतान किया जा रहा था। पेंशन का भुगतान पीड़िता के खाते में आता रहा लेकिन खाते पर जो नंबर 8171815680 था। वह किशन सिस्ताल का था। क्योंकि कागजी कार्रवाई सारी उसी ने करवा रखी थी। इसलिए उसने नंबर अपना जोड़ दिया ताकि मैसेज या कुछ भी आए तो उसी के फ़ोन में आए और पीड़िता को पता ना चले इसी नंबर पर यूपीआई बनाकर मेरी सभी पेंशन तथा फंड का सारा पैसा निकाल लिया गया था। चेकबुक ,पासबुक, एटीएम, सामान सहित अन्य दस्तावेज भी अभी तक उसी के पास है। मेरे दस्तावेजों में भी किशन सिस्ताल ने छेड़खानी करी है।

जब पीड़िता को पता चला कि मां के खाते से पैसे निकाले हैं तो किशन सिस्ताल कोषागार धारचूला जनपद पिथौरागढ़ से पीड़िता की पेंशन बंद करवा दी तथा पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी और कहा कि यदि तू हमारे साथ रहेगी तो हम पेंशन चालू रहने देंगे नहीं तो पेंशन बंद करा देंगे इसके बाद किशन सिस्ताल के साले देवेंद्र शिरखाल धना देवी की कस्टडी में पीड़िता को सौंप दिया गया था तथा नरेंद्र सिरखाल उर्फ हनु सिरखाल ग्राम सिरखा तहसील धारचूला किशन सिस्ताल का साला ने 5 वर्ष तक पीड़िता के साथ शारीरिक तथा मानसिक शोषण किया पीड़िता ने थाना पुलिस से शिकायत की लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं है।पीड़िता अपनी आप बीती सीएम पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री सतपाल, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य कैबिनेट, मंत्री सुबोध उनियाल सहित अन्य मंत्रियों को सुना चुकी है। लेकिन अधिकारी है कि पीडिया की मदद करने का नाम नहीं ले रहे हैं।जब पीड़िता कोषागार धारचूला गई तो उपकोष अधिकारी धारचूला ने कहा कि आप तलाक की प्रक्रिया अपनाओ तलाक सुदा पुत्री को पेंशन मिलती है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी नैनीताल में पेंशन स्वीकृत कर दी है। कई अधिक बार कोषाधिकारी को पेंशन स्वीकृति का लेटर जारी कर दिया है। अब मुख्य कोषाधिकारी नैनीताल कमलेश भंडारी पीपीओ नंबर को संशोधित करने में आनाकानी कर रही है। उपकोष अधिकारी धारचूला सुंदर बोनाल भी पेंशन लगाने में आनाकानी कर रहे हैं। पेंशन के संबंध में पीड़िता जिला अधिकारी पिथौरागढ़ से भी मिली जिन्होंने पेंशन जारी करने का आश्वासन दिया लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई पीड़िता के माता-पिता दोनों की मृत्यु हो चुकी है तथा वह अनाथ है जिस कारणवस जीवन यापन करने का एकमात्र सहारा पेंशन ही है।पीड़िता आगे पढ़ाई करना चाहती है। पीड़िता की पेंशन का रुपया निकालने वाले आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई एवं पेंशन चालू करवाने की मांग को लेकर पीड़िता ने पत्र भेजकर राज्य महिला आयोग से जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

## जाम से त्रस्त जनता, बेपरवाह जिम्मेदार खबरों के बाद भी नहीं टूटी चुप्पी, प्रशासन पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। नगर में लगातार बढ़ती जाम की समस्या आम जनता के लिए रोज़ का सिरदर्द बन चुकी है। बाजारों, मुख्य चौराहों और संकरी गलियों में घंटों तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं, जिससे लोगों का समय और ईंधन दोनों बर्बाद हो रहा है स्कूली बच्चे, नौकरीपेशा लोग और मरीज तक इस अव्यवस्था का खामियाजा भुगतने को मजबूर हैं।

स्थानीय समाचार पत्रों में इस गंभीर समस्या को कई बार प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बावजूद जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस विभाग अब तक कोई ठोस कदम उठाते नजर नहीं आ रहे हैं इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है नगर वासियों के अनुसार जाम के प्रमुख कारणों में सड़कों पर अवैध अतिक्रमण, जगह-जगह खड़े वाहन, ई-रिक्शा और ठेला चालकों की मनमानी, ट्रैफिक पुलिस की कमी और संकरी सड़कों पर बढ़ता दबाव शामिल है कई स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस की अनुपस्थिति से स्थिति और भी खराब हो जाती है नगर का प्रमुख सिरसा चौराहा अतिक्रमण की चपेट में है, जहां से गुजरना लोगों के लिए चुनौती बन गया है। वहीं आरोप यह भी है कि बंद पड़ी दुकानों के बाहर फड़ और ठेले लगवाकर 15 से 20 हजार रुपये तक मासिक वसूली की जा रही है, जिससे अतिक्रमण और बढ़ रहा है इधर मोहल्ला बमनपुरी वार्ड-05 में भी अव्यवस्था की तस्वीर सामने आई है डॉक्टर तेजू हॉस्पिटल के पास एक संकरी गली में एक ओर नलकूप विभाग द्वारा हैंडपंप और दूसरी ओर विद्युत विभाग द्वारा बिजली का पोल लगा दिया गया है पहले से ही 10 फीट की दूरी पर सरकारी नल और वाटर कूलर मौजूद होने के बावजूद नया हैंडपंप स्थापित कर दिया गया बची हुई जगह पर अतिक्रमणकारियों ने कब्जा कर लिया है, जिससे राहगीरों का निकलना मुश्किल हो गया है स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने और मीडिया के माध्यम से आवाज उठाने के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं लोगों का आरोप है कि जब तक कोई बड़ा हादसा नहीं होगा, तब तक जिम्मेदार विभाग जागने को तैयार नहीं हैं नगरवासियों ने मांग की है कि सड़कों से अतिक्रमण हटाया जाए, ट्रैफिक व्यवस्था को मजबूत किया जाए, प्रमुख चौराहों पर पुलिस तैनात की जाए और ई-रिक्शा व ठेला चालकों के लिए स्पष्ट नियम बनाए जाएं साथ ही पार्किंग की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए अब सवाल यह उठता है कि आखिर कब तक जनता इस समस्या से जूझती रहेगी और कब प्रशासन इस ओर गंभीरता से ध्यान देगा

### पीड़ित महिला की जमीन पर दबंगों की नजर

सुलतानपुर। जिले के कादीपुर तहसील के थाना करौदीकला के अन्तर्गत कटघर पूरे चौहान पंडित का पुरवा के रहने वाली मनराजी उम्र 75 बर्ष पत्नी सभा उपायाय से जुड़ा हुआ है। पीड़ित महिला वृद्धि अवस्था में चलने फिरने में मजबूर हैं । इसी बात का फायदा उठाकर विपक्षी गणों ने कृष्ण कुमार पुत्र राम सुरेमन, सुरेमन सुत ठाकुर दीन, बब्लू उर्फ सच्चिदानंद व बब्लू उर्फ कृष्ण नन्द, के द्वारा जबरन पीड़ित महिला के चक में चक मार्ग बना रहे थे, पीड़ित महिला के बार बार मना करने पर नह माने और जेसीबी मशीन बुलाकर पेड़ पौ को उजाड़ दिया है।

## पीलीभीत को मिला पहला फोरलेन फ्लाईओवर ट्रायल शुरू, जाम से मिलेगी बड़ी राहत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ट्रायल के पहले दिन नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा विधिवत हवन-पूजन कर इसकी शुरुआत की गई

पीलीभीत । पीलीभीत शहर के व्यस्ततम बांसुरी चौराहे असम चौराहा पर बने जनपद के पहले फोरलेन फ्लाईओवर पर रविवार से वाहनों का ट्रायल शुरू हो गया करीब 98 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस अत्याधुनिक फ्लाईओवर के चालू होने से शहरवासियों को लंबे समय से लगने वाले जाम से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। एक किलोमीटर से अधिक लंबा यह फ्लाईओवर नेशनल हाईवे पर यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

ट्रायल के पहले दिन नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा विधिवत हवन-पूजन कर इसकी शुरुआत की गई। कार्यदायी संस्था के मुख्य अभियंता दिलीप बनर्जी ने पूरे विधि-विधान से पूजन अनुष्ठान संपन्न कराया जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर फ्लाईओवर का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य की गुणवत्ता को बारीकी से परखा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष कार्यों को शीघ्र पूरा कर लिया जाए, ताकि उद्घाटन से पहले सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त हो सकें। इसके बाद उन्होंने कार्यदायी संस्था के कार्यालय में बैठक कर परियोजना की प्रगति की समीक्षा भी की जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि फिलहाल फ्लाईओवर को ट्रायल के तौर पर खोला गया है, जबकि इसका औपचारिक उद्घाटन 1 अप्रैल को किया जाएगा उन्होंने कहा कि इस फ्लाईओवर के शुरू होने से न केवल शहर के भीतर का यातायात आसान होगा, बल्कि नेशनल हाईवे से गुजरने वाले लंबी दूरी के वाहनों को भी असम चौराहे पर लगने वाले भारी जाम से निजात मिलेगी स्थानीय लोगों के अनुसार, यह फ्लाईओवर पीलीभीत के विकास में मील का पत्थर साबित होगा और आने वाले समय में यातायात व्यवस्था को नई दिशा देगा फिलहाल ट्रायल के दौरान यातायात की निगरानी की जा रही है, ताकि किसी भी कमी को समय रहते दूर किया जा सके।

## 40 लाख की सड़क पर सवाल: पुराने पत्थर उखाड़कर दोबारा बिछाने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- यह मार्ग करीब डेढ़ साल पहले ही बनाया गया था, लेकिन जल्द ही इसमें गहरे गड्ढे हो गए

पूरनपुर । पीलीभीत हाईवे से प्रसादपुर पचपेड़ा जाने वाले मार्ग के निर्माण में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं करीब 40 लाख रुपये की लागत से बन रही इस सड़क को लेकर ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग और ठेकेदार पर मिलीभगत का आरोप लगाया है ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में नया मटेरियल डालने के बजाय पुराने पत्थरों को जेसीबी से उखाड़ कर दोबारा बिछा दिया गया और ऊपर से रेत डालकर रोलर चला दिया गया, जिससे सड़क नई दिखाई दे।

आरोप है कि एक इंच भी नया पत्थर नहीं डाला गया है, जिससे लोगों में भारी रोष है जानकारी के अनुसार, यह मार्ग करीब डेढ़ साल पहले ही बनाया गया था, लेकिन जल्द ही इसमें गहरे गड्ढे हो गए, जिससे आवागमन मुश्किल हो गया। इसके बाद ग्रामीणों की मांग पर पुनर्निर्माण स्वीकृत हुआ, लेकिन अब निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं प्रगतिशील किसान चौधरी समरवीर सिंह ने बताया कि शिकायत के बावजूद विभागीय अधिकारियों ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इसी तरह निर्माण हुआ तो सड़क एक साल भी नहीं टिकेगी वहीं उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग और जिलाधिकारी से करने की बात कही है इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता अजय सिंह का कहना है कि निर्माण कार्य अभी जारी है और मानकों का पालन किया जाएगा, फिलहाल पत्थर डाला जाना बाकी है।

## सात दिवसीय विशेष शिविर का भव्य समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की यूनिट-तीन के हेड तुषार वर्मा के संयोजन में पूर्व मायमिक विद्यालय, सेमरा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन अलका दास गुप्ता, प्रेसिडेंट विराज सागर दास और वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास गुप्ता के संरक्षण में संपन्न हुआ। सात दिनों तक चले इस शिविर में स्वयंसेवकों ने सामाजिक, शैक्षिक और स्वास्थ्य संबंाी कई महत्वपूर्ण कार्य किए। शिविर की शुरुआत मुख्य अतिथि ड भूपेन्द्र प्रांत प्रमुख, युवा राष्ट्र के प्रेरणादायी उद्बोान से हुआ।स्वास्थ्य एवं स्वच्छताः शिविर के दौरान स्वच्छ भारत रैली, तंबाकू निषो अभियान और विशेष निःशुल्क डेंटल चेकअप कैम का आयोजन किया गया। कौशल विकास, बच्चों के लिए क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी जैसी खेल प्रतियोगिताओं के साथ-साथ नृत्य, गायन और चित्रकला के मायम से उनकी रचनात्मकता को निखारा गया। स्वयंसेवकों ने आयोजित भव्य भंडारे में भारी संख्या में ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने प्रसाद ग्रह्ला किया। समापन समारोह में उत्‌ष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के युवा आकिारी राजेश तिवारी एवं सह प्रचार प्रमुख, सुमित की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने स्वयंसेवकों के समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण में निरंतर योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति ड. एसके श्रीवास्तव, प्रो-वाइस चांसलर ड एससी शर्मा, और डीएसडब्ल्यू ड. एसएमके रिज़्वी ने इस पहल को सराहा। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक ड प्रभाष चंद्र पाठक और कार्यक्रम आकिारी ड. प्रमोद कुमार सिंह के मार्गदर्शन में यह सात दिवसीय यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यूनिट हेड तुषार वर्मा के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने अनुशासन और टीम वर्क की नई मिसाल पेश की।

## एएसपी ने रिटायर्ड पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र के साथ भेंट किया उपहार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। जनपद अमेठी में नियुक्त उप निरीक्षक कृष्ण पाल सिंह एवं फायर मैन चालक राजेन्द्र प्रसाद दुबे को उनकी अधिवर्षता आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति के उपरान्त पुलिस कार्यालय गौरीगंज में अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह द्वारा उनको उत्कृष्ट सेवा के लिये प्रशस्ति पत्र प्रदान किया एवं उपहार देकर विदाई दी गई तथा आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में चल रहे फोन कॉल अथवा आनलाइन साइबर ठगी जैसे फर्जी ट्रेजरी अधिकारी बनकर अथवा पुलिस कार्यालय के कर्मचारी बनकर रिटायर्ड पुलिस कर्मियों को पेंशन प्रपत्र पूरा न होने बात कहकर पेंशन रोकने की बात कहकर उनसे पूरी जानकारी व ओटीपी आदि पूंछकर ठगी करने वालों से सावधान रहने व इस प्रकार के फोन कॉल पर कोई भी जानकारी न देने के बारे में जानकारी देकर जागरूक भी किया गया जिससे किसी के साथ कोई साइबर ठगी न हो सके। इस दौरान क्षेत्राधिकारी गौरागंज अखिलेश वर्मा व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## पुतला दहन कर जताया गया विरोा, आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददात




सुल्तानपुर । गोसाईगंज बाजार के निकट देनवा तालाब के पास प्रतिबंाित पशुओं के काटे जाने की घटना के विरोा में कटका बाजार में आरोपियों का पुतला दहन किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला और उन्होंने प्रशासन से तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम का नेतृत्व समाजसेवी ड. सौरभ मिश्र 'विनम्र ने किया।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में इस प्रकार की अवैा गतिविाियां अत्यंत निंदनीय हैं और इससे समाज की भावनाएं आहत होती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गोसाईगंज बाजार स्थित ग्राम सभा सिरवारा गौशाला के पीछे जंगल, गणेशपुर कैथोलिक जंगल, ग्राम सभा इटकौली में नदी के किनारे, तेरी गांव में टावर के पास, बैदपुर ककरहा तालाब के आसपास, गोसाईगंज थाना क्षेत्र के कटिहार नदी तट, सरौली जंगल तथा मिश्रौली से फाजिलपुर मार्ग के किनारे नहर के पास आए दिन गौहत्या जैसी घटनाएं सामने आती रहती हैं। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं के बावजूद गोसाईगंज थाना प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। विरोा प्रदर्शन के दौरान लोगों ने मांग की कि जिन घरों से मांस के अवशेष बरामद हुए हैं, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा आवश्यकतानुसार बुलडोजर कार्रवाई भी की जाए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही दोषियों के खिलाफ कठोर कदम नह उठाए गए, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर दर्जनों संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे और सभी ने एकजुट होकर अवैा गतिविाियों के खिलाफ आवाज बुलंद की।

### भारतीय किसान मजदूर कल्याणकारी संगठन के जिला सचिव बने कपिल पांडे

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकासखंड की ग्राम पंचायत पिपरिया जयभद्र निवासी युवा नेता कपिल पांडे को भारतीय किसान मजदूर कल्याणकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश कुमार शर्मा ने अपने संगठन में जिला सचिव पीलीभीत की जिम्मेदारी सौंपी है। साथी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कपिल पांडे से यह अपेक्षा की गई है कि वह अपने क्षेत्र में किसानों की समस्याओं के लिए लगातार संग्रहरत रहते हुए भारतीय किसान मजदूर कल्याणकारी संगठन की लोकप्रियता बनाए रखेंगे वह अपनी पूर्ण ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के साथ संगठन को मजबूती देते हुए संगठन के नियमों का पालन करेंगे साथी किसानों की आवाज को बंद करने का काम करेंगे। जिला सचिव पीलीभीत बनने पर कपिल पांडे को उनके शुभचिंतकों एवं संगठन के कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दी है।

### बाल विवाह की सूचना पर पुलिस के साथ पहुंची महिला कल्याण विभाग की टीम ने रुकवाया बाल विवाह

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने के उपरांत जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देश पर थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग एवं महिला कल्याण विभाग की सयुक्त टीम ने थाना बीसलपुर के दो गांवों में बाल विवाह की शिकायत मिलने पर जांच की, दोनों शिकायत में एक शिकायत में बाल विवाह होना नहीं पाया गया, जबकि दूसरी शिकायत जोकि स्वयं लगभग 17 वर्षीय बालिका द्वारा की गई थी। मामला सही पाया गए। जांच करने पर पाया गया कि बालिका अभी नाबालिक है। तथा बालिका का बाल विवाह दिनांक 26 अप्रैल 2026 को एक व्यक्ति के साथ होना प्रस्तावित था, बालिका अभी अपना विवाह करना नहीं चाहती थी, जिसके कारण बालिका ने इसकी शिकायत चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर कर थी। फिलहाल संयुक्त जांच टीम ने बालिका के परिजनों को सख्त हिदायत देते हुए बाल विवाह रुकवा दिया। बालिका को अग्रिम कार्यवाही हेतु उसके माता–पिता द्वारा बुधवार को बाल कल्याण समिति पीलीभीत के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। संयुक्त जांच टीम में संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक, प्रभारी निरीक्षक थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग गोविंद सिंह,परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह, कांस्टेबल भानू प्रताप एवं सीमा की उपस्थिति रही हैं।

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना पूरनपुर पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है पुलिस के अनुसार 29 मार्च 2026 की देर रात शांति व्यवस्था व अपराध रोकथाम के तहत पुलिस टीम गश्त पर थी इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कौर चौराहे से धर्मापुर जाने वाले नहर मार्ग पर एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध हथियार के साथ किसी वारदात की फिराक में खड़ा है सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया पूछताछ में उसने अपना नाम मोहम्मद नूर उर्फ पड्डा, निवासी ग्राम जादौपुर गहलुईया, थाना पूरनपुर बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ पुलिस द्वारा शस्त्र का लाइसेंस मांगने पर आरोपी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका इसके बाद उसे धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया बरामद हथियार और कारतूस को नियमानुसार सील कर कब्जे में लिया गया तथा कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान आमजन को गवाह बनाने का प्रयास किया गया, लेकिन रात अधिक होने के कारण कोई उपलब्ध नहीं हो सका आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर आगे की जांच की जा रही है

### स्कूल में 'सिस्टम' आउटसोर्स! शिक्षिका गायब, पति बना संचालक

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड के गांव टांडा छत्रपति में स्थित प्राथमिक विद्यालय से एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने शिक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल की तैनात शिक्षिका महीनों से नदारद हैं, जबकि उनकी जगह उनके पति—जो कृषि विभाग में कर्मचारी बताए जा रहे हैं—स्कूल में बैठकर पूरा सिस्टम अपने हिसाब से चला रहे हैं सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की हकीकत और कागजों का रिकॉर्ड बिल्कुल अलग कहानी बयां कर रहा है ग्रामीणों के मुताबिक, कक्षा में गिने–चुने बच्चे नजर आते हैं, लेकिन रजिस्टर में सैकड़ों बच्चों की हाजिरी दिखाई जा रही है मिड–डे मील (ख्रक्ख्र) से लेकर हाजिरी रजिस्टर तक में बड़े खेल के आरोप लगाए जा रहे हैं लोगों का कहना है कि सरकारी योजनाओं का खुलकर दुरुपयोग हो रहा है गांव में इस मामले को लेकर जबरदस्त गुस्सा है। ग्रामीण खुलकर कह रहे हैं तनख्वाह सरकार से ली जा रही है, लेकिन स्कूल को निजी अड्डा बना दिया गया है इतना ही नहीं, शिकायत करने वालों ने आरोप लगाया है कि उन्हें डराया–धमकाया जा रहा है।आरटीआई लगाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक गुहार लगाई है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है अब सबसे बड़ा सवाल यही है—क्या इस मामले में सख्त कार्रवाई होगी या फिर 'ऊपर तक सेटिंग' का खेल ऐसे ही चलता रहेगा?

### स्मार्ट मीटर की समस्याओं को लेकर व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** युवा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पूरनपुर ने स्मार्ट मीटर से हो रही परेशानियों को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जिला अध्यक्ष अफरोज निलानी के नेतृत्व में पहुंचे व्यापारियों ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ज्ञापन में बताया गया कि मीटरों में तेज रीडिंग आने से बिजली बिल अधिक आ रहा है वहीं, सर्वर की खराबी के कारण रिचार्ज खत्म होते ही बिजली तुरंत कट जाती है और रिचार्ज कराने के बाद भी सप्लाई बहाल होने में समय लगता है व्यापारियों ने मांग की कि रिचार्ज खत्म होने पर कनेक्शन काटने से पहले कम से कम एक महीने की मोहलत दी जाए इसके अलावा बिना सहमति के स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगाने और मीटरों की निष्पक्ष जांच कराने की भी मांग उठाई गई व्यापार मंडल ने प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान कराने की अपील की है, ताकि आम जनता और व्यापारियों को राहत मिल सके ज्ञापन देने वालो मे नगर अध्यक्ष नितिन वर्मा वरिष्ठ पदाधिकारी गोल्डी जोशी, मो हसन,कानूनी सलाहकार एड मुकेश गुप्ता,गौरव गुप्ता, रजवी सिद्दीकी, श्याम सिंह,राहत शेरी,अंकित अग्रवाल, एड राज गुप्ता,मुजस्सिम वारसी, एजाज शेरी,सैबुल हासन,अंकित, विकास कुमार गुप्ता,आसिफ अंसारी,संजीव यादव,सुभाष गुप्ता, सैफ खान,अनीस अहमद, शहवाज खान, तौफीक, नदीम, अशफाक, राहुल,मोहिद,पप्पू,सुनील कुमार,रितेश सहित कई व्यापारी बंधु शामिल रहे है।

### बेखौफ चोरों ने कम्पोजिट विद्यालय गोयन से उड़ाई सामग्री

**तिलोई अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के गांव गोयन स्थित कम्पोजिट विद्यालय के तीन ताले तोड़कर बेखौफ चोरों द्वारा गैस सिलेंडर समेत अन्य तमाम सामग्री पार करने का मामला सामने आया है।प्रधानाध्यापक द्वारा स्थानीय पुलिस के साथ ही विभागीय अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है।शिक्षा के मंदिर में चोरी की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई है।थाना क्षेत्र के गांव गोयन स्थित कम्पोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुधाकर वर्मा ने स्थानीय पुलिस एवं सिंहपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी को सौंपे गये पत्र में लिखा है कि बेखौफ चोरों द्वारा सोमवार की रात में विद्यालय के तीन तालों को तोड़कर गैस सिलेंडर, पांच लीटर कुकर,दो पंखे,समर्सिबल पम्प,कनस्टर चावल सहित अन्य तमाम सामग्री पार कर दी गई है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नही है अगर तहरीर मिलती है तो जांचोपरांत अभियोग दर्ज किया जायेगा।

### गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सीताकुंड घाट पर गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत एक व्यापक स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अभिनंदन प्रताप सिंह, जिला परियोजना आकिारी, डी जी सी, सुल्तानपुर द्वारा किया गया।कार्यक्रम के प्रमुख बिंदुओं में स्वच्छता जागरूकता रैली, श्रमदान (सफाई अभियान) तथा गंगा स्वच्छता शपथ शामिल रहे। इस दौरान उपस्थित जनसमूह एवं छात्र–छात्राओं को गंगा नदी की स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया तथा स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी का बोा कराया गया कार्यक्रम में विशेष रूप से सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर पल्लवी पांडे की सहभागिता रही, जिन्होंने उपस्थित छात्राओं के बीच डस्टबिन का वितरण कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों एवं वन विभाग के आकिारियों/कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा गंगा संरक्षण के लिए सामूहिक सहभागिता सुनिश्चित करना रहा।

### पुलिस ने शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना जगदीशपुर पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये शातिर अपराधी को जेल भेज दिया गया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में आपरेशन चक्रव्यूह अभियान एवं अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान जुनैद पुत्र अख्तर निवासी नया पुरवा मजरे खैरातपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब बयालीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में उसके कब्जे से एक तमंचा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। कोतवाली प्रभारी धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जुनैद थाना जगदीशपुर में यूपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित है जिसके विरूध्द जनपद के विभिन्न थानों में गोवध, एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट के कुल पन्द्रह अभियोग पंजीकृत है।

## सम्पादकीय

# नेपाल में नया युग

भारत के पड़ोसी देश नेपाल में जेन जी (नयी पीढ़ी) आंदोलन से हुई बड़ी राजनैतिक उथल-पुथल के बाद सत्ता के नए युवा युग की शुरुआत हुई है। 35 बरस के बालेन शाह ने नेपाल के अब तक के सबसे युवा प्रधानमंत्री के तौर पर शुक्रवार को शपथ ली। रैपर-गायक के तौर पर नेपाल के युवाओं में खासे लोकप्रिय रहे बालेन शाह चार बरस पहले 2022 में काठमांडू के मेयर नियुक्त हुए थे, अब उनकी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को हाल ही में हुए चुनाव में लगभग दो-तिहाई बहुमत मिला, जो यह जाहिर करता है कि नेपाल में अब राजनीति का युवा दौर आ चुका है। बालेन शाह ने पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली को उनके ही गढ़ झापा में तगड़ी मात देकर बता दिया था कि जेन जी ने अब नेपाल की कमान अपने हाथों में ले ली है। इससे पहले बांग्लादेश में भी छात्र आंदोलन से ही राजनैतिक उथल-पुथल मची थी, लेकिन वहां अस्थिरता और अशांति का दौर कुछ लंबा खिंचा और अब तारिक रहमान के नए नेतृत्व में फिलहाल भारत से संबंध सुधरते दिख रहे हैं। अब नजरें नेपाल के नए नेतृत्व पर हैं। दरअसल समृद्ध और विकास की ओर बढ़ते पड़ोसी देशों से भारत का विकास और सुरक्षा भी जुड़े हुए हैं। पाकिस्तान से तो भारत के संबंधों में तल्खी और अविश्वास बने ही रहते हैं, इसलिए जरूरी है कि नेपाल और बांग्लादेश के साथ भारत के संबंध मजबूत रहें और उन्हें चीन के प्रभाव में न आने दिया जाए। इसके लिए भारत को अभी से मजबूत रणनीति बनानी होगी। ध्यान देने की बात है, राजशाही के बाद नेपाल में बनी तमाम सरकारें कमोबेश चीन के प्रभाव में रही हैं। नेपाल का चीन के साथ होने में कोई आपत्ति नहीं, लेकिन फिर उस वजह से भारत का विरोध नहीं होना चाहिए। यह एक हिंदू बहुल देश है, जिससे भारत से रोटी-बेटी के संबंध सदियों पुराने हैं। वैसे नेपाल में बालेन शाह ने ऐसे वक्त में सत्ता संभाली है, जब पूरी दुनिया पर मध्यपूर्व में चल रही जंग का असर दिखने लगा है। तेल की कीमतों में आग लगी हुई है और खाड़ी देशों में रोजगार के अवसर अब काफी घट गए हैं। नेपाल से बड़ी संख्या में लोग रोजगार के लिए इन देशों में जाते हैं, लेकिन अब वे लौटेंगे तो इन लोगों को देश में ही रोजगार देना बहुत बड़ी चुनौती रहेगी। आंकड़े बताते हैं कि हर दिन करीब 2,900 नेपाली काम के लिए विदेश जाते हैं और उनका भेजा पैसा देश की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा है। यह पैसा नेपाल के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 26 फीसदी से अधिक है। इसके अलावा भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और अक्षम प्रशासन को सुधारना भी बालेन शाह सरकार के सामने प्रमुख चुनौतियां रहेंगी। क्योंकि इन्हीं कारणों से ही युवाओं की नाराजगी सत्ता के खिलाफ फूटी थी और जेन जी आंदोलन खड़ा हुआ था। बालेन शाह अगर इस मोर्चे पर आधे भी कामयाब होते हैं, तो नेपाल गरीबी और अभाव के दलदल से बाहर निकलने लगेगा। नयी सरकार के सामने एक महत्वपूर्ण चुनौती राजनैतिक स्थिरता कायम करने की है। तीन करोड़ लोगों के इस देश में राजशाही खत्म होने के बाद से राजनीतिक स्थिरता लाने की कोशिशें की जा रही हैं, लेकिन अब तक कामयाबी नहीं मिली। बल्कि राजशाही के दौर में भी सरकारों के बदलने का सिलसिला जारी था। ध्यान रहे कि 1990 से 2026 के बीच 32 सरकारें नेपाल की सत्ता में आईं और किसी भी सरकार ने अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया है। बालेन शाह ने अगर प्रधानमंत्री के रूप में अपनी सरकार को पांच साल बनाए रखा, तो यह वाकई युगांतकारी घटना होगी। शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने अपने चुनावी घोषणापत्र में कहा था कि वह नैतिकता और सुशासन को प्राथमिकता देगा और ऑनलाइन माध्यम से सेवाएं देने का वादा किया था। इसके अलावा पार्टी ने कहा है कि वह देश की संरचना में पक्षपात खत्म करेगी। अब इन घोषणाओं पर कब तक अमल होता है, इस पर नेपाल की जनता निगाह रखेगी ही।

# माओवादी मुक्ति से शांति एवं संतुलन की नई संभावनाएं

**भारत सरकार द्वारा 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद/माओवाद से मुक्त करने का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया था, वह अब लगभग अपनी अंतिम अवस्था में पहुंचता दिखाई दे रहा है। पिछले एक दशक में 10,000 से अधिक माओवादियों के आत्मसमर्पण, सुरक्षा बलों की आक्रामक एवं रणनीतिक कार्रवाई तथा प्रभावित क्षेत्रों में तेज़ी से हुए विकास कार्यों ने माओवादी आंदोलन की जड़ों को कमजोर कर दिया है। छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में माओवादी हिंसा की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। विशेष रूप से शीर्ष नेतृत्व के आत्मसमर्पण, जैसे दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के सदस्यों के सरेंडर ने संगठन को नेतृत्वहीन कर दिया, जिससे माओवादी संरचना भीतर से कमजोर पड़ गई। इस सफलता के पीछे सरकार की बहुआयामी रणनीति रही, जिसमें केवल सैन्य–पुलिस कार्रवाई ही नहीं, बल्कि विकास, पुनर्वास और प्रशासनिक पहुंच को भी समान महत्व दिया गया। रेड कॉरिडोर क्षेत्रों में सड़कों और पुलों का निर्माण, मोबाइल टावरों के माध्यम से 4जी नेटवर्क का विस्तार, स्कूलों और आईटीआई संस्थानों की स्थापना ने इन क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ा। वहीं 'फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशनों' की रणनीति के माध्यम से सुरक्षा बलों ने माओवादियों के गढ़ों में घुसकर निर्णायक कार्रवाई की। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के लिए पुनर्वास नीति के तहत आर्थिक सहायता, रोजगार और समाज में पुनर्स्थापना की व्यवस्था ने भी माओवादी कैडर को हथियार छोड़ने के लिए प्रेरित किया।**

भारत जैसे विशाल, विविधतापूर्ण और लोकतांत्रिक राष्ट्र के सामने आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियां हमेशा से बहुआयामी रही हैं। इन चुनौतियों में नक्सलवाद या माओवादी हिंसा एक ऐसी समस्या रही, जिसने दशकों तक देश की आंतरिक शांति, विकास और सुशासन को गंभीर रूप से प्रभावित किया। विशेषकर छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, बिहार और आंध्र प्रदेश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में माओवादी गतिविधियों ने न केवल विकास को अवरुद्ध किया, बल्कि हजारों निर्दोष नागरिकों और सुरक्षाकर्मियों की जान भी ली। लेकिन आज जब बस्तर जैसे माओवादी गढ़ से 25 लाख के इनामी सरगना पापा राव का अपने साथियों सहित आत्मसमर्पण करना एक निर्णायक मोड़ के रूप में सामने आया है, तब यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भारत माओवादी मुक्ति की ऐतिहासिक दहलीज पर खड़ा है। नक्सलवाद की जड़ें सामाजिक-आर्थिक असमानता, उपेक्षा और शोषण में रही हैं, लेकिन समय के साथ यह आंदोलन अपने मूल उद्देश्यों से भटककर एक हिंसक और विध्वंसकारी विचारधारा में बदल गया। माओवादी संगठन न केवल विकास कार्यों में बाधा डालते रहे, बल्कि उन्होंने स्थानीय लोगों को भय और हिंसा के माध्यम से नियंत्रित किया। स्कूल, सड़क, स्वास्थ्य केंद्र जैसे बुनियादी ढांचे को नष्ट करना उनकी रणनीति का हिस्सा बन गया था। इससे यह स्पष्ट हो गया कि यह आंदोलन अब जनहित का नहीं, बल्कि सत्ता और नियंत्रण का माध्यम बन चुका है। भारत सरकार द्वारा 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद/माओवाद से मुक्त करने का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया था, वह अब लगभग अपनी अंतिम अवस्था में पहुंचता दिखाई दे रहा है। पिछले एक दशक में 10,000 से अधिक माओवादियों के आत्मसमर्पण, सुरक्षा बलों की आक्रामक एवं रणनीतिक कार्रवाई तथा प्रभावित क्षेत्रों में तेज़ी से हुए विकास कार्यों ने माओवादी आंदोलन की जड़ों को कमजोर कर दिया है। छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में माओवादी हिंसा की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। विशेष रूप से शीर्ष नेतृत्व के आत्मसमर्पण, जैसे दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के सदस्यों के सरेंडर ने संगठन को नेतृत्वहीन कर दिया, जिससे माओवादी संरचना भीतर से कमजोर पड़ गई। इस सफलता के पीछे सरकार की बहुआयामी रणनीति रही, जिसमें केवल सैन्य-पुलिस कार्रवाई ही नहीं, बल्कि विकास, पुनर्वास और प्रशासनिक पहुंच को भी समान महत्व दिया गया। रेड कॉरिडोर क्षेत्रों में सड़कों और पुलों का निर्माण, मोबाइल टावरों के माध्यम से 4जी नेटवर्क का विस्तार, स्कूलों और आईटीआई संस्थानों की स्थापना ने इन क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ा। वहीं 'फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशनों' की रणनीति के माध्यम से सुरक्षा बलों ने माओवादियों के गढ़ों में घुसकर निर्णायक कार्रवाई की। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के लिए पुनर्वास नीति के तहत आर्थिक सहायता, रोजगार और समाज में पुनर्स्थापना की व्यवस्था ने भी माओवादी कैडर को हथियार छोड़ने के लिए प्रेरित किया। यह समन्वित रणनीति, दूरदर्शिता और दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिणाम है कि देश आज नक्सलवाद के अंत के ऐतिहासिक चरण के निकट खड़ा दिखाई दे रहा है। निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने इस समस्या के समाधान के लिए बहुआयामी और दृढ़ रणनीति अपनाई। गृहमंत्री अमित शाह की सूझबूझ और स्पष्ट दृष्टिकोण ने इस अभियान को एक नई दिशा दी। सरकार ने एक ओर जहां सुरक्षा बलों को आधुनिक तकनीक, बेहतर प्रशिक्षण और संसाधनों से सशक्त किया, वहीं दूसरी ओर विकास योजनाओं को भी गति दी। 'सुरक्षा और विकास' के इस दोहरे दृष्टिकोण ने माओवादी प्रभाव वाले क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन की नींव रखी। पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षाबलों द्वारा चलाए गए सघन अभियानों ने माओवादी नेटवर्क को गहराई से कमजोर किया है। बस्तर, जो कभी माओवादियों का सबसे मजबूत गढ़ माना जाता था, वहां आज आत्मसमर्पण की घटनाएं बढ़ रही हैं। पापा राव जैसे शीर्ष माओवादी नेता का आत्मसमर्पण इस बात का संकेत है कि माओवादी संगठन अब अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। यह केवल एक व्यक्ति का आत्मसमर्पण नहीं, बल्कि एक विचारधारा के पतन का प्रतीक है। माओवादी मुक्ति का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि देश के उन क्षेत्रों में शांति और स्थिरता स्थापित होगी, जो लंबे समय से हिंसा की चपेट में रहे हैं। जब बंदूकें खामोश होंगी, तब विकास की आवाज बुलंद होगी। सड़कें बनेंगी, स्कूल खुलेंगे, अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ेंगी और सबसे महत्वपूर्ण, लोगों के जीवन में सुरक्षा और विश्वास का संचार होगा। आदिवासी और ग्रामीण समुदाय, जो अब तक भय और असुरक्षा में जी रहे थे, वे अब अपने अधिकारों और अवसरों का पूर्ण लाभ उठा सकेंगे। इसके साथ ही, माओवादी हिंसा के समाप्त होने से भारत की आंतरिक सुरक्षा मजबूत होगी। जब देश के भीतर शांति होगी, तब ही बाहरी खतरों का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सकता है। नक्सलवाद जैसी समस्याएं अक्सर विदेशी शक्तियों और असामाजिक तत्वों के लिए भी अवसर प्रदान करती हैं, जिन्हें समाप्त करना राष्ट्रीय हित में अत्यंत आवश्यक है। इस दृष्टि से माओवादी मुक्ति न केवल आंतरिक, बल्कि सामरिक रूप से भी महत्वपूर्ण है। आदर्श शासन व्यवस्था की स्थापना के लिए कानून का शासन, पारदर्शिता, जवाबदेही और विकास की समान पहुंच आवश्यक होती है। माओवादी प्रभाव वाले क्षेत्रों में इन सभी तत्वों का अभाव था। वहां प्रशासन की पहुंच सीमित थी और लोकतांत्रिक संस्थाएं प्रभावी रूप से कार्य नहीं कर पा रही थीं। लेकिन अब जब माओवादी प्रभाव घट रहा है, तब सरकार के लिए यह अवसर है कि वह इन क्षेत्रों में सुशासन की मजबूत नींव रखे। पंचायतों को सशक्त किया जाए, स्थानीय नेतृत्व को प्रोत्साहित किया जाए और जनभागीदारी को बढ़ावा दिया जाए। यह भी आवश्यक है कि माओवादी विचारधारा के प्रभाव को केवल सुरक्षा उपायों से ही नहीं, बल्कि वैचारिक स्तर पर भी चुनौती दी जाए। शिक्षा, जागरूकता और संवाद के माध्यम से लोगों को यह समझाना होगा कि हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकती। लोकतंत्र में परिवर्तन का मार्ग शांतिपूर्ण और संवैधानिक होता है। इस दिशा में समाज, सरकार और नागरिक संगठनों को मिलकर प्रयास करना होगा। माओवादी मुक्ति के इस दौर में यह भी ध्यान रखना होगा कि जिन कारणों से यह समस्या उत्पन्न हुई थी, वे दोबारा न उभरें। सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और विकास की समावेशी नीति को प्राथमिकता देना आवश्यक है। आदिवासी क्षेत्रों में उनकी संस्कृति, पहचान और अधिकारों का सम्मान करते हुए विकास की योजनाएं लागू की जानी चाहिए। केवल भौतिक विकास ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक सशक्तिकरण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में जिस दृढ़ता और दूरदर्शिता के साथ माओवादी समस्या का समाधान किया जा रहा है, वह न केवल वर्तमान के लिए, बल्कि भविष्य के लिए भी एक मार्गदर्शक है। यह दिखाता है कि यदि राजनीतिक इच्छाशक्ति मजबूत हो, रणनीति स्पष्ट हो और कार्यान्वयन प्रभावी हो, तो कोई भी समस्या असाध्य नहीं है। निश्चिततौर पर माओवादी मुक्ति केवल एक सुरक्षा उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह भारत के लोकतंत्र, विकास और सुशासन की जीत है। यह उस विश्वास का प्रतीक है कि भारत अपने आंतरिक संघर्षों को शांतिपूर्ण और निर्णायक ढंग से सुलझाने में सक्षम है। अब समय है कि इस उपलब्धि को स्थायी बनाया जाए और देश के हर कोने में शांति, समृद्धि और संतुलन का वातावरण स्थापित किया जाए। जब हर नागरिक सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त महसूस करेगा, तभी सच्चे अर्थों में एक आदर्श शासन व्यवस्था का निर्माण संभव हो सकेगा। **– ललित गर्ग**



# भागदौड़ भरी जिंदगी में पीछे छूटती अप्रैल फूल बनाया की परपंरा

**पवन वर्मा**

समय के साथ बहुत कुछ बदलता है। तकनीक, जीवनशैली, रिश्तों का स्वरूप और हमारी खुशियाँ मनाने के तरीके भी। इन्हीं बदलावों के बीच एक ऐसी परंपरा भी धीरे-धीरे धुंधली पड़ती जा रही है, जो कभी हमारी हंसी, शरारत और दोस्ती का सबसे प्यारा हिस्सा हुआ करती थी, अप्रैल फूल बनाया। एक अप्रैल आते ही जो उत्साह, योजना और मासूम शरारतों का दौर शुरू होता था, वह आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में कहीं खो सा गया है। यह केवल एक दिन नहीं था, बल्कि एक एहसास था, दोस्ती का, हंसी का और बेफिक्र बचपन का। **एक अप्रैल क्यों बना अप्रैल फूल का दिन?**: अप्रैल फूल डे की शुरुआत को लेकर कई कहानियाँ प्रचलित हैं, लेकिन सबसे लोकप्रिय मान्यता 16वीं सदी के यूरोप से जुड़ी है। कहा जाता है कि पहले नए साल की शुरुआत 1 अप्रैल को हुआ करती थी। फ्रांस में 1564 में कैलेंडर में बदलाव हुआ, और नया साल 1 जनवरी से मनाया जाने लगा, तो कुछ लोग इस बदलाव को तुरंत स्वीकार नहीं कर पाए। वे पुराने तरीके से ही 1 अप्रैल को नया साल मनाते रहे। ऐसे लोगों का मजाक उड़ाने के लिए उन्हें फूल कहा जाने लगा और धीरे-धीरे 1 अप्रैल मजाक और शरारत का दिन बन गया। समय के साथ यह परंपरा दुनिया भर में फैल गई और भारत में भी खासकर बच्चों और युवाओं के बीच लोकप्रिय हो गई। **मासूमियत भरी शरारतों का दिन**: अप्रैल फूल का असली मजा उसकी मासूमियत में था। इसमें किसी को चोट पहुंचाना या अपमानित करना नहीं होता था, बल्कि हंसी-ठिठोली के जरिए रिश्तों में मिठास घोलना होता था। यह वह दिन होता था जब छोटे-छोटे झूठ भी मजेदार लगते थे, जब कोई किसी को बेवकूफ बनाता था और फिर हंसते हुए कहता अप्रैल फूल बनाया! इस एक वाक्य में जितनी खुशी और अपनापन छिपा होता था, वह शायद आज के महंगे मनोरंजन में भी नहीं मिल पाता। **सिनेमा में भी बसा अप्रैल फूल**: अप्रैल फूल की लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हिंदी सिनेमा में भी इस पर गीत बने। खास तौर पर 'अप्रैल फूल बनाया...' गीत आज भी लोगों की जुबान पर है। **अप्रैल फूल बनाया, तो उनको गुस्सा आया**: यह गीत उस दौर की मासूम शरारत और प्यार से भरे मजाक की अभिव्यक्ति थी, जिसमें नाराजगी तो होती है, लेकिन उसमें भी एक मिठास छिपी होती है। यह गाना बताता है कि मजाक और भावनाएं किस तरह साथ-साथ चलती हैं। थोड़ा गुस्सा, लेकिन उससे ज्यादा अपनापन। **1990 का दौर: जब फूल बनाना मिशन होता था**: अगर 1990 के दशक की बात करें, तो अप्रैल फूल एक दिन नहीं, बल्कि एक पूरा मिशन हुआ करता था। स्कूल में पढ़ते समय 31 मार्च से ही योजना बननी शुरू हो जाती थी, किसे फूल बनाना है, कैसे बनाना है और कौन क्या भूमिका निभाएगा। दोस्तों का एक छोटा सा समूह बन जाता था, जिसमें हर कोई अपनी जिम्मेदारी निभाता था। कभी किसी दोस्त से कहा जाता कि प्रिंसिपल ने बुलाया है, तो कभी यह कि आज छुट्टी है। कोई नकली खबर फैलाता, तो कोई उसे सच साबित करता और जैसे ही सामने वाला फंसता, सब एक साथ हंसते हुए कहते अप्रैल फूल! इन शरारतों में जो आनंद था, वह आज की डिजिटल दुनिया में कम ही देखने को मिलता है। **कॉलेज के दिन: शरारतों का नया अंदाज**: कॉलेज पहुंचने के बाद भी यह परंपरा जारी रही, बस उसका स्वरूप थोड़ा बदल गया। अब मजाक थोड़ा ज्यादा क्रिएटिव हो गया था। किसी को फर्जी सूचना देना, किसी को गलत जगह भेज देना या दोस्तों के साथ मिलकर हल्की-फुल्की साजिश रचना। इन सबके बीच जो चीज सबसे अहम थी, वह थी, दोस्ती और साथ में हंसने का आनंद। **बदलता समय और पीछे छूटती परंपरा**: आज की जिंदगी में यह सब कहीं पीछे छूट गया है। भागदौड़, काम का दबाव और मोबाइल की दुनिया ने हमें इतना व्यस्त कर दिया है कि ऐसे छोटे-छोटे उत्सवों के लिए समय ही नहीं बचता। अब अप्रैल फूल सोशल मीडिया तक सीमित हो गया है, जहां मजाक में वह आत्मीयता नहीं होती, जो आमने-सामने की हंसी में होती थी। **क्यों जरूरी है अप्रैल फूल?**: यह सिर्फ मजाक का दिन नहीं है, बल्कि यह हमें याद दिलाता है कि जीवन में हल्के-फुल्के पल कितने जरूरी हैं। यह हमें सिखाता है कि बिना किसी को चोट पहुंचाए भी खुशी बांटी जा सकती है। कि हंसी रिश्तों को मजबूत बनाती है। अप्रैल फूल बनाया केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि हमारी यादों का एक हिस्सा है। आज जरूरत है कि हम इस परंपरा को फिर से जिंदा करें। भले ही छोटे स्तर पर, लेकिन उसी भावना के साथ। तो शायद अगली 1 अप्रैल को हम भी किसी अपने को हल्के-फुल्के अंदाज में फूल बनाएं और फिर मुस्कुराते हुए कहें। अप्रैल फूल बनाया! और हो सकता है, सामने वाला थोड़ा सा गुस्सा दिखाए, ठीक वैसे ही, जैसे उस पुराने गाने में कहा गया था ।अप्रैल फूल बनाया, तो उनको गुस्सा आया।

## सेहत मंत्र

# हंसना एक औषधीय क्रिया है

जीवन का एक महत्त्वपूर्ण आयाम सुख है जिसकी अभिव्यक्ति हंसी है। प्रकृति द्वारा प्रदत्त औषधि के अनेक रुपों में से हंसी को सर्वोत्तम औषधि माना गया है, क्योंकि यह चिंता, तनाव एवं अवसाद को कम करती है। हंसी एक प्रकार का वातापेक्षी व्यायाम, पीड़ानाशक, स्वास्थ्य प्रोत्साहक एवं शरीर के प्रतिरक्षण क्षमता को बढ़ाने वाली क्रिया है। पाश्चात्य देशों के हंसी उपचार से हमारी हंसी का प्रयोग कुछ भिन्न है। यूरोपीय देशों में हंसी के लिए क्लीनिक की व्यवस्था है जहां ऑडियो-वीडियो, कामिक्स तथा मजाकिया पुस्तकों के माध्यम से हंसी को प्रोत्साहित कर रोग उपचार किया जाता है। हमारे यहां इस प्रकार की व्यवस्था तो नहीं है लेकिन योग संस्थानों में रोग के निवारण के लिए लोगों को हंसने की शिक्षा दी जाती है। हंसी जीवन के छोटे-छोटे दैनिक तनावों को दूर कर प्रसन्नता देती है। यह चिंता, निराशा एवं तनाव को कम करती है जिससे हृदय रोग, मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की संभावनाओं में कमी आती हैं हंसने से शरीर में एड्रिनलिन एवं नॉर-एड्रिनालिन के साथ कैटकोलामिन स्त्रावित होते हैं जो शरीर में रक्त संचार को बढ़ावा देते हैं जिससे रोग जल्दी ठीक हो जाते हैं। इस प्रकार गठिया, संधिवात, स्पोन्डिलाइटिस आदि बीमारियों को ठीक करने में हंसना लाभदायक सिद्ध होता है। हंसने से एंडार्फिन एवं एनकेफालिन्स नामक दो प्राकृतिक एंडार्फिन रसायन स्त्रावित होते हैं जो दर्दनाशक का काम करते हैं। वैज्ञानिक तथ्यों के मुताबिक दर्द निवारण के लिए हंसना सर्वोत्तम औषधि माना गया है क्योंकि दर्द निवारण के साथ यह जीवन में दुःख के समय भी खुशी पैदा कर देती है। हंसी शरीर की रोग निरोधक क्षमता को बढ़ावा देती है। यह शरीर में इम्युनोग्लोब्युलिन के स्तर को बढ़ाती है, जिसका रोग निरोध में अत्यधिक योगदान रहता है। डॉ. फ्रायड का मानना है कि प्रतिदिन सौ बार हंसना दस मिनट की जागिंग के बराबर है। हंसी फ़ेफड़े की जीवनी क्षमता एवं ऑक्सीकरण को बढ़ाती है। यह फ़ेफड़े के रोग की एक दवा हो सकती है। हंसने का जीवन से घनिष्ठ संबंध है क्योंकि इससे व्यक्ति के आपसी संबंध सुधरते हैं। यह ध्यान योग की आसान प्रक्रिया भी है। हंसने से एकाग्रता बढ़ती है तथा परीक्षाओं में लोग इससे अच्छी उपलब्धि प्राप्त कर पाते हैं।

## धर्म मंत्र

# दुनिया में सुख शांति की स्थापना करने के लिए महावीर स्वामी के सिद्धांतों की प्रासंगिकता

विश्व वंदनीय भगवान महावीर के जीवन एवं दर्शन का गहराई से अध्ययन करते हुए हम पाते हैं कि वे किसी एक जाति,वर्ग या सम्प्रदाय के न होकर सम्पूर्ण मानव समाज की अमूल्य धरोहर हैं। वह सबके थे और सब उनके थे। जिस समय भगवान महावीर का अवतरण हुआ, दुनिया में हिंसा एवं अत्याचार का बोल-बाला था। महावीर स्वामी ने विषम परिस्थितियों में दुनिया को सत्य और अहिंसा का सच्चा मार्ग दिखलाया। भगवान महावीर एक युग पुरुष, युग दृष्टा, एवं महामानव थे। अहिंसा के महावतार भगवान महावीर का जन्म बिहार प्रांत के कुण्डलपुर में राजा सिद्धार्थ एवं माता त्रिशला के यहां हुआ था। वे जैन धर्म के 24वें तीर्थकर थे। क्षत्रिय राजकुमार होने के बावजूद भी उन्होंने कभी विश्वविजय का सपना नहीं देखा। भगवान महावीर ने सन्यासी बनकर राजपाट, वैभव का त्याग कर 12 वर्ष 6 माह मौन धारण कर तपस्या कर कैवल्य ज्ञान की प्राप्ति की। आपने प्राणी मात्र के सुख के लिये जिओ और जीने दो का अमूल्य मंत्र दिया। भगवान महावीर ने कहा जो अपनी अंतर आत्मा को जीतने में सफल हो जाता है वही सच्चा वीर कहलाता है। संसार में जैन धर्म अहिंसा, शांति, प्रेम और मैत्री का अमर संदेश लेकर आया है। विश्व प्रेम ही भगवान महावीर का दिव्य संदेश है। भगवान महावीर के इसी सिद्धांत को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने जीवन का मूल मंत्र माना था। उनका कथन था पाप से घृणा करो,पापी से नहीं।

## पर्यटन



# भारत का लघु रूप है मॉरीशस

गत अक्तूबर माह में एक प्रतिनिधि मंडल संग मॉरीशस जाना हुआ। यूं तो इससे पूर्व भी दुनिया के अनेक देशों में जाने का अवसर मिला लेकिन मॉरीशस रवाना होते हुए विदेश नहीं बल्कि अपनों से मिलने की अनुभूति हो रही थी क्योंकि वह भारतवंशियों का देश है। भारतवंशियों ने अपने पुरुषार्थ से न केवल उस धरती को स्वर्ग बनाया बल्कि पर्याप्त यश भी अर्जित किया। गंगा सा पवित्रा अपनत्व मॉरीशस की विशेषता है। उस धरती को प्रणाम करने और अपने बन्धुओं की यशोगाथा को बार-बार सुनने के बाद स्वयं अपनी आंखों से देखने, अनुभव करने के इस अवसर पर गौरवान्वित महसूस करते हुए दिल्ली के इन्दिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 से प्रातः 8 बजे एयर मॉरीशस की फ्लाइट पर सवार हुए। साढ़े सात घंटे की सुखद यात्रा के बाद पोर्ट लुई के सर शिवसागर रामगुलाम अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचे। दिल्ली के एयरपोर्ट के मुकाबले काफी छोटा। मात्र कुछ विमान ही वहां खड़े दिखाई दिये। औपचारिकताओं में भी अधिक समय नहीं लगा क्योंकि हर काउंटर पर हमारे ही साथी थे। यहां और भारतीय समय में डेढ़ घंटे का अंतर। बाहर निकले तो अनेक मित्रों संग रिमझिम फुहार ने स्वागत किया। हमें ली ग्रान्ड ब्लयू होटल ले जाने के लिए वाहन तैयार थे। एयरपोर्ट दक्षिणी छोर पर तो हमारा होटल उत्तर में समुद्र के बिलकुल पास था। लगभग 40 किमी की दूरी तय करते हुए पहली नजर में मॉरीशस साफ सुथरा, सड़कें ओमपुरी नहीं, सचमुच हेमामालिनी के गाल जैसी दिखी। गन्ने के देश में चारों ओर हरियाली। होटल में भी पूरी तरह से प्राकृतिक वातावरण। बढ़िया हिंदी बोलते भारतीय मूल के भले लोग। रात्रि में सुन्दर भोजन, घर जैसा अपनापन। अगली सुबह जल्दी समुद्र की ओर सैर के लिए जाना हुआ। बहुत खुशनुमा मौसम, हल्की सर्दी, तट पर नारियल के घने ऊंचे पेड़, विस्तृत नीले समुद्र में कहीं-कहीं काली पत्थर की चट्टानें आकर्षित कर रही थी। समुद्र तट पर सफ़ेद रेत। कहीं-कहीं शंख, सिप्पी भी। दूर से हड्डियों जैसे दिखाने वाले क्रीम रंग के पतले- कमजोर पत्थरों के ढेर भी। वहां से लौटकर स्नान और फिर यज्ञ। होटल में बनी एक विशाल कुटिया में प्रतिदिन यज्ञ की व्यवस्था थी। साढ़े आठ बजे होटल के विशाल डाइनिंग हाल में नाश्ता, फल, ब्रेड-बटर, जैम, दूध, दही के अतिरिक्त राजमा, पूरी भी।

# फिर लौटा 'दादा' का बचपना, लबों पर दुआएं

## राजनाथ शर्मा के जन्मदिन समारोह में हर किसी ने कहा, 'बुजुर्ग गांधीवादी की बढ़ती रहे उम्र'






**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। अजीब लम्हे थे, जब बच्चे और पोते अपने दादा को कह रहे थे 'हैप्पी बर्थडे टू यू'। 82 साल की उम्र में आज दादा की आंखो में वो बचपना दिखा जो शायद उनको किशोरावस्था से पहले ही उनसे ओझल हो गया था। कुछ समझने की कोशिश सी आंखो में दिखी। मन भावविभोर होता जा रहा था। शायद इस ऐतिहासिक इंसान ने जिंदगी में बस यही तो कमाया। सबसे अनमोल खजाना, लोगों का प्यार। मंगलवार को राजनाथ शर्मा सेवार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में डा. राममनोहर लोहिया के सहयोगी रहे प्रखर समाजवादी चिंतक और गांधीवादी राजनाथ शर्मा का 82वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जन्मदिवस समारोह में पहुंचने वाले हर किसी के दिल से यही दुआ निकल रही थी कि 'बुजुर्ग गांधीवादी की बढ़ती रहे उम्र'। शर्मा जी सभी आयु वर्ग के लोगों से खुलकर मिलते और आशीर्वाद देते। गांधी भवन में आयोजित समारोह की शुरूआत सुंदरकाण्ड पाठ से हुई। इसी बीच गुरूकुल के बच्चों ने सुंदरकाण्ड पाठ किया। इसके बाद पूर्व सांसद डॉ पी.एल पुनिया ने विशाल भण्डारे की शुरूआत की। तदोपरान्त आशीर्वचन समारोह आयोजित हुआ। इससे पहले श्री शर्मा को बधाई देने का सिलसिला सुबह से ही शुरु हो गया। सबसे पहले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष शिवपाल सिंह यादव ने फोन करके राजनाथ शर्मा को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि, हम सभी के प्रेरणा व ऊर्जा और अपने संघर्षों की बदौलत समाजवाद की इबारत लिखने वाले राजनाथ जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता सिद्धार्थ अवस्थी ने राजनाथ शर्मा के जीवन संघर्ष पर केन्द्रित 'जीवन पर्यन्त' किताब भेट की। वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार द्विवेदी 'राजू भैया' ने बहुत मार्मिक गीत के माध्यम से जन्मदिन की बधाईं दी। वहीं आशीर्वचन समारोह को संबोधित करते हुए बौद्धिक सभा व संयुक्त राष्ट्र हिंदी जन अभियान के अध्यक्ष दीपक मिश्र ने कहा, राजनाथ शर्मा का जीवनकाल उल्लेखनीय रहा। वह आजाद भारत में कई प्रमुख आन्दोलनों में सम्मिलित रहे और उन्हें जेल जाना पड़ा। उनका सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पण जीवन भर अटूट रहा। उन्होंने अपने छात्र जीवन के दौरान छात्र आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। सामाजिक कार्यों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता और अथक कार्यशैली और जनसेवा उनके जीवन का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है। इसी क्रम में जन्म दिवस की बधाई देने पहुंचे पूर्व सांसद डॉ पीएल पुनिया ने पुष्पगुच्छ भेंट किया और कहा राजनाथ शर्मा मेरे आइडियल लीडर है। मेरे कार्यकाल में उनके मार्गदर्शन से ही जिले को विकास की गति मिली। पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने राजनाथ शर्मा को शाल ओढाकर अभिनन्दन किया। उन्होंने राजनाथ शर्मा के समाजवादी व गांधीवादी दर्शन को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। बिजली यूनियन के नेता चंद्र प्रकाश अवस्थी 'बब्बू अवस्थी' ने कहा 1960 के दशक में लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्र राजनीति में राजनाथ शर्मा क्रान्तिकारी नेता कहे जाते थे। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ विवेक सिंह वर्मा ने कहा, राजनाथ जी में असल समाजवाद की झलक दिखाई पड़ी है। उन्होंने देश में समाजवाद की जो अलख जगाई उससे समाज को आज भी प्रेरणा मिल रही है। ईश्वर से यही कामना है कि इसी प्रकार देश व समाज का मार्गदर्शन करते रहे। सभा की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक सरवर अली खान ने कहा कि राजनाथ जी का जीवन संघर्षों से भरा रहा। उन्होंने समाज के उन लोगों की आवाज को उठाने का काम किया जिनकी आवाज कोई नहीं सुनता। समारोह के अन्त में श्री शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य रुप से पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू, पूर्व विधायक शिवकरन सिंह, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बृजेश दीक्षित, धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, सपा नेता प्रमोद वाजपेई, अनिल त्रिपाठी, राना प्रताप सिंह, हुमायूं नईम खान, लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष मनोज तिवारी, शिक्षाविद् अशोक शुक्ला, हिसाल बारी किदवई, सरदार राजा सिंह, मो उमेर किदवई, अनवर महबूब किदवई, ज्ञान सिंह यादव, विनय कुमार सिंह, मृत्युंजय शर्मा, पाटेश्वरी प्रसाद, धनंजय शर्मा, सलाउद्दीन किदवाई, सभासद शिवा शर्मा, विजय कुमार सिंह, वीरेन्द्र प्रधान, नगर पुरोहित अरविन्द मिश्र, पंकज गुप्ता पंकी, सहित सैकड़ों लोगों ने बधाई दी।

## सेंट जोसेफ स्कूल में मेधावियों का सम्मान, शानदार परिणाम घोषित

# अव्वल छात्रों को किया गया सम्मानित

❒ प्रधानाचार्य बोले-बच्चों का उज्ज्वल भविष्य ही हमारी प्राथमिकता




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हैदरगढ़, बाराबंकी। कस्बा हैदरगढ़ के बछरावा रोड स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम समारोहपूर्वक घोषित किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार पाण्डेय ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ल्हमारा उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। अनुशासन, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और शिक्षकों के समर्पण से ही यह सफलता संभव हो पाई है। भविष्य में भी विद्यालय इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देता रहेगा। विद्यालय के समर्पित शिक्षक एस.बी. सर, देव, आर.बी., अनुराग सिंह, दीपक, मंजीत, विल्सन, अनामिका, सृष्टि, आरती, रूबी, वंदना, रुबिका, मोनिका, पूर्णिमा, बीनू, अदीबा, अंशिका, शालिनी, शिवानी आदि बच्चों की मजबूत शैक्षिक नींव तैयार करने में निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

इसी का परिणाम है कि विद्यालय के टॉप करने वाले छात्रों में अंश प्रताप सिंह, आराध्य सिंह, नमृता शुक्ला, वैदेही द्विवेदी शामिल रहे। वहीं प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों में सार्थक सिंह, शिवाय तिवारी, कार्तिक चौरसिया, आयुष कुमार, भूमि सिंह, शिवांश सिंह, अर्जित पटेल, अक्षत त्रिवेदी, अंतिम शुक्ला, आराध्या पाल, अर्चना तिवारी, उद्यांश तिवारी, हर्ष प्रताप सिंह, आयुष पाल, शोभित यादव, निक्की द्विवेदी, दिव्यांशी यादव, शूर्ययांश, युवराज, मधुकर पाण्डेय, आयुषी, राघवेंद्र, दिशा आदि विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी मेधावी छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# सोती रही पुलिस रात भर बदमाशों ने किया तांडव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

निंदूरा बाराबंकी। सोमवार देर रात कुर्सी थाना क्षेत्र के कुंडवा चौराहा कल रात भर तांडव कर खाकी को चुनौती दे दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दौलतपुर मजरे बिसई गांव निवासी रजनीश पुत्र कन्हैयालाल की चौराहे पर दुकान है ।मंगलवार सुबह जब अपनी दुकान ल्जगत मोबाइलङ्क पहुंचे, तो दुकान का शटर क्षतिग्रस्त और ऊपर उठा हुआ था। चोरी की पुष्टि हुई तभी डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस नेजांच-पड़ताल शुरू की। पीड़ित रजनीश के अनुसार, चोर दुकान से करीब 55 हजार रुपये नगद, लेनोवो कंपनी का एक लैपटॉप, लगभग डेढ़ दर्जन स्मार्ट वॉच, करीब पांच दर्जन ईयरबड्स, एक सोने का लॉकेट तथा मरम्मत के लिए आए चार स्मार्टफोन चोरी कर ले गए।

पास की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रात करीब दो बजे एक सफ़ेद रंग की वैगन आर कार आती दिखाई दी, जिसमें से चार से पांच संदिग्ध व्यक्ति उतरते नजर आए। घटना के बाद चोर कुछ दस्तावेज रास्ते में फेंक गए, जो लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर मौलनिया गांव के सामने तथा निंदुरा कस्बे के पास बरामद हुए। इन दस्तावेजों में एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और आधार कार्ड,मार्कशीट शामिल हैं। गौरतलब है कि कुंडवा चौराहा लखनऊ-महमूदाबाद मुख्य मार्ग पर स्थित है, जहां रात भर वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। इसके बावजूद इतनी बड़ी चोरी की घटना होना पुलिस की गश्त व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। फिलहाल पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की पहचान में जुटी हुई है। चौकी प्रभारी ओदार गौरव सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है जांच की जा रही है।

# बबलू के आश्रितों से मिले मंत्री राजभर, बधाया ढांढ़स



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामनगर बाराबंकी। विकासखंड रामनगर के बेहटा गांव निवासी युवक बबलू की हत्या मामले ने तूल पकड़ लिया है।मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करने वाले बबलू का शव शनिवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में मिला जिससे क्षेत्र में दहशत और आक्रोश फैल गया।मृतक की पत्नी ने हत्या को साजिश बताते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और फांसी की मांग की है।परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है और अब छह माह के बेटे व तीन साल की बेटी की जिम्मेदारी मां पर आ गई है।मंगलवार को मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने भाजपा नेता शरद अवस्थी व अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ गांव में पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और शोक व्यक्त कर हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।उन्होंने अधिकारियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।प्रशासन ने मामले की जांच तेज करने और जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का भरोसा दिया है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**फतेहपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में एक साइकिल सवार वृद्ध की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के सादुल्लापुर निवासी फौजदार 80 वर्ष सोमवार करीब दो बजे वह साइकिल से लालपुर करौता बाजार आ रहे थे कि सादुल्लापुर चौराहे के पास पहुचते ही सामने से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।दुर्घटना में फौजदार गंभीर रूप से घायल हो गए।जिन्हें आस पास के ग्रामीणों ने इलाज हेतु तत्काल एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी सूरतगंज भेजा वहा से जिला अस्पताल भेज दिया गया जहा उपचार के दौरान फौजदार ने दम तोड़ दिया।पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मंगलवार पीएम उपरांत गांव पहुचे शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## दुराचारी मौलाना गिरफ्तार

**सूरतगंज-बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में शादी का झासा देकर एक मौलाना ने एक युवती से दुष्कर्म किया।शादी से इंकार के बाद युवती ने मौलाना के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस ने मौलाना को अरेस्ट कर लिया है। पुलिस के अनुसार,थाना क्षेत्र एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को तहरीर बताया है कि घघसी गांव निवासी रिहान पुत्र अनवर ने शादी का झांसा देकर उनके साथ कई बार शारारिक सम्बन्ध बनाये है मौलाना उसको करीब दो वर्षों से शादी करने का झासा दे रहा था।अब जब शादी करने को कहा तो वह मुकर गया युवती ने उसके विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर उसको अरेस्ट कर लिया है।इस सम्बन्ध में एसएसओ आशुतोष मिश्रा ने बताया कि युवती ने शादी का झासा देकर दुष्कर्म करने आरोप लगाया है रिहान के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज अरेस्ट कर लिया गया है।

# पंचतत्व में विलीन हुए दादा संग्राम सिंह नाती ने दी मुखाग्नि, अंतिम दर्शन उमड़ी भीड़





**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जैदपुर बाराबंकी। समाजसेवी एवं समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व मंत्री संग्राम सिंह वर्मा पंचतत्व में विलीन हुए। उनका अंतिम संस्कार आज मंगलवार को हरख ब्लॉक स्थित उनके पैतृक गांव जरमापुर में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में दलगत भावना से इतर हजारों लोग सम्मिलित हुए। दादा संग्राम ने राम मंदिर निर्माण में 51 लाख भेंट दानदाताओं की सूची में सम्मिलित हुए थे। पर्सनल रहेगी करीब 93 वर्ष की उम्र में दादा संग्राम सिंह ने कल लखनऊ में अंतिम सांस ली। अर्जुन का पार्थिव शरीर जब शहर स्थित परमेश्वर निवास पर आया तो अंतिम दर्शन करने वालों की भीड़ उम्र पड़ी थी। सवेरे करीब 11:00 बजे उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव जरमापुर ले जाया गया जहां उन्हें अंतिम विदा दी गई। अंत्येष्टि अवसर पर जिले के विभिन्न दलों के नेता, कार्यकर्ता और सर्व समाज के लोग शामिल हुए। नाती ने उन्हें मुखाग्नि दी। संग्राम सिंह की पुत्री रश्मि उर्फ पिंकी सिंह के पुत्र अरनव देव ने अपने नाना को मुखाग्नि दी। दादा संग्राम सिंह के अन्य तीनों भाई नंदकिशोर बीके सिंह व पूर्व प्रमुख छोटे भाई सुरेंद्र सिंह वर्मा सहित परिवार के अन्य लोग भी उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, एमएलसी व भाजपा जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल,पूर्व मंत्री राकेश कुमार वर्मा,सपा के राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, कंाग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद डॉ पी एल पुनिया, एमएलसी राजेश यादव, विधायक धर्मराज यादव, विधायक दिनेश रावत, एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष राम सिंह वर्मा भुल्लन, अवधेश श्रीवास्तव, अरविंद मौर्या, पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, डॉ विवेक वर्मा बजरंग दल नेता समाजसेवी सुनील सिंह सेवक विद्यार्थी परिषदके नेता विवेकादित्य सिंह टाइगर समेत हजारों लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की।राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने संग्राम सिंह वर्मा को दलगत राजनीति से ऊपर का सामाजिक सेवक एवं नेता बताया। सपा के राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री अरविंद कुमार गोप ने भी उनको श्रद्धांजलि दी। कहा कि संग्राम सिंह वर्मा जैसे नेता के निधन से समाजवादी पार्टी को क्षति हुई है।राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने संग्राम सिंह वर्मा को दलगत राजनीति से ऊपर का सामाजिक सेवक एवं नेता बताया। सपा के राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री अरविंद कुमार गोप ने भी उनको श्रद्धांजलि दी। कहा कि संग्राम सिंह वर्मा जैसे नेता के निधन से समाजवादी पार्टी को क्षति हुई है। पूर्व मंत्री संग्राम सिंह वर्मा का अंतिम संस्कार पैतृक गांव मे पूर्वजों द्वारा स्थापित मंदिर के समीप किया गया।



## ☛ यात्रीगण कृपया ध्यान दें! ☚

### ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ – 2026

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी ग्रीष्मकाल के दौरान रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

**04209/04210 वाराणसी – दिल्ली जं. – वाराणसी आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में तीन दिन) — 76 फेरे**

| गाड़ी सं. 04209 आगमन | गाड़ी सं. 04209 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04210 आगमन | गाड़ी सं. 04210 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 22:15 | वाराणसी | 09:50 | ---- |
| 13:30 | ---- | दिल्ली जं. | ---- | 19:25 |

चलने के दिन: **04209 वाराणसी** से प्रत्येक सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को दिनांक 15.04.2026 से 20.05.2026 एवं 27.05.2026 से 15.07.2026 तक और **04210 दिल्ली जं.** से प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार व शनिवार को दिनांक 16.04.2026 से 21.05.2026 एवं 28.05.2026 से 16.07.2026 तक।
ठहराव: माँ बेल्हा देवी धाम, रायबरेली, लखनऊ, हरदोई, रामपुर, मुरादाबाद, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04203/04204 लखनऊ – नई दिल्ली – लखनऊ आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 26 फेरे**

| गाड़ी सं. 04203 आगमन | गाड़ी सं. 04203 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04204 आगमन | गाड़ी सं. 04204 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 08:05 | लखनऊ | 06:35 | ---- |
| 18:30 | ---- | नई दिल्ली | ---- | 20:20 |

चलने के दिन: **04203 लखनऊ** से और **04204 नई दिल्ली** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 20.04.2026 से 13.07.2026 तक।
ठहराव: बालामऊ जं., शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, अमरोहा, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04213/04214 अयोध्या छावनी – आनंद विहार (ट.) – अयोध्या छावनी आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (द्वि-साप्ताहिक) — 48 फेरे**

| गाड़ी सं. 04213 आगमन | गाड़ी सं. 04213 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04214 आगमन | गाड़ी सं. 04214 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 18:20 | अयोध्या छावनी | 22:00 | ---- |
| 00:48 | 00:50 | बरेली जं. | 13:03 | 13:05 |
| 06:00 | ---- | आनंद विहार (ट.) | ---- | 09:00 |

चलने के दिन: **04213 अयोध्या छावनी** से प्रत्येक रविवार व गुरुवार को दिनांक 16.04.2026 से 17.05.2026 एवं 28.05.2026 से 12.07.2026 तक और **04214 आनंद विहार (ट.)** से प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार को दिनांक 17.04.2026 से 18.05.2026 एवं 29.05.2026 से 13.07.2026 तक।
ठहराव: बाराबंकी, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04010/04009 दिल्ली जं. – सीतामढ़ी – दिल्ली जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 26 फेरे**

| गाड़ी सं. 04010 आगमन | गाड़ी सं. 04010 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04009 आगमन | गाड़ी सं. 04009 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:05 | दिल्ली जं. | 23:10 | ---- |
| 23:30 | ---- | सीतामढ़ी | ---- | 01:00 |

चलने के दिन: **04010 दिल्ली जं.** से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 16.04.2026 से 09.07.2026 तक एवं **04009 सीतामढ़ी** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 17.04.2026 से 10.07.2026 तक।
ठहराव: गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., गोरखपुर, बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनिया स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04052/04051 नई दिल्ली – हावड़ा जं. – नई दिल्ली आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 24 फेरे**

| गाड़ी सं. 04052 आगमन | गाड़ी सं. 04052 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04051 आगमन | गाड़ी सं. 04051 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 18:15 | नई दिल्ली | 08:20 | ---- |
| 23:40 | ---- | हावड़ा जं. | ---- | 01:40 |

चलने के दिन: **04052 नई दिल्ली** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 17.04.2026 से 15.05.2026 एवं 29.05.2026 से 10.07.2026 तक और **04051 हावड़ा जं.** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 19.04.2026 से 17.05.2026 एवं 31.05.2026 से 12.07.2026 तक।
ठहराव: गाजियाबाद, अलीगढ जं., टूंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., मिर्ज़ापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं., किऊल जं., झाझा, जसीडीह जं., मधुपुर जं., चित्तरंजन, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्धमान एवं बैण्डेल स्टेशन।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

**04062/04061 दिल्ली जं. – भागलपुर – दिल्ली जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 26 फेरे**

| गाड़ी सं. 04062 आगमन | गाड़ी सं. 04062 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04061 आगमन | गाड़ी सं. 04061 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 11:45 | दिल्ली जं. | 20:10 | ---- |
| 13:30 | ---- | भागलपुर | ---- | 16:30 |

चलने के दिन: **04062 दिल्ली जं.** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 21.04.2026 से 14.07.2026 तक और **04061 भागलपुर** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 22.04.2026 से 15.07.2026 तक।
ठहराव: अलीगढ जं., टूंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, रफीगंज, गया जं., तिलैया, नवादा, वारिसलीगंज, शेखपुरा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. एवं सुल्तानगंज स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**02275/02276 सूबेदारगंज – शकूरबस्ती – सूबेदारगंज विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (द्वि-साप्ताहिक) — 16 फेरे**

| गाड़ी सं. 02275 आगमन | गाड़ी सं. 02275 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 02276 आगमन | गाड़ी सं. 02276 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 21:35 | सूबेदारगंज | 04:00 | ---- |
| 10:15 | ---- | शकूरबस्ती | ---- | 13:00 |

चलने के दिन: **02275 सूबेदारगंज** से प्रत्येक रविवार व मंगलवार को दिनांक 05.04.2026 से 28.04.2026 तक और **02276 शकूरबस्ती** से प्रत्येक सोमवार व बुधवार को दिनांक 06.04.2026 से 29.04.2026 तक।
ठहराव: फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला, अलीगढ़, गाजियाबाद एवं दिल्ली जं. स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**08743/08744 दुर्ग – हरिद्वार जं. – दुर्ग विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 22 फेरे**

| गाड़ी सं. 08743 आगमन | गाड़ी सं. 08743 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 08744 आगमन | गाड़ी सं. 08744 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 11:00 | दुर्ग | 03:00 | ---- |
| 17:30 | ---- | हरिद्वार जं. | ---- | 18:55 |

चलने के दिन: **08743 दुर्ग** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 19.04.2026 से 28.06.2026 तक एवं **08744 हरिद्वार जं.** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 20.04.2026 से 29.06.2026 तक।
ठहराव: रायपुर जं., भाटापारा, उस्लापुर, पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी मुडवारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., ग्वालियर जं., धौलपुर, आगरा छावनी, मथुरा जं., कोसी कलाँ, हज़रत निज़ामुद्दीन, मेरठ सिटी एवं रूड़की स्टेशन।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04652/04651 अमृतसर – जयनगर – अमृतसर हमसफ़र विशेष एक्सप्रेस रेल सेवा की परिचालन अवधि में विस्तार**

| रेलगाड़ी सं. | से | तक | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की प्रस्तावित अवधि | फेरे |
|---|---|---|---|---|---|
| 04652 | अमृतसर | जयनगर | 29.03.26 तक | 01.04.26 से 15.07.26 | 46 |
| 04651 | जयनगर | अमृतसर | 31.03.26 तक | 03.04.26 से 17.07.26 | 46 |

**रेलगाड़ी सं. 05736/05735 कटिहार – अमृतसर – कटिहार विशेष एक्सप्रेस रेल सेवा की परिचालन अवधि में विस्तार**

| रेलगाड़ी सं. | से | तक | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की प्रस्तावित अवधि | फेरे |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 05736 | कटिहार | अमृतसर | बुधवार | 25.03.26 तक | 01.04.26 से 27.05.26 | 09 |
| 05735 | अमृतसर | कटिहार | शुक्रवार | 27.03.26 तक | 03.04.26 से 29.05.26 | 09 |

**रेलगाड़ी सं. 05736/05735 कटिहार – अमृतसर – कटिहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी का निम्नलिखित स्टेशनों पर संशोधित समय-सारणी**

| गाड़ी सं. 05736 आगमन | गाड़ी सं. 05736 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 05735 आगमन | गाड़ी सं. 05735 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 21:00 | कटिहार | 23:45 | ---- |
| 22:07 | 22:09 | शाहजहाँपुर | 00:19 | 00:21 |
| 23:05 | 23:10 | बरेली | 23:07 | 23:09 |
| 00:25 | 00:33 | मुरादाबाद | 21:45 | 21:50 |
| 02:08 | 02:10 | लक्सर जं. | 20:08 | 20:10 |
| 02:30 | 02:32 | रुड़की | 19:43 | 19:45 |
| 04:00 | 04:05 | सहारनपुर जं. | 19:00 | 19:08 |
| 09:45 | ---- | अमृतसर | ---- | 13:25 |

नोट: अन्य सभी विवरण यथावत रहेंगे।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# लखनऊ सुपर जाइंट्स का पहला मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से, पंत पर रहेगा दबाव

एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ सुपर जाइंट्स बुधवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2026 में अपने अभियान की शुरुआत करेगी तो कप्तान ऋषभ पंत पर प्रदर्शन में सुधार का काफी दबाव रहेगा। पिछले साल लखनऊ टीम के साथ बतौर कप्तान और स्टार बल्लेबाज अपने पहले साल में पंत अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके थे। प्रमुख खिलाड़ियों खासकर तेज गेंदबाजों की चोटों ने उनकी मुश्किलें और बढा दी थी। इस साल उनके पास पूरी तरह से फिट टीम है और मोहम्मद शमी तथा एनरिच नॉर्किया जैसे अनुभवी गेंदबाजों के आने से आक्रमण मजबूत हुआ है। अक्सर चोटिल रहने वाले तेज गेंदबाज मयंक यादव ने पिछले एक साल में अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है और लखनऊ को उम्मीद होगी कि वह उस भरोसे पर खरे उतरें जो टीम ने उन पर किया है। तेज गेंदबाज मोहसिन खान भी चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं जबकि प्रिंस यादव ने भी अपनी मध्यम तेज गेंदबाजी से प्रभावित किया है। स्पिनर दिग्वेश सिंह राठी ने पहले साल में ही अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी थी और वह उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। गेंदबाजी की तुलना में लखनऊ की बल्लेबाजी बेहतर लग रही है। मिचेल मार्श और एडेन मार्क्रम आईपीएल की सबसे खतरनाक सलामी जोड़ियों में से है। पिछले सत्र में चौथे नंबर पर कोई कमाल नहीं कर सके पंत ने तीसरे नंबर पर शतक जमाया था। वह तीसरे नंबर पर ही उतरेंगे जबकि निकोलस पूरन चौथे नंबर पर खेलेंगे। दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले सत्र में सात सलामी जोड़ियों को आजमाया लेकिन बात नहीं बनी। इस सत्र में उन्हें शीर्षक्रम में स्थिरता की उम्मीद होगी। केएल राहुल पारी का आगाज करेंगे लेकिन उनके साथ पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल या पाथुम निसांका में से कौन होगा, अभी तय नहीं है। मध्यक्रम को मजबूती देने के लिये डेविड मिलर को लाया गया है जबकि दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स भी टीम में हैं। चोट के कारण मिचेल स्टार्क पहला मैच नहीं खेल सकेंगे लेकिन दिल्ली का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत है। कप्तान अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे दो मैच विनर उसके पास है। उनके साथ लुंगी एंगिडि भी हैं जो टी20 विश्व कप में जबर्दस्त फॉर्म में थे।

टीमें : लखनऊ सुपर जाइंट्स: ऋषभ पंत (कप्तान ), आयुष बडोनी, मैथ्यू ब्रीत्स्के, एडेन मार्क्रम, निकोलस पूरन, अर्शिन कुलकर्णी, मिचेल मार्श, शाहबाज अहमद, आकाश महाराज सिंह, आवेश खान, मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव, दिग्वेश सिंह राठी, अर्जुन तेंदुलकर, मयंक यादव, वानिंदु हसरंगा, एनरिच नॉर्किया, जोश इंग्लिस, अब्दुल समद, हिम्मत सिंह, नमन तिवारी, अक्षत रघुवंशी, मोहसिन खान, मनिमारन सिद्धार्थ, मुकुल चौधरी।

दिल्ली कैपिटल्स: अक्षर पटेल (कप्तान), अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नीतिश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स,आशुतोष शर्मा, दुष्मंता चामीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, आकिब नबी दर, पाथुम निसांका, लुंगी एंगिडि, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, अजय मंडल, टी नटराजन, माधव तिवारी, करूण नायर, साहिल पारख।

# पावरप्ले में ही मैच का रुख तय करने की योजना कारगर रही: सूर्यवंशी

एजेंसी



गुवाहाटी। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ ताबड़तोड़ अर्धशतकीय पारी खेलकर राजस्थान रॉयल्स को 47 गेंद शेष रहते आठ विकेट से बड़ी जीत दिलाने वाले युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने कहा कि उनकी योजना पावरप्ले में ही मैच का रुख तय करने की थी।

महज 15 गेंदों में अर्धशतक पूरा करने वाले सूर्यवंशी ने 17 गेंदों की पारी में 52 रन बनाए, जिससे राजस्थान रॉयल्स ने 128 रन के लक्ष्य को 12.1 ओवर में दो विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। हाल ही में अपना 15वां जन्मदिन मनाने वाले सूर्यवंशी ने मैच के बाद प्रसारकों से कहा, ''हमारी योजना पावरप्ले में बड़ा स्कोर खड़ा करने की थी। शुरुआत में विकेट थोड़ा धीमा था, लेकिन बाद में बल्लेबाजी आसान हो गई। कोचों ने मुझ पर भरोसा जताया है और कहा है कि अपने खेल पर कायम रहूं। उन्होंने साथी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की भूमिका की तारीफ करते हुए कहा कि इस भारतीय बल्लेबाज के मार्गदर्शन से उन्हें फायदा हुआ। पंद्रह वर्षीय सूर्यवंशी ने कहा, ''वह मुझे बड़े शॉट खेलने के लिए प्रेरित करते हैं और कहते हैं कि गेंद अच्छे से बल्ले पर आ रही है और उसी तरह खेलते रहो। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने भी सूर्यवंशी की तारीफ की। उन्होंने कहा, ''मैं उसे कहता हूं कि पूरे 14 मैच खेले और बाहरी बातों से प्रभावित न हो। हमने नेट्स में उसका खेल देखा है और वह शानदार है। टीम संयोजन में बाएं-दाएं हाथ के बल्लेबाजों का संतुलन जरूरी है। पराग ने टॉस को निर्णायक बताते हुए कहा कि गेंदबाजों ने परिस्थितियों का बेहतरीन इस्तेमाल किया। पराग ने कहा, ''टॉस जीतना हमारे लिए थोड़ा भाग्यशाली रहा। बारिश के कारण लाल मिट्टी की पिच गेंदबाजों के लिए मददगार थी और उन्होंने योजनाओं को अच्छी तरह अमल में लाया। कप्तानी के लिए काफी तैयारी की है और हमारा लक्ष्य खिताब जीतना है। हम स्मार्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं और परिस्थितियों के अनुसार ढलना चाहते हैं, जो आज हमने किया। राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने शानदार गेंदबाजी के दम पर 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार हासिल करने के बाद कहा कि टीम को जीत दिलाने में योगदान देना और टूर्नामेंट की सकारात्मक शुरुआत करना बेहद संतोषजनक है।

## संक्षिप्त समाचार

### पश्चिम एशिया संघर्ष जारी रहने पर भारत के जीडीपी वृद्धि अनुमान में हो सकती है एक प्रतिशत तक की कटौती

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के आगामी वित्त वर्ष तक जारी रहने पर भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर में करीब एक प्रतिशत तक कमी आ सकती है, जबकि खुदरा महंगाई लगभग 1.5 प्रतिशत बढ़ सकती है। ईवाई की एक रिपोर्ट में बात कही गई। ईवाई इकोनॉमी वॉच रिपोर्ट के अनुसार कपड़ा, पेंट, रसायन, उर्वरक, सीमेंट व टायर जैसे कई क्षेत्र सीधे तौर पर प्रभावित हो सकते हैं। इन क्षेत्रों में रोजगार या आय में किसी भी कमी से समग्र मांग पर और दबाव पड़ सकता है। इसके परिणामस्वरूप आपूर्ति और मांग दोनों की स्थितियां वैश्विक तेल बाजार में उतार-चढ़ाव से प्रभावित हो सकती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 90 प्रतिशत आयात करता है। इसके साथ ही वह प्राकृतिक गैस और उर्वरकों के आयात पर भी काफी निर्भर है। इसलिए वह ऐसे बाहरी झटकों के प्रति अधिक संवेदनशील है। कच्चे तेल और ऊर्ज़ा से जुड़े मजबूत अग्र एवं पश्च संबंधों के कारण इसका नकारात्मक प्रभाव कई क्षेत्रों में फैल सकता है। इसमें कहा गया कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने वैश्विक कच्चे तेल और ऊर्ज़ा बाजारों को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। इससे आपूर्ति, भंडारण, परिवहन और कीमतों पर असर पड़ा है। संघर्ष जल्दी समाप्त हो जाने पर भी इन व्यवधानों को सामान्य होने में समय लग सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, '' यदि इसका प्रभाव समूचे वित्त वर्ष 2026-27 तक बना रहता है, तो भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि में करीब एक प्रतिशत की कमी आ सकती है और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई लगभग 1.5 प्रतिशत बढ़कर अपने मूल अनुमान सात प्रतिशत और चार प्रतिशत से ऊपर जा सकती है। ईवाई ने फरवरी की अपनी रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि 6.8 से 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। अमेरिका और इजराइल के 28 फरवरी को ईरान पर सैन्य हमले के बाद तेहरान की कड़ी प्रतिक्रिया से पश्चिम एशिया में उत्पन्न व्यापक संघर्ष से कच्चे तेल की कीमतों में करीब 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो चुकी है। इससे पहले आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने पिछले सप्ताह अनुमान लगाया था कि आगामी वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि घटकर 6.1 प्रतिशत रह सकती है जो चालू वित्त वर्ष 2025-26 के 7.6 प्रतिशत से कम होगी।

### डंकिन के साथ 'फ्रेंचाइजी' समझौता नहीं बढ़ाएगी जुबिलेंट फूडवर्क्स

**नयी दिल्ली।** देश की प्रमुख क्विक सर्विस रेस्तरां श्रृंखला संचालक जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड (जेएफ़एल) ने अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कॉफी एवं डोनट कंपनी डंकिन के साथ अपने 'फ्रेंचाइजी' समझौते को फिर नहीं बढ़ाने और उसके स्टोर चरणबद्ध तरीके से बंद करने का फैसला किया है। 'भारतीया' परिवार प्रवर्तित कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि जेएफएल और डंकिन के बीच 24 फरवरी 2011 को किया गया मल्टीपल यूनिट डेवलपमेंट फ्रेंचाइजी एग्रीमेंट (एमयूडीएफए) 31 दिसंबर 2026 को समाप्त हो रहा है। कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने भारत में डंकिन ब्रांड के विकास एवं संचालन के लिए किए गए एमयूडीएफए के तहत दिए गए विकास अधिकारों को मौजूदा अवधि समाप्त होने पर नवीनीकृत (रिन्यू) न करने का निर्णय लिया है। जेएफएल ने कहा कि वह डंकिन ब्रांड के मौजूदा संचालन के संबंध में चरणबद्ध तरीके से उचित कदमों का मूल्यांकन करेगी और उन्हें लागू करेगी। इसमें कुछ परिचालन का युक्तिकरण या बंद करना, परिसंपत्तियों की बिक्री, हस्तांतरण या निपटान, अथवा 'फ्रेंचाइजी' अधिकारों का हस्तांतरण शामिल हो सकता है। यह प्रक्रिया डंकिन ब्रांड के मालिकों से परामर्श कर की जाएगी। कंपनी ने कहा कि यह सभी एमयूडीएफए की शर्तों, लागू कानूनों, नियामकीय आवश्यकताओं और अनुबंधीय दायित्वों के अनुरूप किया जाएगा। जुबिलेंट फूडवर्क्स की सेवाएं छह बाजारों भारत, तुर्किये, बांग्लादेश, श्रीलंका, अजरबैजान और जॉर्जिया में फैली हैं जहां इसके 3,500 से अधिक स्टोर हैं। समूह के खंड में वैश्विक ब्रांड डोमिनोज और पोपायज के साथ-साथ तुर्किये में अपने दो ब्रांड होंग्स किचन तथा कैफ़े ब्रांड -कॉफी शामिल है।

### सेबी ने एलीटकॉन, प्रवर्तक व अन्य को बाजार से प्रतिबंधित किया

**नयी दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने कथित हेरफ़ेर गतिविधियों एवं भ्रामक खुलासों के आरोप में एलीटकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड, उसके प्रवर्तक एवं प्रबंध निदेशक विपिन शर्मा और चार अन्य को प्रतिभूति बाजार में कारोबार करने से प्रतिबंधित कर दिया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सोमवार को जारी अंतरिम एकपक्षीय आदेश में शर्मा और चार अन्य इकाइयों से लगभग 51.26 करोड़ रुपये की कथित अवैध कमाई जब्त करने का निर्देश दिया। इसके अलावा सेबी ने कहा कि वह इस मामले में विस्तृत जांच करेगा और 'फोरेंसिक' लेखा परीक्षक नियुक्त करेगा। यह कार्रवाई एलीटकॉन इंटरनेशनल के शेयर में कारोबार की जांच के बाद की गई। जांच में नियामक को प्रथम दृष्टया यह संकेत मिले कि कंपनी और उससे जुड़े लोगों ने परिचालन एवं वित्तीय स्थिति से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी छिपाकर निवेशकों को गुमराह किया जबकि उसी दौरान ऊंची कीमतों पर शेयर बेचे जा रहे थे। सेबी ने आरोप लगाया कि कंपनी ने अपने वित्तीय एवं परिचालन स्थिति की भ्रामक तस्वीर पेश करने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दबाई। आदेश में कहा गया कि सकारात्मक खुलासे किए गए लेकिन माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से जुड़े मामलों सहित कुछ प्रतिकूल घटनाक्रमों की जानकारी निवेशकों को पर्याप्त रूप से नहीं दी गई। सेबी ने अपने 82 पृष्ठ के आदेश में कहा, '' कंपनी के वित्तीय हालात और कामकाज के संबंध में बाहरी दुनिया के सामने केवल सकारात्मक तस्वीर पेश की जा रही थी। नियामक ने कहा कि ऐसे चयनात्मक खुलासों से बाजार में सकारात्मक माहौल बना और निवेशकों को शेयर खरीदने के लिए प्रेरित किया गया जबकि उसी समय प्रवर्तक एवं उनसे जुड़े पक्ष अपने शेयर बेच रहे थे। सेबी के अनुसार प्रथम दृष्टया साक्ष्य से पता चलता है कि सकारात्मक बाजार धारणा बनाए रखने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण तथ्यों को दबाया गया जबकि नोटिस प्राप्त पक्ष अपनी हिस्सेदारी बेच रहे थे। नियामक ने कहा कि यह आचरण शेयर कीमत को कृत्रिम रूप से सहारा देने और निवेशकों की रुचि का लाभ उठाने की योजना की ओर संकेत करता है, जिससे बाजार में हेरफ़ेर की आशंका उत्पन्न होती है। इसी के तहत सेबी ने छह इकाइयों को अगले आदेश तक प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रतिभूतियों की खरीद-फरोख्त से रोक दिया है। साथ ही संबंधित इकाइयों के बैंक और 'डीमैट' खातों को जब्त की गई राशि की सीमा तक फ्रीज करने का भी निर्देश दिया गया है। प्रतिबंधित व्यक्तियों में प्रवर्तक विपिन शर्मा, गैर-प्रवर्तक पवन कुमार राय तथा ऑफ-मार्केट हस्तांतरण पाने वाले गौरव त्यागी, प्रभाकर कुमार और सुजीत चतुर्वेदी शामिल हैं। नियामक ने इन इकाइयों को अपनी संपत्तियों एवं निवेशों का विवरण देने का निर्देश भी दिया है। कंपनी की वास्तविक वित्तीय स्थिति का पता लगाने के लिए फोरेंसिक ऑडिट कराने का आदेश दिया है।

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 : झारखंड की पहलवान पूनम ऑरन ने कुश्ती में जीता गोल्ड मेडल

एजेंसी



रायपुर। कुश्ती जैसे खेल में जहां फिटनेस और ताकत सबसे बड़ी जरूरत होती है, वहां चोटिल कंधे के साथ मैट पर उतरना अपने आप में बड़ा जोखिम है। लेकिन झारखंड की 19 वर्षीय पहलवान पूनम ऑरन ने इस जोखिम को चुनौती में बदला और दर्द के बावजूद मुकाबले दर मुकाबले जीत हासिल करते हुए पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। सोमवार की देर शाम को खेले गए फाइनल में भी पूनम बाएं कंधे पर पट्टी बांधकर उतरीं। हर मूव के साथ दर्द साफ नजर आ रहा था, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अंत तक लड़ते हुए मुकाबला अपने पक्ष में किया। पूनम ने महिलाओं की 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में तेलंगाना की के. गीता को हराकर स्वर्ण पदक जीता। अपने करियर का पहला स्वर्ण पदक जीतने के बाद पूनम ने मीडिया से कहा कि, जब नौ साल से हार नहीं मानी, तो अब कैसे मान लेती। मेरी यह चोट बहुत पुरानी है। छह साल पहले मेरा कंधा उतर गया था। बीच में ठीक हुआ, लेकिन फिर ट्रेनिंग के दौरान दोबारा चोट लग गई। इसके बावजूद मैंने वापसी की और अब मैंने यहां पर गोल्ड जीता है।'' उन्होंने कहा,''अपने करियर की शुरुआत से ही मैं चोटों से जूझ रही हूँ, लेकिन मैंने कभी हार नहीं मानी। गोल्ड मेडल जीतना किसी सपने के सच होने जैसा लगता है। नौ साल तक गोल्ड न जीत पाने के दर्द के मुकाबले यह चोट कुछ भी नहीं है। झारखंड के चतरा जिले के सुइयाबार गांव की रहने वाली पूनम के लिए यह जीत किसी सपने के सच होने जैसी है। साल 2017 में जब उन्होंने कुश्ती की शुरुआत की थी, उसी दौरान एक गंभीर चोट ने उन्हें करीब एक साल तक मैट से दूर कर दिया। वापसी के बाद उन्होंने 2018 और 2019 में स्कूल गेम्स फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया में कांस्य पदक जीते, लेकिन इसके बाद पदक जीतने का इंतजार लंबा चला। पूनम बताती हैं कि, इस प्रतियोगिता में उतरने से पहले भी वह पूरी तरह फिट नहीं थीं। उन्होंने कहा, '' घर वाले मना कर रहे थे, लेकिन कोच और सपोर्ट स्टाफ को मुझ पर भरोसा था। उनके सपोर्ट से ही मैं खेल पाई और गोल्ड जीत सकी। छह साल बाद कोई पदक जीतना मेरे लिए बहुत खास है और इसके पीछे मेरी दृढ़ इच्छाशक्ति है।'' वह पिछले करीब एक दशक से रांची के हॉस्टल में रहकर अभ्यास कर रहीं हैं। ऑरन समुदाय से ताल्लुक रखने वाली पूनम के लिए यह स्वर्ण पदक खास मायने रखता है। वह कहती हैं, '' इसके मुझे काफी लंबा इंतजार करना पड़ा है।

## वैज्ञानिक ट्रेनिंग और रिकवरी से प्रदर्शन में सुधार होगा: सोनाली शिंगाटे

बेल्लारी। भारतीय कबड्डी खिलाड़ी सोनाली शिंगाटे ने आगामी एशियन गेम्स 2026 से पहले चल रहे भारतीय महिला कबड्डी टीम के राष्ट्रीय शिविर में वैज्ञानिक ट्रेनिंग और रिकवरी को प्रदर्शन सुधार की कुंजी बताया है। बेल्लारी स्थित इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट में आयोजित इस हाई-परफॉर्मेंस कैंप में टीम की संभावित खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं। सोनाली शिंगाटे, जो 2025 कबड्डी वर्ल्ड कप (ढाका) में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रह चुकी हैं और 2018 एशियन गेम्स में रजत पदक विजेता टीम में भी शामिल थीं, ने कहा कि इस बार ट्रेनिंग में स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जो खिलाड़ियों के लिए नया अनुभव है। उन्होंने कहा कि इससे खिलाड़ियों को बेहतर तरीके से ट्रेनिंग करने और अपने प्रदर्शन को सुधारने में मदद मिल रही है।

# सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में मामूली तेजी का रुख नजर आ रहा है। वहीं चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने की कीमत में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,48,270 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,48,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,35,910 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,36,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु आज शुरुआती कारोबार कै दौरान दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार के भाव पर यानी 2,44,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,48,420 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,36,060 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,48,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,35,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,48,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,35,960 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,48,270 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,35,910 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,48,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,35,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,48,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,35,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,48,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,36,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,48,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,35,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,48,420 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,36,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# गुजरात विक्ट्री फोर्जिंग्स ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष दाखिल किए मसौदा दस्तावेज




एजेंसी

नयी दिल्ली। गुजरात विक्ट्री फोर्जिंग्स लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष मसौदा दस्तावेज दाखिल किए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष सोमवार को दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ 65 लाख तक नए शेयर और 1.32 करोड़ तक के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। वडोदरा स्थित कंपनी नए निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग वडोदरा स्थित अपनी मौजूदा यूनिट-ऋऋ के विस्तार के लिए पूंजीगत व्यय, कर्ज भुगतान और सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए करने की योजना बना रही है। गुजरात विक्ट्री फोर्जिंग्स धातु स्क्रैप के प्रसंस्करण एवं पुनर्चक्रण के माध्यम से अलौह धातु उत्पादों के विनिर्माण में लगी हुई है।

# नया आयकर कानून एवं कई बजटीय प्रावधान एक अप्रैल से होंगे लागू

एजेंसी




नई दिल्ली। नए वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत के साथ ही एक अप्रैल से देश का आयकर ढांचा भी बड़े बदलावों के दौर में प्रवेश करने जा रहा है। नया आयकर अधिनियम, 2025 बुधवार से लागू हो जाएगा, जो करीब छह दशक पुराने 1961 के कानून की जगह लेगा। इस नए कानून के तहत टैक्स सिस्टम, प्रक्रियाओं और नियमों में कई अहम बदलाव किए गए हैं। सबसे बड़ा बदलाव वित्तीय वर्ष और निर्धारण वर्ष की जगह एकल 'कर वर्ष' की शुरुआत है, जिससे टैक्स फाइलिंग प्रक्रिया को सरल बनाने की कोशिश की गई है।

आयकर विभाग के मुताबिक नए आयकर कानून और अन्य बजटीय प्रावधान 1 अप्रैल से लागू होंगे। इन बजटीय प्रावधान में वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) व्यापार पर उच्च प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) और चिकित्सा तथा शिक्षा उद्देश्यों के लिए विदेशी पर्यटन पैकेज एवं एलआरएस प्रेषणों पर कम टीसीएस शामिल हैं। इसके अलावा भारत में डेटा सेंटर सेवाएं लेने वाली विदेशी कंपनियों को 2047 तक 20 वर्ष की कर छूट और सॉफ्टवेयर कंपनियों के लिए 'सेफ हार्बर' प्रावधानों की सीमा बढ़ाने से संबंधित बजट घोषणाएं भी वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत के साथ बुधवार से प्रभावी हो जाएंगी। नए कानून का उद्देश्य उसी कर नीति को अधिक तार्किक, सुलभ एवं पाठक-अनुकूल प्रारूप में प्रस्तुत करना है। बदलाव अवधि के दौरान उसका ई-फाइलिंग मंच पुराने और नए दोनों आयकर कानूनों के तहत अनुपालन की सुविधा देगा। साथ ही पिछले वर्षों से संबंधित सभी आकलन, अपील एवं अन्य कार्यवाही अंतिम निपटान तक पुराने कानून के तहत ही जारी रहेंगी। आकलन वर्ष 2026-27 (जो पुराने कानून की अवधि से संबंधित है) के लिए जुलाई में रिटर्न दाखिल करने वाले करदाता पुराने कानून के तहत निर्धारित प्रपत्रों का ही उपयोग करेंगे। कर वर्ष 2026-27 के लिए अग्रिम कर भुगतान जून से शुरू होगा। आयकर अधिनियम, 2025 में आकलन वर्ष और पूर्व वर्ष के अंतर को समाप्त कर एकल 'कर वर्ष' व्यवस्था लागू की गई है। इसके साथ ही समय सीमा के बाद आयकर रिटर्न दाखिल होने पर भी टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) की वापसी बिना किसी दंड शुल्क के लेने की अनुमति दी गई है। एक अप्रैल से लागू होने वाला एक अन्य बड़ा बदलाव वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) सौदों पर एसटीटी में वृद्धि है। वायदा अनुबंधों पर एसटीटी 0.02 फीसदी से बढ़कर 0.05 फीसदी हो जाएगा। विकल्प प्रीमियम एवं विकल्प के प्रयोग पर एसटीटी क्रमशः 0.1 फीसदी और 0.125 फीसदी से बढ़कर 0.15 प्रतिशत हो जाएगा। एसटीटी में यह बढ़ोतरी इक्विटी बाजार के एफएंडओ खंड में सट्टेबाजी को सीमित करने और छोटे निवेशकों को भारी नुकसान से बचाने के उद्देश्य से की गई है। आंकड़ों के मुताबिक इक्विटी डेरिवेटिव (एफएंडओ) खंड में कारोबार करने वाले व्यक्तिगत निवेशकों की संख्या 2024-25 में 1.06 करोड़ थी, जो 2025-26 में (30 दिसंबर 2025 तक) घटकर लगभग 75.43 लाख रह गई। सेबी के अध्ययन 'इक्विटी डेरिवेटिव खंड में वृद्धि बनाम नकद बाजार' के अनुसार, 2024-25 में व्यक्तिगत निवेशकों को 1.05 लाख करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध नुकसान हुआ। इसके साथ ही आईटी सेवाओं के लिए 'सेफ हार्बर' सीमा को 300 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2,000 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इससे आईटी/आईटीईएस क्षेत्र को अधिक निश्चितता मिलेगी एवं मुकदमेबाजी में कमी आने की उम्मीद है। आईटी सेवाओं के लिए 'सेफ हार्बर' एक कर व्यवस्था है जो ''ट्रांसफर प्राइसिंग'' विवादों को कम करने के लिए बनाई गई है। विदेशी यात्रा पैकेज और उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत चिकित्सा एवं शिक्षा के लिए भेजी जाने वाली राशि पर टीसीएस (स्रोत पर एकत्रित कर) में कमी का उद्देश्य मध्यम वर्ग को राहत देना है। विदेशी यात्रा पैकेज पर टीसीएस 20 फीसदी से घटाकर दो फीसदी कर दिया गया है। चिकित्सा और शिक्षा के लिए प्रेषण पर टीसीएस पांच प्रतिशत से घटाकर दो फीसदी होगा।

# डबल इंजन की सरकार असम को विकास और समृद्धि के नए युग की ओर आगे बढ़ा रही : राजनाथ सिंह

एजेंसी

शोणितपुर (असम)। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि डबल इंजन की सरकार आज असम को विकास और समृद्धि के नए युग की ओर आगे बढ़ा रही है।

असम विधान सभा चुनाव के मद्देनजर शोणितपुर जिला के तेजपुर विधान सभा क्षेत्र में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय रक्षा मंत्री सिंह ने भाजपानीत सरकार की उपलब्धियों की जहां चर्चा की, वहीं विपक्ष की कांग्रेस की नीतियों की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प है कि हर कीमत पर असम की संस्कृति और पहचान की रक्षा हो। असम के लोगों का सम्मान हो। यहां का विकास हो। इसी संकल्प के साथ आज डबल इंजन की सरकार असम को विकास और समृद्धि के नए युग की ओर आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने हमेशा असम के साथ सौतेला व्यवहार किया है। हमेशा यहां की उपेक्षा की है। यहां के लोगों को कांग्रेस ने दिल्ली से, अपने दिल से और दिमाग से भी दूर रखा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कुशासन के कारण एक ऐसा समय था, जब असम के बारे में बात होती थी तो उग्रवाद की बात होती थी। अशांति की बात होती थी। अस्थिरता की बात होती थी। असम और नॉर्थ-ईस्ट के विकास को नई दिशा और नई ऊर्जा देने का काम सबसे पहले अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। उन्होंने पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिए एक समर्पित मंत्रालय बनाया था। ताकि असम और पूरे पूर्वोत्तर के विकास को विशेष प्राथमिकता दी जा सके। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे पूर्वोत्तर के विकास को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि आज जब पूर्वोत्तर की बात होती है तो विकास की बात होती है। कनेक्टिविटी की बात होती है। 'अष्टलक्ष्मी' की बात होती है। यहाँ के संभावना की बात होती है। प्रगति की बात होती है। समृद्धि की बात होती है। आज, असम नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। यह विकास का केंद्र बन रहा है। असम पूरे पूर्वोत्तर के विकास का इंजन बनकर उभर रहा है। जब असम आगे बढ़ेगा, तो पूरे भारत के विकास को रफ्तार मिलेगी। जब असम विकसित होगा तब ही भारत विकसित होगा।



उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों में भाजपा के शासन में असम की अर्थव्यवस्था लगभग तीन गुना बढ़ गई है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के कार्यकाल में असम देश की सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनकर सामने उभरा है। आज जब सरकार की सही नीति और नियति के साथ असम के लोगों की मेहनत और ऊर्जा मिली है तो असम ने विकास की रफ्तार पकड़ी है। यहां उद्योग बढ़ा है। निवेश बढ़ा है। और तेज़ी से इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि असम ने 2030 तक अपनी अर्थव्यवस्था को लगभग डेढ़ सौ बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मुझे पूरा विश्वास है कि असम इस लक्ष्य को जरूर हासिल करेगा। चिकित्सा हो या शिक्षा, आधारभूत संरचना हो या उद्योग, आज असम हर क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि कर रहा है। यहां नए एम्स और आईआईएम जैसे संस्थान बन रहे हैं। हमारी सरकार ने 2035 तक असम के कई हजार स्कूलों को आधुनिक ल्लड्रीम हबङ्क में विकसित करने का निर्णय लिया है। इससे यहां के बच्चों को और भी बेहतर शिक्षा मिलेगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि यहां पहले 6 मेडिकल कॉलेज थे, अब 14 बन चुके हैं और 10 और बनने हैं। आज असम का स्वास्थ्य बजट 4000 करोड़ रुपये से बढ़कर 9000 करोड़ रुपये हो गया है। हमारी डबल इंजन की सरकार किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए लगातार काम कर रही है। पिछले वर्ष असम के नामरूप में प्रधानमंत्री ने यूरिया प्लांट की भी नींव रख दी है। हमने असम की कनेक्टिविटी बढ़ाने पर भी जोर दिया है। 2009 से 2014 के मुकाबले हमारी सरकार ने असम के रेलवे बजट को 4 गुना से ज्यादा बढ़ा दिया है। आज असम का रेलवे बजट 10,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। पूर्वोत्तर को शिलांग-सिलचर हाई-स्पीड कॉरिडोर भी मिलने वाला है।

# पांडुलिपियों के संरक्षण की उपेक्षा को सुधारी जा रही है : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली/गांधीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पिछली सरकारों ने बहुमूल्य पांडुलिपियों के संरक्षण की उपेक्षा की थी, जिसे अब सुधारा जा रहा है।

श्री मोदी ने भगवान महावीर जयंती के अवसर पर गुजरात के गांधीनगर स्थित कोबा तीर्थ में सम्राट संप्रति संग्रहालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने भगवान महावीर को नमन किया और देशवासियों को जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय जैन दर्शन, भारतीय संस्कृति और प्राचीन धरोहर को संरक्षित करने का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की हजारों वर्षों पुरानी ज्ञान परंपरा को आधुनिक तकनीक के जरिए सुरक्षित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार ने ''ज्ञान भारतम मिशन'' शुरू किया है, जिसके तहत प्राचीन पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण, उच्च गुणवत्ता स्कैनिंग और वैज्ञानिक तरीकों से संरक्षण किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ताड़पत्र और भोजपत्र पर लिखे सैकड़ों वर्ष पुराने दुर्लभ ग्रंथों को कोबा तीर्थ में संजोया गया है, जो न केवल अतीत और वर्तमान को जोड़ते हैं, बल्कि भविष्य के लिए भी उपयोगी हैं। उन्होंने अपने संबोधन में सम्राट संप्रति के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि जहां कुछ शासकों ने हिंसा के जरिए शासन किया, वहीं सम्राट संप्रति ने अहिंसा, सत्य और सेवा का मार्ग अपनाया। उन्होंने कहा कि भारत की यही विरासत आज भी मार्गदर्शन देती है। श्री मोदी ने इस अवसर पर 10 संकल्पों का भी उल्लेख किया, जिनमें जल संरक्षण, ''एक पेड़ मां के नाम'', स्वच्छता, वोकल फॉर लोकल, प्राकृतिक खेती, स्वस्थ जीवनशैली, योग-खेल, गरीबों की सहायता और भारत की विरासत के संरक्षण जैसे विषय शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आज दुनिया अशांति के दौर से गुजर रही है।

# सेमीकंडक्टर प्लांट 14 महीनों में तैयार हुआ, भारत बनेगा वैश्विक हब: अश्विनी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को अहमदाबाद के साणंद जीआईडीसी स्थित केयन्स सेमीकॉन संयंत्र के उद्घाटन अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के हर इंजीनियर का सपना साकार हो रहा है और भारत तेजी से सेमीकंडक्टर क्षेत्र में वैश्विक पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि महज 14 महीनों में फाउंडेशन से लेकर कमर्शियल प्रोडक्शन की शुरुआत होना प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और राज्य सरकार के सतत प्रयासों का परिणाम है। यह उपलब्धि भारत के औद्योगिक विकास और तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वैष्णव ने बताया कि 28 फरवरी को पहले प्लांट का उद्घाटन हुआ था, जबकि 31 मार्च को दूसरे प्लांट का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि जुलाई तक तीसरा प्लांट भी शुरू हो जाएगा। वर्ष 2026 तक चार सेमीकंडक्टर प्लांट तैयार हो जाएंगे और 2027 तक दो और प्लांट शुरू होंगे। इसके अलावा, धोलेरा में भारत की पहली सेमीकंडक्टर फैक्ट्री 2028 तक तैयार होने की उम्मीद है। उन्होंने गुणवत्ता और लागत प्रतिस्पर्धा पर जोर देते हुए कहा कि भारत को वैश्विक स्तर पर टिके रहने के लिए इन दोनों पहलुओं में श्रेष्ठता हासिल करनी होगी। उन्होंने बताया कि देश में करीब 60,000 इंजीनियरों को उन्नत चिप डिजाइन टूल्स जैसे सिपनोपिस और केडेंस पर प्रशिक्षण दिया गया है और 315 विश्वविद्यालयों में यह क्षमता विकसित की जा रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज दुनिया की अग्रणी कंपनियां भारत में 2 नैनोमीटर तक की अत्याधुनिक चिप्स का डिजाइन कर रही हैं। ल्लडिजाइन इन इंडिया और मेक इन इंडिया के तहत पूरा सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम देश में विकसित हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि सेमीकॉन 2.0 के तहत प्रधानमंत्री ने स्पष्ट दिशा दी है कि सेमीकंडक्टर से जुड़े केमिकल्स, गैसेस और मशीनरी का निर्माण भी भारत में ही होना चाहिए, ताकि देश पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बन सके। वैष्णव ने विश्वास जताया कि वर्ष 2032 तक भारत दुनिया के शीर्ष छह सेमीकंडक्टर देशों में शामिल होगा और 2047 तक शीर्ष तीन देशों में अपनी जगह बनाएगा।



# साणंद में केयन्स सेमीकॉन प्लांट का उद्घाटन 'मेक इन इंडिया' को मिली नई ताकत : मोदी

एजेंसी

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को गुजरात के साणंद जीआईडीसी में केयन्स सेमीकॉन के अत्याधुनिक सेमीकंडक्टर प्लांट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह दिन ल्लमेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्डङ्क के विजन को साकार करने वाला ऐतिहासिक क्षण है और भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर हब बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस प्लांट के शुरू होने के साथ ही यहां कमर्शियल प्रोडक्शन भी आरंभ हो गया है, जो भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। केयन्स सेमीकॉन सुविधा का उद्घाटन भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत प्रयासों को और गति देता है तथा एक सशक्त सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम के निर्माण की दिशा में अहम भूमिका निभाएगा। मोदी ने कहा कि भारत अब वैश्विक बाजार में एक भरोसेमंद सेमीकंडक्टर सप्लायर के रूप में उभर रहा है। उन्होंने वर्ष 2021 में शुरू किए गए 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल एक औद्योगिक नीति नहीं, बल्कि भारत के आत्मविश्वास और तकनीकी क्षमता का प्रतीक है। इस मिशन के तहत छह राज्यों में लगभग 1.60 लाख करोड़ रुपये की लागत से 10 बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 28 फरवरी को माइक्रोन टेक्नोलॉजी के प्लांट में उत्पादन शुरू हुआ था और अब 31 मार्च को केयन्स सेमीकॉन प्लांट भी उत्पादन के चरण में प्रवेश कर गया है। उन्होंने इसे संयोग नहीं, बल्कि भारत के तेजी से विकसित हो रहे सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि भारत की अपनी कंपनी केयन्स अब वैश्विक सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन का हिस्सा बन गई है। आने वाले समय में और भी भारतीय कंपनियां वैश्विक सहयोग के माध्यम से इस क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएंगी। इस प्लांट में एडवांस्ड इंटेलिजेंट पावर मॉड्यूल्स (आईपीएमएस) का निर्माण किया जाएगा, जो ऑटोमोबाइल और औद्योगिक क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण कंपोनेंट हैं।



# ऊर्ज़ा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय है सरकार

## राष्ट्रीय पीएनजी अभियान 30 जून तक बढ़ाया गया

एजेंसी

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया के निरंतर बदलते घटनाक्रम के बीच सरकार निर्बाध ऊर्ज़ा आपूर्ति , सुरक्षित समुद्री संचालन, पश्चिम एशिया क्षेत्र में रह रहे भारतीय नागरिकों को जरूरी सहायता पहुंचाने और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में स्थिरता बनाए रखने के लिए सक्रिय रूप से समन्वित कदम उठा रही है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने मंगलवार को पश्चिम एशिया संकट के कारण उपजी स्थिति से निपटने के लिए उठाये जा रहे कदमों की जानकारी देते हुए कहा कि गैस वितरण कंपनियों से पीएनजी कनेक्शनों में तेजी लाने के लिए कहा गया और राष्ट्रीय पीएनजी अभियान 2.0 को 30 जून तक बढ़ाया गया है। मार्च में 3.1 लाख से अधिक कनेक्शनों में गैस आपूर्ति शुरू की गई और 2.7 लाख से अधिक नए कनेक्शन जोड़े जा रहे हैं और गैस आपूर्ति की जा रही है वक्तव्य में कहा गया है कि एक मार्च से प्रतिदिन औसतन 50 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति की गई है। साथ ही 23 मार्च से अब तक प्रवासी श्रमिकों को 5 किलोग्राम एफटीएल के 3 लाख 20 हजार सिलेंडरों की बिक्री की गयी है। अकेले शनिवार को ही 63 हजार सिलेंडर बेचे गये हैं। सरकार ने अफवाहों पर नियंत्रण के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से प्रेस ब्रीफिंग के माध्यम से सही जानकारी प्रसारित करने का आग्रह किया है। वक्तव्य के अनुसार अब तक 959 से अधिक भारतीय नाविकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की गई और पिछले 24 घंटों में 9 की वापसी हुई है। पूरे भारत में बंदरगाह संचालन सामान्य है और किसी भी प्रकार की भीड़भाड़ की सूचना नहीं है। पश्चिम एशिया संकट के शुरू होने के दिन 28 फरवरी से अब तक 5.72 लाख से अधिक यात्री भारत लौट चुके हैं । समूचे पश्चिम एशिया क्षेत्र में भारतीय मिशनों की हेल्पलाइन चौबीसों घंटे कार्यरत हैं। वक्तव्य में कहा गया है कि देश में सभी रिफाइनरी उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। देश में पेट्रोल और डीज़ल का भी पर्याप्त भंडार बना हुआ है। रिफाइनरियों से घरेलू एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है।

सरकार ने कहा है कि कुछ क्षेत्रों में अफवाहों के कारण घबराहट में खरीदारी के उदाहरण देखे गए हैं, जिससे खुदरा आउटलेट पर असामान्य रूप से अधिक बिक्री और भीड़भाड़ हुई है। हालांकि देश के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीज़ल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। सरकार ने दोहराया है कि लोग अफवाहों पर विश्वास न करें। अफवाहों पर नियंत्रण के लिए राज्य सरकारों से भी प्रेस ब्रीफिंग के माध्यम से सही जानकारी प्रसारित करने का अनुरोध किया गया है। उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देते हुए डी-पीएनजी और सीएनजी-परिवहन को 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। ग्रिड से जुड़े औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को उनकी औसत खपत की 80 प्रतिशत आपूर्ति की जा रही है। संचालित यूरिया संयंत्रों को आपूर्ति अब उनके पिछले 6 महीनों की औसत खपत के लगभग 70-75 प्रतिशत पर स्थिर है। आपूर्ति बनाए रखने और पाइपलाइन संचालन संतुलन के लिए अतिरिक्त एलएनजी कार्गो और पुनर्गैसीकृत एलएनजी (आरएलएनजी) भी जुटाए जा रहे हैं। सरकार का कहना है कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के कारण एलपीजी आपूर्ति प्रभावित हुई है लेकिन एलपीजी वितरकों के यहाँ गैस समाप्त होने की कोई सूचना नहीं है। उद्योग स्तर पर ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग 92 प्रतिशत तक बढ़ गई। वितरक स्तर पर गड़बड़ी रोकने के लिए डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड आधारित डिलीवरी फरवरी 2026 के 53 प्रतिशत से बढ़कर कल 83 प्रतिशत हो गई है। एक मार्च से सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों द्वारा प्रतिदिन औसतन 50 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए हैं।

# सर्गेई लावरोव 14-15 मई को भारत के दौरे पर रहेंगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव 14-15 मई को ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए नयी दिल्ली आयेंगे। रूस के उप विदेश मंत्री आंद्रेई रुडेंको ने रूस की समाचार एजेंसी तास को यह जानकारी दी।

भारत की अध्यक्षता में हो रहे इस सम्मेलन से इतर श्री लावरोव विदेश मंत्री एस जयशंकर और अन्य अधिकारियों के साथ भी अलग से बैठकें करेंगे।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने रूस के उप विदेश मंत्री रुडेंको के साथ 30 मार्च को एक वार्ता की थी। इस वार्ता (परामर्श) के दौरान, दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों की पूरी श्रृंखला की समीक्षा की और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

दोनों ने दिसंबर 2025 में नयी दिल्ली में आयोजित 23वें वार्षिक शिखर सम्मेलन के निर्णयों को लागू करने की प्रगति का भी आकलन किया। अपनी यात्रा के दौरान, श्री रुडेंको ने विदेश मंत्री से भी मुलाकात की। परामर्श का पिछला दौर मार्च 2025 में मास्को में हुआ था। एक संबंधित घटनाक्रम में, व्लादिवोस्तोक में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने रूसी विज्ञान अकादमी की सुदूर पूर्वी शाखा के सहयोग से एक नयी भारत-रूस चर्चा श्रृंखला शुरू की। राजदूत (सेवानिवृत्त) मंजीव सिंह पुरी ने 'द आर्क ऑफ पार्टनरशिप' पर मुख्य भाषण दिया, जिसमें आर्कटिक जुड़ाव, कनेक्टिविटी, नागरिकों के आवागमन और एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को कवर करने वाली चर्चाएं शामिल थीं। रूस और भारत के करीबी द्विपक्षीय संबंध मजबूत होते जा रहे हैं। 23 मार्च को 'रूस और भारतः द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक नए एजेंडे की ओर' विषय पर दूसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एक वीडियो संबोधन में श्री लावरोव ने भारत के साथ निरंतर उच्च स्तरीय राजनयिक जुड़ाव पर प्रकाश डाला था।

इस संबोधन में श्री लावरोव ने दिसंबर 2025 में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा के परिणामों का भी उल्लेख किया, जिसमें दोनों पक्षों के बीच नीतिगत जुड़ाव को और मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण नीतिगत दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किये गये थे।

रूसी विदेश मंत्री ने दोनों देशों के मजबूत आर्थिक संबंधों पर जोर देते हुए कहा था कि द्विपक्षीय व्यापार 2025 में लगभग 60 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जिसे 2030 तक 100 अरब डॉलर तक हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में दोनों देशों के बीच 96 प्रतिशत व्यापार राष्ट्रीय मुद्राओं में किया जाता है।भारत ने एक जनवरी को ब्रिक्स की अध्यक्षता ग्रहण की थी।

## पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार नशा तस्करों की तोड़ रही कमर : आप

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी(आप) ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और अकाली दल की सरकार ने ही पंजाब को नशे में डूबोया था लेकिन अब 'आप' की सरकार उन नशा तस्करों की कमर तोड़ रही है। आप की राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज देश में नशा एक बहुत बड़ी समस्या बनती जा रही है। पंजाब में भी अकाली दल और भाजपा ने नशे को फैलाया था और उस पर उड़ता पंजाब फिल्म भी बनी थी।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

उप – मुख्य अभियंता / निर्माण / अयोध्या / उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहर बन्द ई–निविदाएँ दो पैकेट में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के BSB-PBH-LKO खंड पर, Dy CE/C/AY के अधीन, LC संख्या 118/C (954.447), 129/C (970.635), 136/C (979.702) और 140/C (948.670) के स्थान पर RUB का प्रावधान। |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 2418.88 लाख |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 48,37,800.00 |
| 5 | ई निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनाँक 23.04.2026 को 11.30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनाँक 23.04.2026 को समय 11.30 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 02.04.2026 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगें व दिनाँक 09.04.2026 से 23.04.2026 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। |

**संख्या 255–टेण्डर/ उप मुख्य अभियंता / निर्माण -अयोध्या/लखनऊ, दिनाँक 30.03.2026**

1083/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पेज एक का शेष

### होर्मुज पर...

श्री बघाई ने सोमवार को साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, ''जब अमेरिका वार्ता और कूटनीति की बात करता है तो संवेदनशीलता बढ़ना स्वाभाविक है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि स्वयं अमेरिका के भीतर भी इन दावों को कितनी गंभीरता से लिया जाता है।'' उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर भी अमेरिका के कूटनीतिक दावों पर भरोसा सीमित है। श्री बघाई ने कहा कि ईरान का रुख स्पष्ट और स्थिर रहा है, जबकि ''दूसरी तरफ'' दूसरा पक्ष बार-बार अपना रुख बदलता रहा है और विरोधाभासी बयान देता रहा है। उन्होंने कहा कि ईरान तक जो प्रस्ताव पहुंचे हैं, चाहे उन्हें 15 सूत्रीय योजना कहा जाए या किसी अन्य नाम से पुकारा जाये, उनमें ''अत्यधिक, अव्यावहारिक और तर्कहीन'' मांगें शामिल हैं। अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य से कुछ तेल टैंकरों को गुजरने देने को ईरान की गंभीरता का संकेत बताया है, जबकि सूत्रों का कहना है कि ईरान युद्ध से पहले जिन अमेरिकी मांगों को मानने से इनकार कर चुका था, उन्हें स्वीकार करने की संभावना कम है।

### दुबई के पास कुवैती...

कॉर्पोरेशन ने भी सरकारी समाचार एजेंसी 'कुना' के माध्यम से इस हमले की पुष्टि की है और संभावित पर्यावरणीय जोखिमों के प्रति आगाह किया है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल का हवाई अभियान पिछले एक महीने से जारी है, जिसके कारण वैश्विक ऊर्ज़ा संकट गहरा गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर चेतावनी दी है कि यदि वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण 'होर्मुज जलडमरूमध्य' को पूरी तरह से नहीं खोला गया, तो वे ईरान के ऊर्ज़ा ठिकानों को निशाना बनाएंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि कूटनीतिक प्रयासों के बीच क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती बढ़ाई जा रही है ताकि ''अधिकतम विकल्प'' खुले रहें।

### नालंदा के शीतला...

और यह हादसा हो गया। सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। लेकिन घटना के बाद स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों और प्रत्यक्षदर्शियों ने आरोप लगाया है कि शीतला अष्टमी जैसे बड़े पर्व पर अपेक्षित संख्या में पुलिस बल की तैनाती नहीं की गई थी। साथ ही, बैरिकेडिंग और भीड़ नियंत्रण के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने के कारण यह हादसा हुआ। घटना पर दुख जताते हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया के माध्यम से शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत पीड़ादायक है और सरकार पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था का आश्वासन देते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बताया जाता है कि इस मंदिर की देश के साथ-साथ विदेशों में भी मान्यता है। यहां चैत्र कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मुख्य रूप से पूजा की जाती है। इसके साथ ही 10 मार्च से ही शीतला माता का मेला शुरू हुआ था और आज आखिरी दिन था। इस वजह से काफी संख्या में यहां श्रद्धालु पूजा-पाठ करने पहुंचे थे। दरअसल, मघड़ा गांव बिहारशरीफ से लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित है। यहां शीतला अष्टमी के दिन विशेष परंपरा के तहत घरों में चूल्हा नहीं जलाया जाता और एक दिन पहले तैयार किया गया ठंडा भोजन माता को भोग के रूप में अर्पित किया जाता है। इस दिन मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, जिससे भीड़ बढ़ने और हादसे की आशंका बनी रहती है।

### आपराधिक छवि...

बीच बढ़ते तनाव के कारण पेट्रोल, गैस और अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। इसका सबसे ज्यादा असर गरीब और मेहनतकश वर्ग पर पड़ा है, जिससे उनकी परेशानियां और बढ़ गई हैं। उन्होंने आत्मनिर्भरता के मुद्दे पर कहा कि यह केवल नारा नहीं बल्कि इसे वास्तविकता में बदलने की जरूरत है। इसके लिए सरकार को दीर्घकालीन और सर्वसम्मति आधारित नीति बनानी चाहिए, जिसमें सभी दलों को शामिल किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने 14 अप्रैल को भीमराव अम्बेडकर जयंती को पूरे प्रदेश में मिशनरी भावना से मनाने का आह्वान किया और लखनऊ स्थित अम्बेडकर स्मारक पर बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रद्धांजलि देने की अपील की। उन्होंने आरक्षण और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर केंद्र और राज्य सरकारों की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि बहुजन समाज के हितों की रक्षा के लिए मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति जरूरी है।

### 33 नक्सलियों ...

पकड़ा गया। बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। यहां से कुल 14.06 करोड़ रुपये की संपत्ति बरामद की गई है। इस बरामदगी में 2.90 करोड़ रुपये की नकदी और 7.2 किलोग्राम सोना शामिल है। बरामद सोने की कीमत 11.16 करोड़ रुपये बताई गई है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। दंतेवाड़ा जिले में पांच कैडर और आठ एसएलआर हथियार बरामद हुए। सुकमा में दो कैडर के साथ एक एलएमजी और दो एके-47 राइफलें मिलीं। सुकमा से 10 लाख रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं। नारायणपुर जिले में एक कैडर को एक एलएमजी के साथ पकड़ा गया। यह अभियान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करेगा।

# मुख्यमंत्री से 2024 बैच के बिहार कैडर के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने मुलाकात की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से 2024 बैच के बिहार कैडर के 12 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान विरूपाक्ष विक्रम सिंह, प्रिया रानी, कृष्णा जोशी, प्रेम कुमार, सैयद आदिल मोहसिन, अजय यादव, सुरज कुमार, विग्नेश टीए, जतिन कुमार, के परीक्षित, महेश कुमार एवं कशिश बख्शी ने अपनी ट्रेनिंग के दौरान जिले में किए गए कार्यों के संबंध में अनुभव साझा किए। इन 12 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों में 03 महिलायें और 09 पुरूष हैं। इनमें 04 बिहार के, 03 राजस्थान, 02 दिल्ली के, 01 हरियाणा, 01 तमिलनाडु एवं 01 झारखंड के रहनेवाले हैं। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों से बातचीत करते हुए कहा कि आप लोगों ने अपने अनुभव साझा किए, यह सुनकर अच्छा लगा। आपलोग अभी ट्रेनिंग पीरियड में हैं, उसके बाद आपलोगों की पोस्टिंग होगी। सरकार नीति बनाती है और उसे क्रियान्वित करने में आई0ए0एस0 अधिकारियों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। आप सभी संवेदनशीलता, ईमानदारी, अनुशासन एवं पूर्ण मनोयोग से कार्य करते हुये राज्य एवं देश की तरक्की में अपना योगदान दें। आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ बी राजेन्दर, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह एवं मुख्यमंत्री के सचिव डॉ चन्द्रशेखर सिंह उपस्थित थे।

# किशनगंज एसडीपीओ गौतम कुमार के ठिकानों पर ईओयू की छापेमारी, आय से 1.94 करोड़ अधिक संपत्ति का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



किशनगंज। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने मंगलवार को किशनगंज के एसडीपीओ-वन गौतम कुमार के बिहार से लेकर पश्चिम बंगाल तक स्थित कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। यह कार्रवाई किशनगंज के अलावा पूर्णिया, अररिया, पटना और पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में की जा रही है। किशनगंज में ईओयू की टीम मंगलवार सुबह करीब आठ बजे तीन वाहनों से एसडीपीओ गौतम कुमार के आवास और कार्यालय पहुंची। टीम में करीब 12 अधिकारी शामिल हैं, जो दस्तावेजों, संपत्ति से जुड़े कागजात और अन्य महत्वपूर्ण सामानों की जांच कर रहे हैं। छापेमारी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी रखी गई है। आर्थिक अपराध इकाई ने एसडीपीओ गौतम कुमार पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया है। प्रारंभिक जांच में करीब 1 करोड़ 94 लाख रुपये की अवैध संपत्ति का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि जांच टीम संपत्ति से जुड़े बैंक दस्तावेज, जमीन खरीद-बिक्री के कागजात और अन्य वित्तीय लेन-देन की पड़ताल कर रही है।

गौतम कुमार का पुश्तैनी घर सहरसा में है, जबकि पटना में भी उनका मकान है। वहीं पूर्णिया में उनका ससुराल बताया जा रहा है। इन सभी स्थानों पर भी जांच की जा रही है। छापेमारी के दौरान गौतम कुमार फिलहाल किशनगंज में ही मौजूद बताए जा रहे हैं। बताया जाता है कि हाल के दिनों में गौतम कुमार ने किशनगंज जिले में अवैध बालू खनन, लॉटरी माफिया, तस्करी और लूट के कई मामलों में कार्रवाई की थी, जिसमें कई बड़े गिरोहों का भंडाफोड़ किया गया था। दूसरी ओर आर्थिक अपराध इकाई को उनके खिलाफ कथित काली कमाई और आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत मिली थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### 26 साल पुराने वन्यजीव तस्करी मामले में छह दोषी करार, दो साल की जेल

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की लखनऊ स्थित विशेष अदालत ने 26 साल पुराने वन्यजीव तस्करी के एक मामले में छह आरोपियों को दो साल की कैद की सजा सुनाई है। सीबीआई ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी है। इस मामले में आरोपियों पर बाघ और तेंदुए के अंगों को अवैध रूप से अपने पास रखने और उनका व्यापार करने का आरोप था। अदालत ने सभी आरोपियों- मुमताज अहमद, जैबुन निशा, अजीज उल्लाह, वहीद, सरताज और मजीद पर 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। यह मामला जांच के दौरान चलाए गए एक बड़े बरामदगी अभियान से जुड़ा है, जिसमें आरोपियों के घरों से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित वन्यजीव सामग्री जब्त की गई थी। जब्त की गई चीजों में तेंदुए के 18,000 नाखून, तेंदुए की 74 खालें, चार बाघों की खालें और बाघ एवं तेंदुए, दोनों की हड्डियां शामिल थीं। ये चीजें वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की अनुसूची ऋके अंतर्गत आती हैं, जो इन्हें उच्चतम स्तर की सुरक्षा प्रदान करती है और इन्हें अपने पास रखने, इनका व्यापार करने या इनका परिवहन करने पर सख्त रोक लगाती है। सीबीआई ने वर्ष 2000 में यह मामला दर्ज किया था और गहन जांच के बाद 15 जुलाई 2000 को लखनऊ की सक्षम अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था।जांच में वन्यजीवों की प्रतिबंधित सामग्री की संगठित तस्करी और अवैध व्यापार में आरोपियों की संलिप्तता साबित हुई। अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने सभी छह आरोपियों को दोषी पाया और उन्हें वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धारा 49बी (भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी के साथ पठित) और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धारा 51 के तहत दोषी करार दिया।

### सीबीआई ने दो एमसीडी अधिकारियों को गिरफ्तार किया

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के उपायुक्त अभिषेक मिश्रा और लेखा अधिकारी दिव्यांशु गौतम को रिश्वत के एक मामले में गिरफ्तार किया। सीबीआई के अनुसार लेखा अधिकारी दिव्यांशु गौतम ने एक लाइसेंस निरीक्षक से चार लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। पीड़ित ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। सीबीआई ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए योजनाबद्ध ढंग से जाल बिछाया और दोनों अधिकारियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि भ्रष्टाचार के और भी पहलू सामने आ सकते हैं। सीबीआई अधिकारियों ने कहा है कि इस मामले पर विस्तृत जानकारी बाद में दी जायेगी।

### बिहार विधानसभा की 19 समितियों का गठन, विधायक अनंत सिंह और धूमल सिंह को मिली अहम जिम्मेदारी

**पटना।** बिहार विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 19 समितियों का गठन कर दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार की मंजूरी के बाद मंगलवार को समितियों के अध्यक्षों और सदस्यों की सूची जारी की गई। इस गठन में मोकामा से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के विधायक अनंत सिंह और एकमा से विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। मनोरंजन सिंह को पर्यटन उद्योग से संबंधित समिति का अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि अनंत सिंह को पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, हाल ही में संपन्न राज्यसभा चुनाव के दौरान मतदान से अनुपस्थित रहे कांग्रेस के विधायक मनोहर प्रसाद सिंह और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक फैसल रहमान को भी एक-एक समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। इन सभी समितियों का कार्यकाल 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक रहेगा। विधानसभा की नियम समिति के अध्यक्ष स्वयं विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार होंगे। इस समिति में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी को सदस्य बनाया गया है। वहीं, सामान्य प्रयोजन समिति का गठन भी इन्हीं चार प्रमुख नेताओं के साथ किया गया है। इसमें प्रेम कुमार अध्यक्ष होंगे, जबकि दोनों उपमुख्यमंत्री और संसदीय कार्य मंत्री सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे।

### वैट यूनिवर्सिटी ने लावारिस कुत्तों के लिए एंटी-रेबीज और टीकाकरण अभियान चलाया

**लुधियाना।** गुरु अंगद देव वेटनरी एंड एनिमल साइंसेज यूनिवर्सिटी , लुधियाना के वेटनरी क्लिनिकल कॉम्प्लेक्स विभाग ने मंगलवार को 'ए बेटर बार्क' (सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल, सराभा नगर, लुधियाना के छात्रों की एक पहल) के सहयोग से वेटनरी अस्पताल में एक मुफ्त डिवर्मिंग (कृमि मुक्ति) और एंटी-रेबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य लावारिस कुत्तों के स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार करना था और रेबीज नियंत्रण जैसी महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता का समाधान करना था। इस अभियान के तहत बड़ी संख्या में लावारिस कुत्तों को कवर किया गया और पालतू जानवरों के मालिक भी अपने पशुओं को लेकर आए। शिविर में ज़ूनोटिक रोगों (पशुओं से इंसानों में फैलने वाली बीमारियाँ) की रोकथाम और पशु स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए बड़े स्तर पर एंटी-रेबीज टीकाकरण और नियमित डिवर्मिंग को प्रमुख रणनीति के रूप में उल्लेखित किया गया। विश्वविद्यालय परिसर के भीतर विभिन्न स्थानों पर भी टीकाकरण अभियान चलाया गया।

### समाज में विभाजन पैदा करने की ऐसी कोशिशें कभी सफल नहीं होंगी : जाखड़

**चंडीगढ़।** पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा ) के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने मंगलवार को होशियारपुर जिले में बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर की प्रतिमा के साथ की गई तोड़फोड़ की कड़े शब्दों में निंदा की है। श्री जाखड़ ने कहा, '' भारतीय जनता पार्टी होशियारपुर जिले में बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर की प्रतिमा के साथ की गई तोड़फोड़ की कड़े शब्दों में निंदा करती है। यह पंजाब सरकार की प्रभावी शासन व्यवस्था की कमी को दर्शाता है, क्योंकि इस प्रकार की घटनाएं पूरे राज्य में हो रही हैं।

### चंडीगढ़ प्रशासन में पंजाब के दो पीसीएस अधिकारी तैनात होंगे

**चंडीगढ़।** केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ अगले महीने अपने प्रशासन में पंजाब सिविल सेवा पीसीएस के दो अधिकारियों की नियुक्ति करेगा। इनमें रोपड़ में एडीसी (अर्बन डेवलपमेंट) के पद पर कार्यरत अविकेश गुप्ता और बलवीर राज सिंह शामिल हैं। दोनों अधिकारी 2014 बैच से संबंधित हैं और प्रशासनिक अनुभव रखते हैं। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक ने दोनों अधिकारियों के नामों को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही पंजाब सरकार को पत्र लिखकर इन्हें जल्द रिलीव करने के निर्देश दिये गये हैं, ताकि वे समय पर अपनी नयी जिम्मेदारियां संभाल सकें।

# रोड रेज व हुड़दंग पर सख्त मुख्य सचिव, पीक ऑवर-नाइट पेट्रोलिंग बढ़ाने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने शहर में बढ़ती रोड रेज और हुड़दंग की घटनाओं पर कड़ी नाराजगी जताते हुए पुलिस और प्रशासन को कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए हैं।

मंगलवार को सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि देहरादून और आसपास के क्षेत्रों में पीक ऑवर के दौरान और रात में पुलिस गश्त को प्रभावी ढंग से बढ़ाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को समय रहते नियंत्रित किया जा सके। मुख्य सचिव ने सप्ताहांत के दौरान शहर में बढ़ती भीड़ और पार्टी कल्चर को देखते हुए सख्ती बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि देहरादून को किसी भी स्थिति में हुड़दंगियों का अड्डा नहीं बनने दिया जाएगा और ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बार और रेस्टोरेंट के निर्धारित क्लोजिंग टाइम को सख्ती से लागू कराने पर जोर देते हुए कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले संचालकों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने हुड़दंगियों की पहचान हो सके, इसके लिए किरायेदारों और पीजी में रहने वालों का भी सघन सत्यापन अभियान चलाया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि दिल्ली-देहरादून हाईवे के खुलने के बाद सप्ताहांत में बाहरी लोगों की आवाजाही बढ़ेगी, जिससे कानून-व्यवस्था की चुनौतियां भी बढ़ सकती हैं। ऐसे में पुलिस और प्रशासन को अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए अभी से व्यापक तैयारियां सुनिश्चित करनी होंगी। बैठक में वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे समन्वय के साथ कार्य करते हुए शहर में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखें। इस अवसर पर डीजीपी दीपम सेठ, सचिव गृह शैलेश बगौली, आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पाण्डेय, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, एसएसपी देहरादून प्रमेंद्र सिंह डोभाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाई भगवान महावीर जयंती, निकली भव्य शोभायात्रा

भागलपुर। भागलपुर में जैन समाज द्वारा मंगलवार को भगवान महावीर जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर शहर में एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें जैन समुदाय के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा की शुरुआत स्टेशन चौक स्थित जैन मंदिर से हुई। इसके बाद यह यात्रा स्टेशन चौक, दवाई पट्टी, कोतवाली चौक, महादेव टॉकीज, खलीफाबाग चौक, सुजागंज बाजार और वेरायटी चौक से होते हुए पुनः स्टेशन चौक स्थित मंदिर प्रांगण पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर के जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा में भगवान महावीर की आकर्षक झांकी, बैंड-बाजे और धार्मिक ध्वजों के साथ लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया और पुष्प वर्षा कर उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने भगवान महावीर के बताए अहिंसा, सत्य और करुणा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

# चारधाम यात्रा से पहले मनसा देवी और चंडी देवी मंदिर में सघन चेकिंग

■ बीडीएस व डॉग स्क्वायड की टीमों ने खंगाला परिसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। आगामी चारधाम यात्रा को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस ने प्रमुख धार्मिक स्थलों पर सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। मंगलवार को बीडीएस (बम निरोधक दस्ता) और डॉग स्क्वायड की टीमों ने मां मनसा देवी मंदिर और मां चंडी देवी मंदिर परिसर में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। एसएसपी नवनीत सिंह द्वारा क्राइम मीटिंग के दौरान आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत जनपद में सघन चेकिंग के निर्देश दिए गए थे। उन्हीं निर्देशों के क्रम में जनपद पुलिस के साथ बीडीएस और डॉग स्क्वायड की टीमें भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगातार अभियान चला रही हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को टीमों ने मनसा देवी और चंडी देवी मंदिर क्षेत्र में पहुंचकर परिसर, आने-जाने वाले मार्गों और आसपास के इलाकों में गहन तलाशी ली। इस दौरान प्रशिक्षित स्वानों और आधुनिक उपकरणों की मदद से संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु और वाहनों की बारीकी से जांच की गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार चारधाम यात्रा के दौरान हरिद्वार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। ऐसे में किसी भी संभावित खतरे को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है, ताकि यात्रियों और श्रद्धालुओं को सुरक्षित माहौल मिल सके। पुलिस ने बताया कि आने वाले दिनों में भी जनपद के प्रमुख मंदिरों, रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में इसी तरह सघन चेकिंग अभियान जारी रहेगा।

# एक अप्रैल से पूरे बिहार में चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार सरकार ने राज्यभर में अतिक्रमण के खिलाफ व्यापक और संगठित कार्रवाई का फैसला लिया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल ने सभी जिलाधिकारियों, अपर समाहर्त्ताओं, भूमि सुधार उप समाहर्त्ताओं, अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए 1 अप्रैल 2026 से अतिक्रमण हटाने का विशेष अभियान चलाने का आदेश दिया है। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राज्य में शहरी सौंदर्यीकरण और सुव्यवस्थित विकास के लिए अतिक्रमण हटाना अत्यंत आवश्यक है। सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कर ही हम बेहतर यातायात, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को सुनिश्चित कर सकते हैं। हालांकि, हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। गरीब एवं असहाय लोगों के जीवनयापन को ध्यान में रखते हुए स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि उनका अतिक्रमण तभी हटाया जाए, जब उनके लिए रोजगार के वैकल्पिक साधन या पुनर्वास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कर दी जाए। प्रधान सचिव ने निर्देश देते हुए कहा है कि बिहार लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम, 1956 की धारा 6(1) के तहत विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यह भी उल्लेख किया गया है कि माननीय पटना उच्च न्यायालय द्वारा कई मामलों में अतिक्रमण हटाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, जिनका अनुपालन अनिवार्य है। राज्य सरकार ने भारत-नेपाल सीमा से सटे सात जिलों के नो मैन्स लैंड में अतिक्रमण के मामलों को अत्यंत गंभीर बताया है।

# किशनगंज में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता 7213 से अधिक सिलेंडर स्टॉक : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

किशनगंज। जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर जिला प्रशासन ने स्थिति पूरी तरह सामान्य होने की जानकारी दी है। मंगलवार को जिलाधिकारी विशाल राज ने बताया कि किशनगंज जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है। डीएम ने बताया कि वर्तमान में जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर का स्टॉक 7213 से अधिक है। गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी की व्यवस्था भी पूर्व की तरह सुचारू रूप से चालू है, जिससे उपभोक्ताओं को एजेंसी जाने की आवश्यकता नहीं होगी। लाभुक घर से ही बुकिंग कर सकते हैं और उन्हें दो से तीन दिनों के भीतर सिलेंडर उपलब्ध करा दिया जाएगा। प्रशासन के अनुसार शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए 25 दिनों के बाद तथा ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए 45 दिनों के बाद पुनः बुकिंग की समय-सीमा निर्धारित की गई है। कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए धावा दल द्वारा नियमित छापेमारी भी की जा रही है। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है, जो प्रतिदिन दो पालियों में सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक संचालित हो रहा है। कंट्रोल रूम का दूरभाष संख्या 06456-225152 जारी किया गया है। जिला प्रशासन के अनुसार एलपीजी गैस से संबंधित मंगलवार को कुल एक शिकायत प्राप्त हुई, जिसका समय पर निष्पादन कर दिया गया। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर किसी प्रकार की चिंता न करें तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।

# श्री गुरु गोरखनाथ अटल अखाड़ा में तीन संत बने महामण्डलेश्वर, कनखल में हुआ पट्टाभिषेक

कैनविज टाइम्स संवादददाता



हरिद्वार। श्री गुरु गोरखनाथ अटल अखाड़ा द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में तीन संतों को अखाड़े के महामण्डलेश्वर पद पर अभिषिक्त किया गया। कार्यक्रम कनखल क्षेत्र में आयोजित हुआ, जहां डॉ. हर्षिता, कौशिका और संदीप शास्त्री को विधिवत पट्टाभिषेक कर महामण्डलेश्वर की उपाधि प्रदान की गई।

समारोह स्वामी ओम सांईमानाथ महाराज और संजीवन नाथ महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक विधि-विधान के साथ तीनों संतों को अखाड़े की परंपरा के अनुसार महामण्डलेश्वर पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर संजीवन नाथ महाराज ने नवअभिषिक्त महामण्डलेश्वरों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे श्री गुरु गोरखनाथ महाराज की शिक्षाओं और परंपराओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें व सनातन धर्म की ध्वजा को विश्वभर में ऊंचा रखें। उन्होंने कहा कि संत समाज का दायित्व है कि वह हर परिस्थिति में धर्म के मार्ग का अनुसरण करते हुए समाज को सही दिशा प्रदान करे। स्वामी ओम सांईमानाथ महाराज ने भी तीनों महामण्डलेश्वरों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और धर्म व समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महामण्डलेश्वर अरूणनाथ महाराज (कानपुर), छोटूनाथ महाराज (जयपुर) सहित अनेक संत-महात्मा, श्रद्धालु और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लेकर नवअभिषिक्त संतों को शुभकामनाएं दीं।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063